ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
17 मई, 2024
वैशाख, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
आजाद सिपाही
रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 206










## इडी ने पीएमएलए कोर्ट में किया दावा

# आलमगीर हर टेंडर में लेते थे 1.5 % कमीशन

### संजीव लाल और जहांगीर के यहां बरामद पैसे भी मंत्री के, 10 दिन की मांगी रिमांड, 6 दिन की मिली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने मंत्री आलमगीर आलम को गुरुवार को पीएमएलए के विशेष कोर्ट में पेश किया। इडी ने कोर्ट में दावा किया कि मंत्री हर टेंडर में 1.5 फीसदी कमीशन लेते थे। इडी ने कोर्ट से 10 दिन की रिमांड की मांग की। कोर्ट ने आलमगीर को छह दिन के लिए रिमांड पर दिया। अब इडी के अधिकारी टेंडर घोटाला मामले में आलमगीर से पूछताछ कर सकेंगे। सूत्रों की मानें तो उन्हें संजीव लाल के साथ आमने-सामने कर के भी पूछताछ होगी। साथ-साथ उनके बयानों की भी पुष्टि होगी।

गौरतलब है कि इडी ने 6 मई को आलमगीर के निजी सचिव संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर आलम के यहां छापा मारा था। इस दौरान 32.20 करोड़ रुपये बदामद हुए थे। संजीव लाल और जहांगीर को इडी रिमांड कर लेकर पूछताछ कर रही है। सूत्रों के मुताबिक दोनों ने इडी अधिकारियों को बताया कि बरामद पैसे मंत्री के हैं और आलमगीर हर टेंडर में 1.5 फीसदी कमीशन लेते थे। इडी ने आलमगीर आलम से लगातर दो दिन पूछताछ की थी। पूछताछ के दूसरे दिन यानी बुधवार की शाम को आलमगीर आलम को इडी ने गिरफ्तार कर लिया और गुरुवार को रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में पेश किया गया।

**वीरेंद्र राम की गिरफ्तारी से खुला मामला:** सूत्रों के मुताबिक इडी ने यह भी कहा है कि पिछले साल ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र कुमार राम को गिरफ्तार किया था। इडी ने कहा कि वीरेंद्र निविदा के आवंटन और कार्य के निष्पादन के संदर्भ में कमीशन लेता था और 1.5 प्रतिशत का निश्चित हिस्सा मंत्री आलमगीर आलम को पहुंचाता था। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया अनिल कुमार ने बताया कि हमने 10 दिन की इडी रिमांड मांगी थी। अदालत ने उन्हें छह दिन की रिमांड पर भेज दिया है। कुमार ने बताया कि पूरी नकदी (जो उनके पीएस संजीव लाल के घरेलू नौकर से बरामद की गयी थी) मंत्री की है।

(संबंधित खबर पेज-2 पर)



#### जांच एजेंसी ने कोर्ट में किया दावा

इडी ने कोर्ट को बताया कि जांच में यह पता चला है कि 32.2 करोड़ रुपये की नकदी, जो जहांगीर के फ्लैट से जब्त की गयी थी, वह आलमगीर आलम की ही थी। इडी ने मंत्री की रिमांड की मांग करते हुए अदालत से कहा कि यह मामला आलमगीर आलम से संबंधित है। यह राशि संजीव कुमार लाल के निर्देश पर जहांगीर आलम ने एकत्र की थी, जो आलमगीर आलम की ओर से ऐसा कर रहे थे। इडी ने यह भी दावा किया कि ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव कुमार लाल के पास रखे गये लेटर हेड और कई आधिकारिक दस्तावेजों से पता चलता है कि संजीव लाल इस जगह का इस्तेमाल आलमगीर आलम से संबंधित दस्तावेज, रिकॉर्ड, नकदी और अन्य सामान रखने के लिए कर रहे थे।

#### रिमांड की खबर सुनते ही रो पड़े आलमगीर आलम

रांची (आजाद सिपाही)। आलमगीर की ओर से अदालत से हेल्थ ग्राउंड पर सहयोग की अपील की गयी थी, जिसमें उन्होंने कोर्ट से कहा कि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता है। ऑक्सीजन लेवल कम हो जाता है। इस पर अदालत ने उन्हें राहत देते हुए कहा कि आलमगीर को हेल्थ से संबंधित तमाम सुविधाएं दी जाये। हालांकि उनको रिमांड से छूट नहीं मिली। अदालत द्वारा छह दिन की रिमांड की बात सुन कर आलमगीर आलम रो पड़े।

## लैंड जिहाद का सबसे बड़ा केंद्र झारखंड: अरुण सिंह

झारखंड में भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण चरम पर है

आलमगीर आलम अगर इस्तीफा नहीं देते, तो उन्हें बर्खास्त किया जाये



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के चार चरण संपन्न हो चुके हैं। इसमें प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। अब हम 400 के आंकड़े की ओर बढ़ रहे हैं। इन चार फेज में आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा और अन्य राज्यों में एनडीए गठबंधन को एकतरफा सीटों का लाभ हो रहा है। इंडी गठबंधन के लोगों में हताशा और निराशा व्याप्त है। उन्होंने कहा कि लैंड माफिया, सैंड माफिया, स्टोन माफिया, लीकर माफिया झारखंड सरकार को चला रहे हैं। झारखंड लैंड जिहाद का सबसे बड़ा केंद्र है झारखंड बन गया है। राज्य में भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण चरम पर है। अरुण सिंह गुरुवार को रांची में भाजपा प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। प्रेस कांफ्रेंस में राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और प्रवक्ता अविनेश कुमार भी थे।

**आलमगीर से इस्तीफा लें मुख्यमंत्री:** भजापा महामंत्री ने कहा कि झारखंड में इंडी गठबंधन की सरकार है। यहां भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण चरम पर है। मंत्री आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया गया है। पूरे देशवासियों ने देखा कि 35 करोड़ रुपये उनके सहयोगी और नौकर के पास से मिले हैं, तो कल्पना करनी चाहिए कि कितने 100 करोड़ और उनके पास होंगे। उसके बाद भी अभी तक आलमगीर आलम ने इस्तीफा नहीं दिया है। मुख्यमंत्री से निवेदन है कि तुरंत उनसे इस्तीफा लें। जांच को और तेज कर झारखंड की गरीब जनता से लूटे गये पैसे उजागर होने चाहिए। उन्होंने कहा कि ये वही आलमगीर आलम हैं, जिन्होंने कोविड के समय लॉकडाउन में तब्लीगी जमात के लोगों को जमा करके कोविड के नियमों को तोड़ते हुए अलग-अलग स्थान और बंगाल भेजने का काम किया था। नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ायी थीं। बहुचर्चित नाम है, लेकिन तुष्टीकरण के कारण इनसे अभी तक इस्तीफा नहीं लिया गया है। जो कठोर कार्रवाई राज्य सरकार को करनी चाहिए, वह अभी तक नहीं हुई है।

**गठबंधन सरकार झारखंड को लूटती है:** अरुण सिंह ने कहा कि लैंड माफिया, सैंड माफिया, स्टोन माफिया, लीकर माफिया झारखंड सरकार को चला रहे हैं। सरकार अनाप-शनाप पैसा इनसे ले रही है। इसी का नतीजा है कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अभी जेल में हैं। मंत्री जेल में हैं। दो-दो आइएएस अधिकारी भी जेल में हैं। यह पहला ऐसा राज्य है, जहां इतने अधिकारी भ्रष्टाचार के केस में जेल के अंदर हैं। जब भी इंडी गठबंधन की सरकार बनती है, झारखंड को सदैव लूटने का काम करती है।

(प्रधानमंत्री ने एक दिन भी छुट्टी नहीं ली: अरुण सिंह- पेज-3 पर)

#### झारखंड में तुष्टीकरण का खेल चल रहा है

भाजपा महामंत्री ने कहा कि भाजपा और एनडीए की सरकार आने पर झारखंड को संवारने का काम करती है। जेएमएम, कांग्रेस, राजद गठबंधन की सरकार हमेशा लूटने का काम करती है। इसलिए झारखंड पीछे जा चुका है। झारखंड में तुष्टीकरण का खेल चल रहा है। संताल परगना मैं लैंड जिहाद चल रहा है। बांग्लादेशी आते हैं। आदिवासी लड़कियों से शादी करते हैं। शादी करने के बाद जमीन हड़पते हैं। जमीन हड़पने के बाद लड़की को बोटी-बोटी काट देते हैं, लेकिन सरकार उन पर कार्रवाई नहीं करत, क्योंकि तुष्टीकरण के मार्ग पर सरकार चल रही है। लैंड जिहाद का सबसे बड़ा उदाहरण देश में झारखंड में देखने को मिल रहा है।

## आलमगीर ने विस में अवैध नियुक्तियां की थीं: बाबूलाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने विक्रमादित्य आयोग की रिपोर्ट पर कार्रवाई नहीं करने का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को कहा कि राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने विधानसभा में सैकड़ों कर्मियों को अवैध रूप से नियुक्त किया। गरीब युवाओं के हक की नौकरी नेताओं की पैरवी पर बांटी गयी। पैसे के लेनदेन की सीडी सामने आयी है। बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि मामला प्रकाश में आने पर विक्रमादित्य आयोग का गठन कर जांच की गयी, जिसमें आलमगीर आलम पर लगे आरोप प्रमाणित भी हुए। इसके बाद जो हुआ, वह युवाओं को जानना और समझना बेहद जरूरी है। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार के कामकाज पर सवाल उठाते हुए लिखा है कि मुख्यमंत्री बनने के बाद युवा विरोधी हेमंत सोरेन ने विक्रमादित्य आयोग की रिपोर्ट पर कार्रवाई करने की बजाय उसकी समीक्षा के लिए एक और आयोग का गठन कर दिया। बाबूलाल ने लिखा है कि दरअसल, कांग्रेस झामुमो वाले नहीं चाहते कि नियुक्ति घोटाला की सच्चाई सामने आये और झारखंड के युवाओं को न्याय मिले। बाबूलाल ने आगे लिखा कि राजशाही खानदान में पैदा हुए और ऐशो आराम में पले-बढ़े हेमंत सोरेन ने युवाओं का इस्तेमाल सिर्फ सत्ता हासिल करने के लिए किया। अब युवाओं के पास मौका है। इन भ्रष्टाचारियों को सत्ता से बेदखल कर अपने साथ हुए विश्वासघात का बदला जरूर लें। बता दें कि इडी ने मंत्री आलमगीर आलम को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। उन पर हर टेंडर पर डेढ़ प्रतिशत कमीशन वसूलने का आरोप है।

## यह चुनाव देश और संविधान बचाने के लिए है: चंपाई सोरेन

मुख्यमंत्री ने गांडेय में भाजपा पर साधा निशाना

कल्पना के समर्थन में इंडी गठबंधन ने गांडेय में झोंकी ताकत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** गांडेय विधानसभा उपचुनाव में कल्पना सोरेन की जीत के लिए खुद सीएम चंपाई सोरेन समेत इंडी गठबंधन ने पूरी ताकत झोंक दी है। गुरुवार को दूसरी बार सीएम चंपाई सोरेन के साथ मंत्री बन्ना गुप्ता, मिथिलेश ठाकुर, विधायक इरफान अंसारी के साथ झामुमो राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद और सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू समेत कई दिग्गज नेता गांडेय के जोधपुर गांव पहुंचे। यहां इंडी गठबंधन की जनसभा हुई। इस दौरान सीएम चंपाई सोरेन से लेकर मंत्री और विधायक ने मोदी सरकार और भाजपा पर निशाना साधा। सीएम चंपाई सोरेन ने मोदी सरकार पर हमलावर होते हुए जुमलों की सरकार बतायी। कहा कि चुनाव देश और संविधान बचाने वाला है,।

सभा में कल्पना सोरेन ने मोदी सरकार पर एक बार फिर हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल भिजवाने का आरोप लगाया। कहा कि हेमंत सरकार की योजना की गाड़ी चल पड़ी थी और जन-जन तक उसका लाभ मिल रहा था, लेकिन मोदी सरकार ने साजिश के साथ जेल भेज दिया। इस दौरान जनसभा में हजारों की संख्या में समर्थकों की भीड़ जुटी थी। समर्थक बार-बार नारा लगा रहे थे।

## रांची में अमित शाह का रोड शो आज

रांची (आजाद सिपाही)। केंद्र गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार शाम को झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। वह रांची में शुक्रवार को रोड शो करेंगे। भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार रोड शो चुटिया में शाम 5 बजे से शुरू होगा। रोड शो चुटिया के इंदिरा गांधी चौक से सरस्वती शिशु मंदिर तक होगा। इस दौरान अमित शाह रांची से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में वोट करने की अपील करेंगे।मिली जानकारी के अनुसार रोड शो करने के बाद अमित शाह लौट जायेंगे। इधर 19 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड पहुंचेंगे। वह जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के घाटशिला में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।






# झारखंड के चुनाव मैदान में 'मोदी' ही सबसे बड़ा मुद्दा

## ■ पहले चरण की वोटिंग के बाद संसदीय क्षेत्रों में लोगों से मिले संकेत

## ■ 20 मई को तीन सीटों के चुनाव में भी इसी मुद्दे पर वोटिंग के आसार

## ■ मोदी के प्रति दीवानगी ने झारखंड की राजनीति को नयी दिशा दी है

**आजाद सिपाही विशेष**

**देश की कुल 543 लोकसभा सीटों में से 380 सीटों के लिए मतदान हो चुका है। इन चार चरणों की वोटिंग के बाद हर कोई हवा का रुख भांपने को कोशिश कर रहा है। विश्लेषक अपना विश्लेषण कर रहे हैं। राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने दावे कर रही हैं और हवा का रुख अपनी ओर बताने का प्रयास कर रही हैं। ठीक यही हाल झारखंड का भी है। झारखंड में पहले चरण का चुनाव हो गया है। खूंटी, लोहरदगा, सिंहभूम और पलामू के प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला इवीएम में कैद हो चुका है। इन लोकसभा सीटों पर मतदान होते ही विश्लेषकों, राजनीति के जानकारों और खासकर मौसमी टिप्पणीकर्ताओं ने मत प्रतिशत के आधार पर अपने-अपने तर्क देने शुरू कर दिये हैं। टिप्पणी वे भी कर रहे हैं, जिन्होंने एक भी दिन उन क्षेत्रों में कदम तक नहीं रखा। खैर, किसी ने मत प्रतिशत को आधार बनाया, तो कुछ हवा में ही तीर चला रहे हैं और कोई उड़ता तीर भी लेने का काम कर रहा है। लेकिन सच्चाई तो 4 जून को पता चलेगी। लेकिन जो जमीनी हकीकत है, वह जमीन पर जाकर ही पता चलती है। वैसे वोटर का क्या मूड रहता है, यह भांपना आसान नहीं होता, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। आज के ग्रामीण बहुत जागरूक हैं और शहरी वोटरों की तुलना में ज्यादा वोट करते हैं। उनके पास मुद्दों की कोई कमी नहीं रहती। वे आसानी से किसी के प्रभाव में भी नहीं आते। पहले का जमाना कुछ और था। आज सोशल मीडिया का जमाना है और गांव-गांव में लोगों के पास स्मार्ट फोन है, जिससे वे किसी भी राजनीतिक पार्टी के बहकावे में आसानी से नहीं आ सकते। झारखंड में आजाद सिपाही की टीम ने कई लोकसभा क्षेत्रों का दौरा किया। गांव के गांव और वहां के लोगों से बातचीत की। इस बार का चुनाव टक्कर वाला रहेगा, यह समझ में आ गया था। कहीं तो भाजपा को वॉकओवर मिलने जैसा प्रतीत हुआ, तो कहीं नेक टू नेक फाइट का अंदेशा हुआ। झारखंड में जो पहले चरण का चुनाव हुआ, वह कांटे का मुकाबला था। कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। लेकिन यहां एक और बात गौर करनेवाली है। यह चुनाव मोदी और एंटी मोदी के बीच लड़ा जा रहा है। लेकिन जिस प्रकार से पीएम मोदी की सभाओं में भीड़ ने हाजिरी दी है, उससे तो यही कहा जा सकता है कि जनता पीएम मोदी को निराश नहीं करेगी, क्योंकि वह महज भीड़ नहीं थी, पीएम मोदी के लिए जुनून था। जमीनी सच्चाई की भी बात की जाये, तो जिस प्रकार से केंद्र की योजनाओं से ग्रामीणों और जरूरतमंदों को लाभ मिला है, उसे जनता स्वीकार भी रही है। कहीं भी यह नहीं पाया कि जनता ने केंद्र की योजनाओं को सिरे से नकारा हो। चाहे वह मुफ्त राशन हो या फिर आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज। प्रत्याशियों के लिए नाराजगी जरूर दिखी, चाहे वह भाजपा का हो या फिर इंडी गठबंधन का। यह स्वाभाविक भी है। जनता अपने हिसाब से चलती है। उन्हें प्रत्याशियों के बारे में ज्यादा समझ है। विकास के अलावा जाति आधारित डिमांड भी इस चुनाव में फैक्टर रहा। खासकर खूंटी में त्वरित टिपण्णी वाले इसी का हवाला देकर प्रत्याशियों को जीता-हरा रहे हैं। क्या है झारखंड में पहले चरण का चुनाव होने के बाद का हाल, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

देश में चार चरणों का चुनाव संपन्न हो गया है। 4 जून को सभी लोकसभा सीटों का परिणाम आ जायेगा। एक तरफ जहां भाजपा दावा कर रही है कि इन चार चरणों की 380 लोकसभा सीटों पर उसने 270 सीटों पर अपना परचम लहरा दिया है। अमित शाह ने दावा किया कि एनडीए ने संसद में बहुमत हासिल करने के लिए पहले ही आवश्यक संख्या हासिल कर ली है। वह केंद्र में फिर से सरकार बनाने जा रहा है। 400 पार वाला नारा भी अमित शाह बुलंद कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के चार चरण पूरा होने के बाद विपक्षी इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस, यानी इंडी गठबंधन मजबूत स्थिति में है और 4 जून के बाद सरकार बनायेगा। अगर राजनीति का गुणा-भाग करने वाले, यानी टेक्निकल एडवाइजरों, सर्वेयरों की बात करें, तो वे फिलहाल अपना पत्ता खोलने से बच रहे हैं, लेकिन इशारों-इशारों में उन्होंने इन चरणों में भाजपा को लीड दे दी है। वहीं कुछ इंडी गठबंधन के नजदीकियों का कहना है कि इन चार चरणों के चुनाव के बाद मोदी टेंशन में हैं। उनका मानना है कि देश ने मूड बना लिया है कि वह इस बार परिवर्तन लाकर रहेगा। लेकिन इस दलील का क्या आधार है, उसका जिक्र नहीं कर रहे।

### इंडी को सिर्फ मोदी से लड़ना है और मोदी को विपक्ष के साथ देश विरोधी ताकतों से भी

इंडी गठबंधन चुनाव सिर्फ और सिर्फ मोदी को टारगेट करके लड़ रहा है। उसके पास मोदी के अलावा कोई मुद्दा नहीं है। कहीं-कहीं राहुल गांधी अपनी बातों को रख रहे हैं कि वह गरीबी रेखा से नीचे की महिलाओं को साल में एक लाख रुपये देंगे। वह करोड़ों लखपति बनायेंगे, लेकिन क्या रोडमैप रहेगा, उसका जिक्र नहीं कर रहे। यह पैसा कैसे आयेगा, किन योजनाओ की बलि देने के बाद आयेगा, इसका जिक्र नहीं करते। वहीं मोदी की बात की जाये, तो उनके सामने समूचा विपक्ष खड़ा है। सिर्फ विपक्ष ही नहीं खड़ा है, देश विरोधी ताकतें भी मुंह बाये खड़ी हैं। ऐसे कई देश हैं, जो नहीं चाहते कि भारत में मोदी सरकार फिर से आये। वे नहीं चाहते कि उनका पावर किसी भी तरीके से विदेशी मंच पर कम हो। बाहर से ये देश मीठी-मीठी बातें जरूर करते हैं, लेकिन वे कभी नहीं चाहेंगे कि भारत उनका मुकाबला करे। उनके नजदीक भी आ पाये। मोदी राज में भारत विश्व पटल पर बहुत मजबूत हुआ है। वह अब देश-दुनिया की अगुवाई भी कर रहा है। जी 20 इसका प्रमुख उदाहरण है। मोदी के एक इशारे से रूस और यूक्रेन में सीजफायर हो जाता है। यह दुनिया ने देखा। लेकिन ये चीजें बहुत देशों को फूटी आंख नहीं सुहा रही हैं। तो मोदी को इन ताकतों से भी लड़ना है, जो भारत में गड़बड़ी फैलाना चाहती हैं। ये देश कभी नहीं चाहेंगे कि भारत सुपर पावर की श्रेणी में आये।



### झारखंड में पहले चरण के चुनाव के बाद हवा का रुख साफ

देश के चौथे और झारखंड में पहले चरण का चुनाव संपन्न हो गया है। झारखंड में 13 मई को चार लोकसभा सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में करीब 66.01 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे अधिक मतदान खूंटी लोकसभा क्षेत्र में हुआ। खूंटी में 69.93 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, सबसे कम 61.27 फीसदी मतदान पलामू लोकसभा क्षेत्र में हुआ। सिंहभूम में 69.32 फीसदी और लोहरदगा में 66.45 प्रतिशत मतदान हुआ। पिछले लोकसभा चुनाव में इन चारों सीटों पर लगभग 67.24 फीसदी मत पड़े थे, जबकि इस वर्ष 66.01% मत पड़े। पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में पलामू में 64.34 प्रतिशत मत पड़े थे, वहीं खूंटी में 69.25 प्रतिशत पड़े थे, सिंहभूम में 69.26 फीसदी मत पड़े थे और लोहरदगा में 66.30 प्रतिशत मत पड़े थे। इस चुनाव में महिलाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। उनका भी मत प्रतिशत पुरुषों के मुकाबले बराबर ही रहा। लेकिन मत प्रतिशत आने के बाद मानों विश्लेषकों की बाढ़ सी आ गयी। सोशल मीडिया पर सब अपनी-अपनी राय देने लगे। सोशल मीडिया पर समीकरण तैरने लगे। कौन प्रत्याशी हारा और जीता, यह भी तय हो गया। कौन सी जाति ने वोट नहीं दिया, उसका क्या परिणाम होगा, यह भी तय हो गया। भले उस जाति के हर दूसरे व्यक्ति को पता नहीं कि उसी की जाति वाले ने किसको वोट दिया है।

खैर बात अगर मुद्दों की करें, तो झारखंड में विपक्ष के पास सिर्फ एक ही मुद्दा था, मोदी हटाओ और भाजपा या एनडीए के प्रत्याशियों के पास एक ही मुद्दा था, फिर से मोदी लाओ। लेकिन ग्राउंड रिपोर्ट के आधार पर कहा जा सकता है कि लोगों के जो मुद्दे थे, वे सरकारी योजनाओ के लाभ को लेकर थे। विकास के पैमाने को लेकर थे। राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर थे। मोदी को लेकर थे। प्रत्याशी बाद में आते थे। सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को मोदी पसंद थे। वे खुल कर उनके द्वारा हासिल लाभ के बारे में चर्चा करते हैं। कई ग्रामीण दुष्प्रचार के शिकार भी दिखे। कई ग्रामीणों में यह मैसेज फैलाया गया कि अगर मोदी सरकार आयेगी, तो संविधान बदल दिया जायेगा, जमीन छीन ली जायेगी, सीएनटी एसपीटी एक्ट हटा लिया जायेगा।

लेकिन ग्रामीण बहुत चालाक हैं। उन्हें पहले से ही पता है कि किसे वोट देना है, किसे नहीं। प्रत्याशियों के प्रति नाराजगी एक बात है और राष्ट्रीय मुद्दों और मिल रहे लाभ को लेकर जागरूकता एक बात है।

### मोदी के प्रति दीवानगी दिख रही है झारखंड में

जिस प्रकार से झारखंड में पीएम मोदी की सभाओं में भीड़ आ रही है, उससे तो यही लगता है कि जनता में मोदी को लेकर एक अलग सी दीवानगी है। चाहे वह चाइबासा का टाटा ग्राउंड हो, जहां प्रचंड गर्मी के बावजूद समूचा चाइबासा और आसपास के इलाके के लोग मोदी की एक झलक पाने और सुनने को कई किलोमीटर पैदल चल कर आये। क्या बुजुर्ग, क्या जवान, क्या महिलाएं, और क्या बच्चे, सभी में मोदी को लेकर एक अलग ही उत्सुकता थी। अलग सा क्रेज था। गाड़ियां इतनी कि सिर्फ जाम से निकलने में घंटों लग गये। वही हाल पलामू का भी था। चियांकी हवाई अड्डे पर सुबह-सुबह जिस संख्या में लोग पहुंचे थे, वह अपने आप में एक कहानी है। कहानी इसलिए कि वहां से कई किलोमीटर पहले ही प्रशासन ने गाड़ियों की इंट्री बंद कर दी थी। लोग पैदल चल कर गरमी में तीन से चार किलोमीटर दूर चियांकी हवाई अड्डा पहुंचे थे। बात गुमला जिले के सिसई की की जाये, तो वहां पर ग्रामीण सात-सात किलोमीटर पैदल चल कर खेत की पगडंडियों के सहारे सभास्थल पहुंचे थे। मोदी की सभा शुरू और खत्म होने के बाद भी ग्रामीणों के आने का सिलसिला जारी था। चतरा के सिमरिया की बात की जाये, तो जितने लोग सभा में थे, उससे चार गुना ज्यादा भीड़ बाहर मौजूद थी। बारिश आने के बाद भी भीड़ में कोई बिखराव नहीं हुआ। वहीं अगर गिरिडीह के बिरनी की बात करें, तो यहां तो भीड़ डेढ़ लाख से कम नहीं थी। करीब 15 हजार से ऊपर गाड़ियां रही होंगी। ग्रामीणों का तो मानो सैलाब ही आ रहा था। गांव का गांव खेतों के रास्ते, पुल के ऊपर और नीचे हर तरफ से भीड़ बह रही थी। इन ग्रामीणों में मोदी के लिए जो दीवानगी दिखी, उसे नाकारा कैसे जा सकता है। मोदी की एक आवाज पर इतना शोर कि कान भी बहरे हो जायें, एक झलक के लिए दौड़-दौड़ कर बैरियर लांघ-लांघ कर लोग उन्हें देखना चाह रहे थे। इतनी भीड़, दीवानगी शायद ही किसी नेता के लिए देखी हो। इस बार खूंटी की बात करें, तो नक्सल प्रभावित इलाकों में बंपर वोटिंग हुई है। चाइबासा और खूंटी में महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर वोट दिया है। वोटिंग परसेंटेज के आधार पर कहा जाये, तो बहुत ज्यादा परिवर्तन नहीं दिखता। पिछली बार 2019 में खूंटी में 69.25 प्रतिशत मतदान हुआ था। उस बार अर्जुन मुंडा महज 1445 मतों के अंतर से जीते थे। इस बार खूंटी में मतदान 69.93 प्रतिशत है। अंतर बहुत कम का है। फाइट टाइट है, लेकिन यह भी सच है कि इस बार सिमडेगा में भाजपा की स्थिति पिछली बार की तुलना में कुछ सुधरी है। इससे किसी भी प्रत्याशी को निराश होने की जरूरत नहीं है। वही हाल लगभग सभी लोकसभा सीटों का है। झारखंड में पहले चरण के चुनावी प्रतिशत को देखते हुए 2019 के मुकाबले परिवर्तन नजर नहीं आता। फिर भी 4 जून को पता चल ही जायेगा कि परिणाम क्या है।

---

# हार्डवेयर की दुकान शुरू करने से लेकर पत्थर और कोयला के व्यवसाय तक, ऐसा है आलमगीर आलम का आर्थिक साम्राज्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम इन दिनों इडी की गिरफ्त में हैं। गौरतलब है कि साहिबगंज के बरहरवा प्रखंड में जन्मे आलमगीर आलम को उनके पिता की ओर से हिस्से के तौर पर 55 बीघा जमीन मिली थी। इनमें से पांच पांच बीघा जमीन बेच कर बरहरवा पहाड़ी बाबा चौक मस्जिद के समीप एक घर में एलाइड ट्रेडर्स नाम से हार्डवेयर की दुकान खोली। उक्त दुकान में पंपिंग सेट मशीन, जेनरेटर के अलावा स्पेयर्स पाट्र्स का व्यवसाय शुरू किया। हार्डवेयर की दुकान से शुरू आलमगीर आलम का आर्थिक साम्राज्य प्रत्थर और कोयला व्यवसाय तक जा पहुंचा।



### पश्चिम बंगाल में है आलमगीर की राइस मिल

साल 2014 में आलमगीर आलम ने पश्चिम बंगाल में अपनी एक बेटी की शादी की। बेटी की शादी के बाद आलमगीर आलम ने अपने समधी के खलीलुर्रहमान के साथ धुलियान में एक नर्सिंग होम में पैसा लगाया। वहीं खबर तो यह भी है कि आलमगीर आलम ने बरहरवा के मुगल पाड़ा के पास के एक पोट्रोल पंप में भी पैसा लगाया था। पश्चिम बंगाल के वर्दमान में राइस मिल भी है। इनकी पूंजी पत्थर कारोबार में भी लगी हुई है। पत्थर व्यापारी आलम ब्रदर्स के महताब आलम के साथ भी इनका कारोबार संयुक्त रूप से चलता है। इसके अलावा पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा स्थित कोल माइंस से भी रोजाना 10 से 15 ट्रक कोयले की सप्लाई करते हैं।

## 1978 में सरपंच बने थे आलमगीर आलम विधानसभा अध्यक्ष से मंत्रिपद तक

**रांची (आजाद सिपाही)।** आलमगीर आलम का जन्म बरहरवा प्रखंड के इस्लामपुर गांव के जमींदार परिवार में हुआ था। आलमगीर पांच भाइयों में से दूसरे नंबर पर हैं।

### 1978 में पहली बार सरपंच का चुनाव लड़ा

आलमगीर ने शुरू में पंपिंग सेट मशीन, जेनरेटर के अलावा स्पेयर्स पाट्र्स का व्यवसाय शुरू किया। बताया जाता है कि सालों दुकान चलाने के बाद 1978 में आलमगीर आलम ने सरपंच का चुनाव लड़ा और जीत गये।

1995 में कांग्रेस में आये। कांग्रेस ने टिकट भी दिया, लेकिन पहला चुनाव हार गये। इसके बाद 2000 में चुनाव जीते और राजनीति में सफर आगे बढ़ा। मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष जैसे पद तक पहुंचे।

### कौन हैं आलमगीर आलम?

**आलमगीर आलम के पिता का नाम स्वर्गीय सनाउल हक, माता का नाम अमीना खातून है। वहीं उनकी पत्नी का नाम निशात आलम है। उनके दो बच्चे हैं। उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि कृषि रही है। उनकी शैक्षणिक योग्यता की अगर बात करें तो वे बीएससी पास है। साल 2000, 2005, 2014 और 2019 में वह विधायक निर्वाचित हुए।**

---

## जैक की इंप्रूवमेंट परीक्षा जून में और रिजल्ट जुलाई में

**रांची (आजाद सिपाही)।** जैक की इंप्रूवमेंट परीक्षा जून में होगी। इसकी तैयारी में कौंसिल जुटा है। अब छात्रों को इस परीक्षा के लिए साल भर इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जो विद्यार्थी अंक से संतुष्ट नहीं हैं, वे इंप्रूवमेंट परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। इससे पहले तक मैट्रिक-इंटर के विद्यार्थियों को इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए एक साल इंतजार करना होता था। इसमें वही विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं, जो मैट्रिक-इंटर की वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण हों। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए विषय की बाध्यता नहीं है। विद्यार्थी चाहें तो सभी विषयों या फिर जिस विषय के अंक से संतुष्ट नहीं हैं, उसकी परीक्षा दे सकते हैं। इसका रिजल्ट जुलाई में जारी होने की उम्मीद है। परीक्षा में शामिल होने के लिए इंटर के विद्यार्थी 17 से 31 मई तक और मैट्रिक के विद्यार्थी 21 से 31 मई तक बिना विलंब शुल्क के आवेदन जमा कर सकते हैं। विलंब शुल्क के साथ आवेदन एक से 6 जून तक जमा होंगे।

---

## जामताड़ा के मिहिजाम में 16 लाख रुपये बरामद

### वाहन चेकिंग के दौरान कार से मिली रकम

आजाद सिपाही संवाददाता

**जामताड़ा।** जामताड़ा की मिहिजाम पुलिस ने एक कार से 16 लाख कैश बरामद किया है। यह कार पश्चिम बंगाल की तरफ से आ रही थी। पैसा मिलने की सूचना आयकर विभाग को भी दे दी गयी है। गाड़ी चालक ने पैसे को लेकर किसी तरह का कागज नहीं दिखाया है। इनकम टैक्स विभाग इस बात की जांच करेगा कि यह पैसा कहां से लाया जा रहा था और इसका स्त्रोत क्या है।

**पुलिस को देख कर हड़बड़ा गया चालक :** बताया जा रहा है कि पुलिस को सामने देख कर कार चालक हड़बड़ा गया और कार की गति बढ़ा दी, लेकिन पुलिस ने कार को रुकवा ही लिया। पुलिस ने शक के आधार पर कार की तलाशी ली, तो बैग में रुपये रखे हुए मिले। पुलिस ने धनराशि के बारे में कार सवार से पूछताछ की, तो वह कुछ साफ जवाब नहीं दे पाया। फिलहाल कैश को कब्जे में ले लिया गया है। कार चालक और गाड़ी को साथ लेकर पुलिस चौकी पहुंच गयी। जांच के दौरान बैग में 500, 200, 100 के नोट मिले हैं।

**चालक कोई कागज नहीं दिखा पाया :** मिहिजाम थाना के प्रभारी राजीव रंजन ने बताया कि चुनाव को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग के दौरान पश्चिम बंगाल से आ रही है कार की चेकिंग की गयी, जिसमें से 15 लाख 99 हजार रुपया नगद बरामद किया गया। चालक पैसे को लेकर कोई सबूत नहीं दिखा पाया है। इसलिए इनकम टैक्स विभाग को सूचना दी गयी है और आगे की कार्रवाई की जायेगी। दुमका लोकसभा चुनाव 1 जून को होना है, जिसे लेकर प्रशासन द्वारा पश्चिम बंगाल से सटे सीमावर्ती क्षेत्र में चेक नाका लगाया गया है। वाहन चेकिंग अभियान भी जोर से चलाया जा रहा है। इसी दौरान यह पैसा मिला।

## मप्र के मुख्यमंत्री पहुंचे बरही, सभा में उमड़ी भीड़

# कांग्रेस समर्थित सरकार लूट में लगी है : डॉ मोहन

**रामभक्त ही राज्य करेगा दिल्ली के सिंहासन पर : मनोज यादव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरही।** बरही के पंचमाधव आश्रम फुटबॉल मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विपक्ष पर निशाना साधा। कहा कि झारखंड की जनता ने बड़े अरमानों से अपना एक-एक मत देकर जिसकी सरकार बनायी, आज उसके मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सलाखों के पीछे हैं। इतना ही नहीं, जब राज्य का मुखिया और उसके मंत्री भ्रष्ट होंगे, तो राज्य का विकास कैसे संभव है। झारखंड राज्य खनिज संपदाओं से भरा पड़ा है, लेकिन राज्य के सिंहासन पर बैठे भ्रष्ट लोग लूटने में लगे हैं। राज्य में पिछड़ापन आज भी बरकरार है। युवा बेरोजगार हैं, पलायन बरकरार है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने नारा दिया था कि ना खाऊंगा और ना खाने दूंगा। आज इसी का नतीजा है कि मुख्यमंत्री और मंत्री जेल जा रहे हैं। 2019 में सरकार बनाने का मकसद खनिज संपदाओं को लूटने का था। अयोध्या में जब रामलला को स्थापित किया गया, तब कांग्रेस पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की, इसमें कहा कि उन्हें पता नहीं कि भगवान श्रीराम का जन्म कहां हुआ था, अब उन्हें यह भी पता नही है कि जब भगवान राम का जन्म कहां हुआ था, तो ऐसे लोगों को अपना मत देने का क्या औचित्य है।



### देश ने 56 इंच के सीने वाले को पीएम बनाया | ना खायेगा ना खाने देगा: डॉ मोहन

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पिपचो मां गंगा पब्लिक स्कूल मैदान में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गुरुवार को कहा कि देश ने 56 इंच के सीने वाले को प्रधानमंत्री बनाया है, ना खायेगा ना खाने देगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता परसाबाद मंडल अध्यक्ष विजय कुमार राणा और संचालन जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने किया। सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक अमित कुमार यादव, डॉ नीरा यादव सहित ने सीएम को स्वागत किया। डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश विकास के पथ पर अग्रसर हो चुका है। राम मंदिर दिया है, अब कृष्ण मंदिर की बारी है। कहा कि तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन की सरकार ने झारखंड में नौकरियों तक को बेच दिया। यदि भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश में बनती है और अन्नपूर्णा देवी कोडरमा लोकसभा से चुनाव जीत कर दिल्ली पहुंचती हैं, तो प्रत्येक जिले में रोजगार के अवसर खोले जायेंगे। सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारा है। वहीं विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि यह है मोदी की गारंटी, आपके एक वोट से भ्रष्टाचार पर हुआ करारा प्रहार। इस बार आपके वोट से जनता को लूटने वाला हर भ्रष्टाचारी पहुंच जायेगा सलाखों के पीछे। कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ के मंत्री गोमती सोय, डॉ नीरा यादव, बटेश्वर मेहता, रमेश सिंह, सुरेंद्र मोदी, केदारनाथ यादव, कुमकुम देवी, नितेश चंद्रवंशी, सुरेश यादव, जयप्रकाश राम, रामदेव मोदी, कविता देवी सहित अन्य मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वायनाड से चुनाव हारने की खबर सुनते ही वह दूसरे लोकसभा से चुनाव लड़ रहे हैं। देश की आजादी से पहले अंग्रेजों ने लूटा और अब जहां-जहां कांग्रेस समर्थित सरकार है, वहां लूटने का काम चल रहा है। राज्यसभा सांसद खीरु महतो ने प्रत्याशी मनीष जयसवाल के समर्थन में वोट की अपील की। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 400 पार करने की जरूरत है। पूर्व विधायक मनोज यादव ने मोदी के मन की बात को भारत के लोग सुनते हैं, लेकिन मोदी ने हजारीबाग लोकसभा की आवाज को सुनते हुए जनजन के नेता मनीष जयसवाल को टिकट देने का काम किया है।

**इनकी रही मौजूदगी :** जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, लोकसभा प्रभारी शशिभूषण भगत, टुन्नू गोप, शिवलाल महतो, अभय सिंह, अमरदीप यादव, उमेश मेहता, किशुन यादव, गणेश यादव, सुनील साव, अमित साव, मोतीलाल चौधरी, बंधन यादव, रिंकी विश्वकर्मा, डोमन पांडेय, पप्पू चंद्रवंशी, जीतेंद्र गिरी मौजूद थे।

**सभा के पहले मोटरसाइकिल रैली निकली : जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के परसाबाद भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विजय यादव के नेतृत्व में सैकड़ों के संख्या में मोटरसाइकिल रैली के साथ नगर भ्रमण करते हुए भाजपा जिंदाबाद, अबकी बार 400 पार का नारे लगाते हुए चुनावी सभा में शामिल हुए।

## पाकुड़ में बूथस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

# भाजपा के रहते कोई भी आरक्षण खत्म नहीं कर सकता : बाबूलाल

**गलत ढंग से कमाया हुआ पैसा मिलेगा, उसको जेल जाना ही पड़ेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राजमहल लोकसभा के पाकुड़ जिले में बूथस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के रहते कोई भी आदिवासी, दलित और ओबीसी के आरक्षण को खत्म नहीं कर सकता है। इंडी गठबंधन वाले दुष्प्रचार कर रहे हैं। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने भ्रष्ट मंत्री, अफसर और नेताओं पर कार्रवाई की है। वे जेल में बंद हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में बंद है। लोग कहते हैं कि उन्हें फंसा दिया गया है, पर वे अपनी करनी से जेल में है। उन्होंने राजमहल के पहाड़ों को अवैध रूप से खनन कर पत्थरों को बिहार और बंग्लादेश को बेच दिया। पैसे अपनी तिजोरी में भर लिये। बालू को यूपी और बिहार ले जाते रहे पर यहां के लोगों को बालू नहीं मिलता है। झारखंड के लोगों को प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए बालू नहीं मिलता है। लोगों को परेशानी हो रही है।

उन्होंने कहा कि हेमंत अमरापाड़ा, लिट्टीपाड़ा में रात में कोयला की चोरी कराते थे। फर्जी कागज बनाकर जमीन को बेचने और बेचवाने का काम किया। पकुड़िया में 800 से 900 बीघा जमीन अपने भाई और बाकी लोगों के नाम से कराये हैं। ऐसे में झारखंड के लोग क्या करेंगे।



उन्होंने कहा कि आइएएस पूजा सिंघल के घर से 20 करोड रुपये मिले। वह भी जेल में है। अभी-अभी इस क्षेत्र से विधायक और सरकार में दूसरे नंबर के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के नौकर के घर में 35 करोड रुपये मिले। ये आप सबों से लूटा हुआ पैसा है। ठेकेदारी में कमीशन से लिया हुआ पैसा है। वेतन डेढ़ लाख रुपये मिलता है। वैसे में इतना पैसा कहां से आया। वेतन के हिसाब से 10 साल में या जीवन भर में भी इतना पैसा जमा नहीं होगा। यह पैसा राज्य की गरीब जनता का है। जिसके पास भी गलत ढंग से कमाया हुआ पैसा मिलेगा, उसको जेल जाना ही पड़ेगा।

श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड सरकार को पत्र लिखकर हार गये कि गड़बड़ी हो रही है। अफसर भ्रष्टाचार कर रहा है। इसे ठीक करें, लेकिन राज्य सरकार कुछ करती नहीं है। राज्य सरकार खुद जांच करती, भ्रष्टाचारियों और बिचौलियों को पकड़ती, भ्रष्ट अफसरों को जेल में डालती, तो यह गड़बड़ी नहीं होती।

**UNIVERSITY COLLEGE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY (UCET)**
**VINOBA BHAVE UNIVERSITY**
Hazaribag-825319 (Jharkhand)
Approved by UGC & AICTE
BACHELORS IN ARTIFICIAL INTELLIGENCE & MACHINE LEARNING Department of CSE, UCET
Ph.No.: 06546-261929 (0) | Fax: 06546-261929 | E-mail: vbuucet@gmail.com | Website: www.ucetvbu.ac.in

**ADMISSION NOTICE**

Bachelor in AI & ML PROGRAMME (Session: 2024-27)
Admission open for three-year Full-Time Programme in Bachelor in AI&ML course.

Intake: 60 seats only.
Note-Admission will be held by Entrance Test

Admission form will be available at office of AI&ML, UCET-VBU in offline mode from 15% May-2024 to 29 June 2024 Admission process will be held from: 14 July 2024 to 6 August 2024.
Application form may be obtained from department of AI&ML UCET-VBU by paying 1000/-(RS. One thousand Only) through Challan Available in Department) between 11:00 AM to 3:30 PM The duly filled in application form must be submitted in the department on or before 29 June 2024. For more information visit University website: www.vbu.ac.in/www.ucetvbu.ac.in.

For any enquiry, Contact No. 6206363923/9162523117/9430182008

Memo No:VBU/UCET/A1/ML-029/2023
Dated: 16/05/2024

By order of the Vice-Chancellor
Sd/
Registrar

# झारखंड सरकार ने आदिवासियों को सिर्फ छला है : रामविचार नेताम

**छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में संभाली चुनाव प्रचार की कमान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार और जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगे। कहा कि झारखंड खनिज संसाधनों और वन संपदा से संपन्न राज्य होने के बाद भी उसे परिवारवाद ने विकास के मानक में पीछे छोड़ दिया। राज्य में भोलेभाले आदिवासियों को झारखंड मुक्ति मोर्चा और उसके गठबंधन सरकार ने सिर्फ ठगने और गुमराह करने का काम किया है। उनके विकास के लिए एक भी योजना शुरू नहीं की गयी। यहां



आदिवासियों के नाम पर भ्रष्टाचार जरूर हुआ है। मंत्री और उनके सहयोगी कमीशन के खेल में व्यस्त हैं। आदिवासी बहुल राज्य में भी आदिवासी समाज विकास की मुख्यधारा से अलग हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री जेल में बंद हैं। मंत्री आलमगीर आलम भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार कर लिये गये हैं। इससे पता चलता है कि प्रदेश में भ्रष्टाचार की जड़ें कितनी गहरी हैं। छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री ने कहा कि जांच एजेंसियां स्वतंत्र हैं, वह हर भ्रष्टाचारी का यही आलम करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड से सटे छत्तीसगढ़ में भाजपा की डबल इंजन की सरकार आदिवासियों, गरीब, किसान और पिछड़े वर्ग के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही हैं। वहीं झारखंड में उनके हक का पैसा पिता-पुत्र और मंत्री-सहयोगियों के कमीशन में खर्च हो रहा है। चुनाव में झारखंड की जनता भ्रष्ट सरकार का बोरिया बिस्तर हमेशा के लिए बांधने का काम करेगी।

# प्रधानमंत्री ने एक दिन भी छुट्टी नहीं ली: अरुण सिंह

## नरेंद्र मोदी पर 23 वर्षों में एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि चुनाव में राहुल गांधी और उनके नेता अलग-अलग जगह पर जाकर प्रचार कर रहे हैं। अनर्गल आरोप भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री मोदी पर लगा रहे हैं। जब यूपीए की सरकार थी, तब 12 लाख करोड़ रुपये का घोटाला हुआ था। 23 वर्ष से राज्य और देश का नेतृत्व प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के रूप में भी इन 23 वर्षों में उन पर एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा। ठगबंधन के लोग जब समय मिलता है, संसद सत्र में भी कभी थाइलैंड चले जाते हैं, कभी इंग्लैंड चले जाते हैं, लेकिन 23 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी ने एक दिन भी छुट्टी नहीं ली। और तो और त्योहार भी सेना के जवानों के साथ जाकर मानते हैं। यह दोनों में अंतर है। वह गुरुवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे।



अरुण सिंह ने कहा कि एक तरफ राहुल गांधी और इंडी गठबंधन के नेता चांदी के चम्मच लेकर जन्म लिये हैं, दूसरी तरफ एनडीए का नेतृत्व कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाय बेचने वाले के घर में जन्म लेकर इस स्थान पर पहुंचे हैं, वह गरीबों की पीड़ा जानते हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ इंडी गठबंधन ने सदैव राम मंदिर का विरोध किया। कोर्ट में खड़े होकर कहा कि जज साहब इतनी जल्दी क्या है। जजमेंट नहीं दें और 500 साल पुराने राम मंदिर को केस को उलझाते रहे, लटकाते रहे, भटकाते रहे। रोड़ा अटकात रहे। दूसरी तरफ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ। राम मंदिर जाकर भूमि पूजन किया। वहां जाकर प्राण प्रतिष्ठा की। मंदिर का लोकार्पण हुआ। वहां करोड़ों हिंदू जाकर भगवान राम की पूजा कर रहे हैं। दर्शन कर रहे हैं। याचना कर रहे हैं। भव्य राम मंदिर वहां बन गया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोगों ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का बायकॉट किया। अब पवित्र करने की बात कर रहे हैं। इंडी गठबंधन के एक नेता ने कहा कि सरकार में आने के बाद राम मंदिर को पवित्र करेंगे। सनातन रूप से जहां भगवान श्री राम रहते हैं, वह स्थल पवित्र ही होता है। उसे पवित्र कैसे करेंगे इनकी मति खराब हो गयी है।

इंडी गठबंधन के लोगों ने छह दशक से अधिक देश पर राज किया। कश्मीर से धारा 370 को कभी भी हटाने की बात नहीं की। इसकी वजह से देश के कानून वहां लागू नहीं होते थे। देशवासियों को डराते थे कि धारा 370 नहीं हटनी चाहिए, नहीं तो वहां खून खराबा हो जायेगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में धारा 370 को उठा कर फेंक दिया गया। अब पूरी तरीके से जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बन गया। अब वहां देश के सारे नियम कानून लागू होते हैं। आरक्षण का कानून भी वहां लागू हुआ। भारतीय जनता पार्टी की संकल्पना है कि पीओके भी भारत का ही अभिन्न अंग है। उसको भी हमें लेना है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने घोषणा की है कि सरकार आने के बाद यूसीसी को लागू करेंगे। वन नेशन-वन इलेक्शन की ओर भी बढ़ेंगे। सीएए को पूरे देश में लागू करेंगे। गरीबों के लिए 3 करोड़ और मकान बनेगा। पीएम सौर घर योजना के माध्यम से आने वाले दिनों में गरीबों के घरों में बिजली मुफ्त होगी। ऊपर सोलर सिस्टम लगेगा। उनकी बचत होगी। बिजली एक्स्ट्रा होने पर उसको बेच सकेंगे। उनकी आमदनी भी बढ़ेगी। यह प्रधानमंत्री का संकल्प है। इससे गरीबों को बहुत बड़ा लाभ होने वाला है। देश की 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का संकल्प प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुआ है। सेल्फ हेल्प ग्रुप में काफी महिलाएं काम करती हैं। 10 करोड़ सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं को अलग-अलग काम करने का अवसर प्रदान कर उनकी आमदनी में बढ़ोतरी करने का संकल्प है। भारत आज निरंतर प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। यूपीए के समय 11वें स्थान पर देश की अर्थव्यवस्था थी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पांचवीं अर्थव्यवस्था बनी है। अब तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ रहे हैं। झारखंड की सभी 14 सीट एनडीए गठबंधन जीतने जा रही है

उन्होंने कहा कि आलमगीर आलम अगर इस्तीफा नहीं देते हैं तो उन्हें तुरंत बर्खास्त किया जाये। उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। जांच का दायरा बढ़ाया जाना चाहिए। 38 करोड़ रुपये एक छोटा सा नमूना है। सैकड़ों करोड़ों रुपये यहां नंबर दो के कमीशन के झारखंड में रखे हुए हैं। उनको भी पकड़ने का काम करना चाहिए। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह भी मौजूद थे।

**107 वाँ स्थापना दिवस: 17 मई, 2024**

भारत सरकार
**केन्द्रीय मनशिचकित्सा संस्थान**
कांके, राँची,–834006, झारखण्ड, भारत
दूरभाष: 0651–2450822, 2451115, 2450448, फैक्स: 0651–2450823, 2450408
सत्यमेव जयते
CIP RANCHI

**24 घंटे आकस्मिक सेवा उपलब्ध**

**सी.आई.पी. में उपलब्ध सेवाओं/सुविधाओं का विवरण**
**निदेशक, सी.आई.पी. द्वारा जनहित में जारी**

**बाह्यरोगी सुविधाएं / सेवाएं**
- प्रतिदिन निःशुल्क बाह्यरोगी सेवाएं
- निरीक्षण / ऑकस्मिक सेवा वार्ड
- अलग व्यस्क एवं बाल बाह्य रोग विभाग
- साइकोसोशल विभाग
- कैन्टीन एवं जनउपयोगी सेवाएं
- ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन (ओ.आर.एस.)
- **टेली परामर्श व्हाट्सअप संख्या** : 9334915057 कृपया व्हाट्सअप पर डॉक्टर के पर्चे की फोटो भेजें (कृपया वेबसाइट पर अधिक विवरण देखें)
- **टेली–मनोचिकित्सा संख्या** : 9334915052
- **दूरभाष संख्या** (सामान्य सूचना): 0651–2451115, 0651–2451116, 0651–2451119
- विडियो परामर्श: अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट देखें।
- **टेली–मानस सेवा:** निःशुल्क 24X7 मानसिक स्वास्थ्य परामर्श / काउंसलिंग। टोल फ्री नंबर : 14416 या 1800–89–14416

**विशेष क्लीनिक**
- सोमवार: मूड एवं न्यूरोलॉजी
- मंगलवार: निद्रा रोग
- बुधवार: क्रॉनिक सिजोफ्रीनिया, सेक्स, चर्मरोग, धूम्रपान निरोधक, नशाविमुक्ति, मैटाबॉलिक रोग
- गुरूवार: मिरगी एवं मूवमेंट डिसऑर्डर
- शुक्रवार: वृद्धावस्था संबंधित रोग
- शनिवार: सिरदर्द रोग, धूम्रपान निरोधक, नशाविमुक्ति, मेटाबॉलिक रोग
- प्रतिदिन: बाल मनोचिकित्सा, ओ.सी.डी. एवं व्यक्तित्व विकास

**अंतर्वासीय रोगीयों के लिए सुविधाएं**
- सभी बेड शुल्क के साथ
- उच्च वर्ग के लिए विशेष वार्ड
- महिलाओं के लिए अलग वार्ड
- परिवार के लिए कॉटेज की सुविधा

**बाल एवं किशोरावस्था संबंधित मानसिक रोग**
- मरीज परिजनों के साथ भरती किए जाते हैं।

**नशाविमुक्ति केन्द्र व विभाग**
- डीटोक्सीफिकेशन एवं पुर्नवास
- शराब व नशाविमुक्ति के लिए उच्चतकनीकी इकाई

**व्यावसायिक चिकित्सा विभाग**
- पुनर्वास / शेल्टर्ड कार्यशाला
- पुनर्निवेशन मनश्चिकित्सा
- शारीरिक पुर्नवास
- टोकन इकॉनोमी

**सामुदायिक पहुँच कार्यक्रम**
- वैस्ट बोकारो बोकारो (घाटो)
- हजारीबाग
- चन्दनक्यारी, बोकारो
- विद्यालय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

**सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम**
- राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक अखबारों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी विवरण
- कार्यशालाओं का आयोजन
- सी.आई.पी. वेबसाइट पर मानसिक बिमारियों संबंधित लेख

**स्नातकोत्तर शिक्षण**
- एम.डी. (मनोचिकित्सा) एवं डी.पी.एम.
- पी.एच.डी. एवं एम.फिल. (नैदानिक मनोविज्ञान)
- एम.फिल. (साईक्याट्रीक सोशल वर्क)
- साईक्याट्रीक नर्सिंग में डिप्लोमा

**पैथोलॉजी एवं बॉयोकेमिस्ट्री विभाग**
- हीमेटोलॉजी व बायोकेमिस्ट्री ऑटो एनालाइजर
- एच.पी.एल.सी. एवं थिन लेअर क्रोमैटोग्राफी
- मल्टीफन्कशनल एलिजा रीडर एवं आइन–स्पेस्फिक ऐसे सिस्टम
- बेक्टेक यूनिक
- केमी ल्यूमिसेंस ऐसे
- –80 डिग्री फ्रीजर

**कार्डियोफिजियोलॉजी विभाग**
- कम्प्यूटीकृत ई.सी.जी.
- ट्रेडमिल टेस्ट

**सेन्टर फॉर कोग्निटिव न्यूरोसाइंसेज**
- नैदानिक एवं विडियो ई.ई.जी. (32–64 चैनल) एवं ई.सी.जी.
- कम्प्यूटीकृत उच्च वर्गीय ई.ई.जी (64–, 128–, 192–, 256–चैनल)
- कोगनेटिव इवेंट रिलेटेड / इवोक्ड पोटेंशियल (40–, 128–चैनल)
- देश की सबसे विकसित ट्रांसक्रेनियल मैग्नेटिक और डाइरेक्ट करंट स्टिमुलेशन लैब
- निद्रा प्रयोगशाला
- टी.एम.एस. – ई.ई.जी. सुविधा
- क्वाड्री पल्स स्टीमूलेशन

**सेन्टर फॉर न्यूरोईमेजिंग एवं रेडियोलॉजिकल साइंसेज**
- नैदानिक एक्सरे एवं अल्ट्रासाउंड
- क्रेनियल एवं कलर डॉप्लर
- मल्टीस्लाइस सी.टी. स्कैन (पूरे शरीर का)
- 3टी एफ.एम.आर.आई.
- एम.आर.आई. ब्रेन (रु. 2000 / – लगभग) एवं एम.आर.आई. होल बॉडी स्क्रीनिंग (रु. 3000 / – लगभग)

**उच्च तकनीकी कम्प्यूटर विभाग**
- सम्पूर्ण संस्थान का कम्प्यूटरीकरण एवं वाई–फाई की सुविधा
- वेबसाइट
- 100 Mbps एन.के.एन. 10 Mbps बी.एस.एन.एल. एवं रेलटेल लीज लाइन
- कलर फोटोकापीयर एवं प्रिंटर, स्लाइड मेकर, डिजिटल फोटोग्राफी
- उच्च तकनीकी, डूअल प्रोसेसर, 64 बिट, 24 GHz, ऑपट्रान सर्वर

**पुस्तकालय**
- मेडिकल लाईब्रेरी एवं मरीजों के लिए वाचनालय एवं पुस्तकालय
- रेप्रोग्राफी एवं माइक्रोफिल्मिंग
- आनलाईन लिट्रेचर सर्च / RFID आधारित तकनीक
- स्वचालित पुस्तक सर्कुलेशन सिस्टम

**बाहर के मरीजों के लिए भी सरकारी दर पर जाँच की सुविधा उपलब्ध है।**

क्या आप किसी मनोवैज्ञानिक समस्या से ग्रस्त हैं ?
यदि हाँ, तो मदद के लिए कृप्या सी.आई.पी. हेल्पलाइन पर संपर्क करें।
TOLL-FREE NO. 1800-345-1849 (24X7), सी.आई.पी. हेल्पलाईन नं. : 0651-2451116 (24X7)
ई–मेल : director@cipranchi.nic.in, वेबसाईट : www.cipranchi.nic.in

## सड़क दुघर्टना में दो की मौत, एक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के मदनगुंडी के पास गुरुवार की दोपहर कंटेनर और टेंपो की जोरदार टक्कर में टेंपो सवार दो महिलाओं की मौत हो गयी। वहीं टेंपो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक महिला की पहचान पार्वती देवी (उम्र 60 वर्ष, पति स्व बैजनाथ पांडे, ग्राम उरवां) जबकि एक अन्य महिला की पहचान नहीं हो पायी है। घायल चालक की पहचान बैजनाथ यादव (उम्र 45, ग्राम कांको ओपी डैम) के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार तिलैया से टेम्पो से सभी उरवां की तरफ जा रहे थे। मदनगुंडी के पास एक कंटेनर की टक्कर से दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गयी। इसकी सूचना पुलिस को मिलने के बाद पुलिस पहुंच कर घायल को कोडरमा सदर अस्पताल भेजा जहां इलाज चल रहा है। वहीं दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया।

## विनोद सिंह के पक्ष में जनसंपर्क अभियान



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के इंडिया गठबंधन के समर्थित कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी कॉ बिनोद सिंह ने बुधवार की शाम जनसंपर्क अभियान चला कर ग्रामीणों से अपने पक्ष में मतदान कर भारी बहुमत से जिताने की अपील की। जनसंपर्क अभियान का नेतृत्व प्रखंड प्रमुख विजय सिंह, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर तिवारी, राजद नेता सरफराज खान के अलावे राजद, कांग्रेस, जेएमएम और माले के कार्यकर्ता कर रहे थे। इस दौरान मरकचो प्रखंड के दशारो, पुरनी बखरी, डुमरडीहा समेत दर्जनों गांवो का दौरा कर गठबंधन के कोडरमा लोक सभा प्रत्यासी कॉ बिनोद सिंह के चुनाव चिह्न झंडे में तीन तारा निशान पर 20 मई को बटन दबा कर भारी मतो से विजय बनने का अपील किया। मौके पर कोडरमा लोक सभा प्रत्याशी कॉ बिनोद सिंह ने कहा कि कोडरमा की भाजपा सांसद के केंद्र सरकार में शिक्षा राज्य मंत्री रहने के बावजूद कोडरमा जिला में एक भी केंद्रीय विद्यालय नहीं खुला। कोडरमा की सांसद पांच साल के कार्यकाल में कोडरमा की समस्या को लेकर सांसद में आवाज नहीं उठा पायी। कोडरमा लोक सभा विधान सभा में भाजपा के सांसद व विधायक रहने के बावजूद क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हो सका। आज भी कई गांवों में बिजली, पानी नही पहुंची है। मौके पर प्रमुख विजय सिंह, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर तिवारी, बीस सूत्री अध्यक्ष रविशंकर सिंह, मो खलील राजद, तौकीर अहमद, कौशर अहमद, राजू यादव, राजेश पासवान, राजू दास, रंजीत यादव, मो सोहराब, बिनोद साव, रामचंद्र यादव, मुरली यादव, गोविन्द यादव, विजय साव, भुनेश्वर यादव, सरफराज खान, बिनोद साव, बबलू यादव, बहादुर यादव, कृष्णा साव, सहदेव यादव, फयाज अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने कांग्रेस के जेपी पटेल को समर्थन देने की घोषणा की



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक रामनगर स्थित जिला कार्यालय में अध्यक्ष दीपक नाथ सहाय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वर्तमान स्थिति में राजनीति क्षेत्र में समाज की अहम भूमिका पर विचार विमर्श किया गया। कहा कि हमारे समाज को नजरअंदाज करते हुए मान सम्मान के साथ खिलवाड़ किया गया है। सांसद जयंत सिन्हा को 5 साल लगातार सर्वश्रेष्ठ सांसद और सांसद रत्न से नवाजा गया। इसके बावजूद इनका लोकसभा का टिकट काट दिया गया है। राजनीति में जो भागीदारी दी जानी चाहिए थी वह हमारे समाज को नहीं मिल रही है, इसलिए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से यह निर्णय लिया गया है कि जो दल हमारे समाज को उचित प्रतिनिधित्व देगा, मान सम्मान और हमारे समाज के हितों का ख्याल रखेगा, हम लोग लोकसभा चुनाव में उसी दल का समर्थन करेंगे। सर्वसम्मति से कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश पटेल को समर्थन देने की घोषणा की गयी। इस दौरान सभी चित्रांश से कांग्रेस उम्मीदवार को वोट देन की अपील की गयी, साथ ही रांची लोकसभा से चित्रांश परिवार की पुत्री यशस्विनी सहाय को रांची में रह रहे अपने परिवार के सदस्यों मित्रों शुभचिंतकों से वोट देने का आग्रह किया। बैठक में ललित मोहन, अंजनी कुमार सिन्हा, विकास सिन्हा, बि लाल, अजय कुमार सिन्हा, लाला हीरा प्रसाद, प्रियम्वदा, रामाशंकर अम्बाष्ठ, एडवोकेट अजय कुमार, अनिल कुमार, अरुण कुमार सिन्हा समेत कई उपस्थित थे।

## बीएड कॉलेज के पूर्ववर्ती छात्रों का मिलन समारोह



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में पूर्ववर्ती छात्र-छात्रों का मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय से जुड़े अपने अनुभवों के बारे में बारी-बारी से चर्चा की। महाविद्यालय के सचिव गौरव पटेल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा की शिक्षा के क्षेत्र में इससे जुड़े अनुभव के आदान प्रदान से नये प्रशिक्षु लाभान्वित होंगे। प्राचार्य डॉ सुनील कुमार चतुर्वेदी ने कहा की पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं के सम्मेलन से शिक्षा क्षेत्र में नए विचारों का सृजन होता है। मौके पर सहायक प्राध्यापक कुमारी स्वर्णा मिश्रा, बबली कुमारी, ओमकार नाथ शर्मा, अशोक झा, प्रवीण कुमार जायसवाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार, अदृश मुखर्जी, डॉ सतीश चंद्र यादव, जयपाल राणा, डॉ अम्बरीश कुमार दुबे, डॉ विजयकांत चक्रवर्ती, वीरेंद्र देव, शशिभूषण देव, सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार, भुनेश्वर महतो, राघवेंद्र प्रताप, दिलीप कुमार पाठक, सीमा, छबि राम सिंह, अजीत कुमार, संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रीती पूनम हेमब्रम, प्रकाश सिंह, सुनीता, आजाद, और बीएड सत्र 2012-13 से लेकर 2021-23 तक के पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं शामिल थे।

### 75वें दिन मनीष जायसवाल ने शहर में किया धुआंधार प्रचार

# हजारीबाग का बेटा बनकर जनता की सेवा की अब आपकी बारी है, आशीर्वाद दें : मनीष जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा चुनाव की सरगर्मी बेहद बढ़ गया है। यहां चुनाव पांचवे चरण में आगामी 20 मई को होने वाला है यानी 3 दिन शेष बचे हैं। ऐसे में प्रत्याशियों ने अपने चुनाव प्रचार में तेजी आई है और प्रचार के तरीके में भी बदलाव लाया है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने पिछले 75 दिनों से निर्बाध रूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का धुआंधार तूफानी दौरा कर जनसंपर्क और जनसंवाद किया है। टिकट मिलने के बाद से मनीष जायसवाल बिना रुके, बिना थके अनवरत चुनाव प्रचार में अपनी ताकत झोंकते नजर आये हैं। गुरुवार को बड़ी में मध्य प्रदेश के सीएम की जनसभा से लौट कर हजारीबाग शहर में नगर चुनाव कार्यालय परिसर में नई समाज की बैठक में शामिल हुए और उसके बाद हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र में चुनावी जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने अपने जनसंपर्क अभियान की शुरूआत मटवारी स्थित गांधी मैदान से की। यहां लोगों ने मनीष जायसवाल का गर्मजोशी से स्वागत किया। मतवारी गांधी मैदान के बाद इमली चौक, अटल चौक, दीपूगढ़ा, कोर्रा चौक, देवांगना चौक, हुडहुडू चौक में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से आशीर्वाद मांगा ।

मौके पर मनीष जायसवाल ने कहा कि पिछले करीब 10 वर्षों तक हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक के रूप में आपकी सेवा की है। इससे पहले 5 साल हजारीबाग नगर परिषद के उपाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवा आपके बीच दिया है। मैं हमेशा हजारीबाग का बेटा बनकर यहां के जनता के सुख-दुख का भाग बनने और हजारीबाग के विकास के लिए कार्य किया है। अब आपकी बारी है मुझ पर आपने और आपके माध्यम से भारतीय जनता पार्टी ने विश्वास करके हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है। आप का आशीर्वाद रहा तो सांसद बनकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता का सेवा करूंगा और हजारीबाग को विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का सकारात्मक प्रयास करूंगा ।

मौके पर विशेषरूप से बबन गुप्ता, विजय चौधरी, राजू सिंह, संजय शरण, रिंकू वर्मा, बाबू सिंह, अजय प्रजापति, शिव प्रजापति, श्रेष्ठ उपाध्याय, नीरज कुमार, शेफाली गुप्ता, पूनम मिश्रा, बबलू सोनी, बाबू सिंह, बबलू गुप्ता, इंद्र पंडित, राजकरण पांडेय, राष्ट्रवादी रोशन, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## चुनाव को लेकर फ्लैग मार्च

**दारू (आजाद सिपाही)।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सुरक्षा एवम् शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर दारू थाना प्रभारी सफीक खान ने भारी पुलीस बलों के साथ दारू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला। दारू थाना परिसर से मोटरसाइकिल में सवार भारी संख्या में पुलिस बल झुमरा, दारु, पेटो,हरली, दिग्वार, गोपलो, महेशरा, जिनगा, मेडकुरी सहित अन्य कई गांवो में पुलीस गस्ती करती नजर आई। इस संदर्भ में थाना प्रभारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में 20 मई को शांतिपूर्ण अपना मतदान करें। क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा की दृष्टिकोण से मोटरसाइकिल फ्लैग मार्च विभिन्न गांवो में चलाया जा रहा है गलत करने वालो को बक्सा नहीं जाएगा यदि किसी तरह का अप्रिय घटना हो तो थाना को तुरंत सूचित करें।

## वृष्टि ने तेजस्वी यादव का स्केच बनाकर दिया गिफ्ट

आजाद सिपाही संवाददाता



**जयनगर।** प्रखंड के आदर्श शिशु प्लस टू विद्यालय बाघमारा स्कूल की छात्रा वृष्टि कुमारी अद्भुत प्रतिभा की धनी है। वर्ग अष्टम में पढ रही वृष्टि किसी भी व्यक्ति, नायक, खलनायक, महापुरुषों राजनेताओं की तस्वीर को पेंसिल से स्केच कर लेती है। बताते चलें की वृष्टि के माता-पिता दोनों निजी विद्यालय में बतौर अध्यापक का काम करते हैं। वृष्टि की मां गायत्री यादव ने बताया कि बचपन से ही वृष्टि के अंदर स्कैच करने की प्रतिभा सामने दिखाई दे रहा था। परंतु आज बहुत कम समय लेकर किसी की भी तस्वीर को कागज में तराश देती है। यदि ऐसे विद्यार्थियों को बड़े मंच मिले तो निश्चित तौर पर ड्राइंग के क्षेत्र में देश को अच्छा पहचान दिला सकती है। बुधवार को तेजस्वी यादव का आगमन जयनगर के पिपचो में हुआ था। जहां उसने तेजस्वी यादव का स्केच बनाकर उन्हें गिफ्ट किया। इसकी प्रतिभा से बिहार के तेजस्वी यादव काफी प्रभावित हुए। विद्यालय के प्राचार्य प्रो. दशरथ प्रसाद राणा, निदेशक रामदेव प्रसाद यादव, शिक्षक लक्ष्मण चंद्र यादव, महेश्वर पांडेय, विनोद यादव, पिंटू कुमार पांडेय, गायत्री यादव, प्रियंका यादव, मनीष कुमार सिन्हा, सतीश कुमार, सिकंदर यादव, महेश यादव, विकास पाठक, विनोद कुमार शर्मा, कपिल देव गुप्ता सहित कई शिक्षकों ने बधाई दी।

## बीएम मेमोरियल स्कूल के दिव्यांशु बने 10वीं में बड़कागांव प्रखंड टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता





**बड़कागांव।** प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित विद्यालय बीएम मेमोरियल स्कूल का सीबीएसइ 10वीं में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहा है। इस वर्ष सीबीएसइ बोर्ड कक्षा दसवीं की परीक्षाओं में बीएम मेमोरियल स्कूल का दिव्यांशु राज 461 अंक 92.2% लाकर बड़कागांव प्रखंड टॉप किया है। इसके अलावा शालू कुमारी 89% रोशनी कुमारी, सूफी परवीन, अंशु कुमार, सनित कुमार पटेल, टिंकू राणा, सुनील कुमार, जिज्ञासा कुमारी, मार्शल कुमार, प्रशांत कुमार, दानिश रजा, रिया कुमारी, निशांत कुमार, चंदन पटेल, जुनैद रजा, लक्की कुमार, अनीश कुमार, विक्रम पटेल सहित पूरे विद्यालय के सभी बच्चों का रिजल्ट सत प्रतिशत रहा। प्रखंड टॉपर बनने के बाद दिव्यांशु राज ने यह उपलब्धि पर विद्यालय के सभी शिक्षकों अपने माता-पिता परिजनों को धन्यवाद देते हुए कहा है कि बीएम मेमोरियल स्कूल के सभी शिक्षक बेहतर तरीके से हमें शिक्षा देने का काम किये हैं जिसका नतीजा है कि मैं प्रखंड टॉप कर पाया। यह उपलब्धि स्कूल की निरंतर प्रगति का प्रमाण है 2016 में स्थापित बीएम मेमोरियल स्कूल महज कुछ ही वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में बड़कागांव में एक अलग पहचान बनायी है। इस पर बीएम मेमोरियल स्कूल के निदेशक संदीप कुशवाहा ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यही बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। वही विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि बीएम मेमोरियल स्कूल बड़कागांव प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को सभी तरह के शिक्षा उपलब्ध कराती है और उन्होंने कहा कि हम अपने यहां के बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## आदिवासी संथाल समिति की बैठक

**विष्णुगढ़(आजाद सिपाही)।** आदिवासी संथाल समिति की बैठक कुसुम्भा पंचायत के जमुवा, गड़रबारा, भंडेरी, चलकरी कला, खरना, भेलवारा पंचायत के विसुईया, केंदुवा, गोविंदपुर पंचायत के मसूरितरी, गिधिनया, कुसुम्भा पंचायत के अलखरीकला, डुंबरडीहा, जमुवा, नेरकी पंचायत के परसिया, चानो आदि गांवों के पारंपरिक प्रधान, मांझी हाड़म, पाराणिक और जोगवा गण शामिल थे। बैठक में ग्राम प्रधानों ने वर्तमान लोकसभा चुनाव और आदिवासी गावों की उपेक्षा पर खुलकर अपनी बात को रखी, खरना पंचायत के ग्राम जरवा - जवाबारी के मांझी हाड़म सीताराम मांझी, चित्रामो मसुरीतरी के सोहन हेंब्रम, ने कहा की झारखंड अलग हुवे 24 साल हो गये लेकिन आज भी आदिवासी गांव विकाश की वाट जोह रहा है, इन गांवों में 2 साल पहले नल जल योजना के तहत बोरिंग कर टावर खड़ा कर दिया गया है पर गांव को आज तक उससे एक बूंद पानी नसीब नहीं हो पाई, आने जाने के लिए आज भी पगडंडियों का ही सहारा लेना पड़ता है,चलकरी कला के सीताराम मुर्मू ने कहा की मेरे गांव में पिछले 5 महीनों से ट्रांसफार्मर जला हुआ है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाला मोटरसाइकिल जुलूस

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मोटरसाइकिल जुलूस निकाल दर्जनों गांव का भ्रमण किया। इस दौरान कटकमदाग के बेस, कुसुंभा, सुल्ताना, पसई, बानादाग, सलगांवा, लूटा, पकरार आदि गांव में घूम-घूम कर कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के लिए वोट मांगा। इस दौरान बिनोद कुशवाहा ने कहा की इस बार पूरे लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में लहर है। लोग आंदोलनकारी के बेटे को अपनाने के लिए तैयार हैं। 20 मई को हांथ छाप और वोट देकर जेपी पटेल को भारी मतों से जिताएंगे। साथ ही कहा की इस बार झारखंड की 14 सीटों पर भाजपा( एनडीए ) की हार और इंडिया गठबंधन की जीत निश्चित है।

### बड़कागांव कांग्रेस कोर कमेटी की बैठक संपन्न

# पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने दिया चुनाव जीतने का मंत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** कांग्रेस कोर कमेटी बड़कागांव की बैठक जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय सभागार में प्रखंड अध्यक्ष विश्वेश्वर नाथ चौबे की अध्यक्षता में की गयी।

बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने लोकसभा चुनाव जीतने का मंत्र बताया और कहा कि प्रखंड के प्रत्येक कार्यकर्ता चाहे वह जिस पद पर हो अपनी जिम्मेवारी को निभायें। सिर्फ नेताओं के आगे पीछे रहकर फोटो खिंचवाने में समय व्यतीत ना करें। आपसी मनमुटाव को भूलकर जनहित में कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को जिताकर दिल्ली भेजें तभी हम सभी का ताकत और बढ़ेगा क्योंकि भाजपा का प्रत्याशी एक व्यापारी है और कांग्रेस का प्रत्याशी एक साधारण व्यक्ति इसी बात को लेकर आम लोगों के बीच जाना है। हालांकि कोर कमेटी का रजिस्टर नहीं उपलब्ध होने पर पूर्व मंत्री ने प्रखंड अध्यक्ष समेत जिम्मेदार लोगों को फटकार लगाई और कहा कि आगे से ऐसा नहीं चलेगा इसमें सुधार करें। अगर किसी भी चीज की कमी होती है तो सूचना हमें दें व्यक्तिगत तौर पर हम पूरा करेंगे। कांग्रेस की जीत होने के बाद कंपनियों द्वारा मुआवजा के साथ-साथ अन्य सुविधा में बढ़ोतरी की जाएगी साथ ही साथ विस्थापन की समस्या को दूर किया जायेगा आगे उन्होंने कहा कि जनता के बगैर अनुमति के कहीं भी कोई कंपनी स्थापित नहीं होगी। मौके पर पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के साथ-साथ बीस सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव झमण प्रसाद, जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, दीपक करमाली, विश्वनाथ चौबे, मोहम्मद मियां, सुरेश महतो, भागीनाथ महतो, रमेश सिंह भोक्ता, चंद्रर साव रामप्रसाद महतो, पंकज गुप्ता, अनिल राम, दिनेश्वर पासवान, रामेश्वर राम, त्रिलोकी साव समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे। वही केरेडारी प्रखंड के पांडू निवासी गोपाल राम ने भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए जिसे पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने माला पहनकर स्वागत किया।

## जेपी पटेल के लिए किया जनसंपर्क



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के पक्ष में मतदान करने के लिए कांग्रेस प्रदेश सचिव सह दारू प्रखंड बिस सुत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह, जिला महासचिव सह बिस सुत्री उपाध्यक्ष कैलाश पति देव, प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद, प्रमुख शवेता कुशवाहा, मुखिया सुनील कुमार आदि ने दारू प्रखंड के कई गांव में जनसंपर्क चलाया। इस दौरान जय प्रकाश भाई पटेल के लिए वोट मांगा। कहा की देश का विकास कांग्रेस ही कर सकती है इसलिए कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार जेपी पटेल को हांथ छाप पर वोट देकर जिताये। क्योंकि जेपी पटेल ही इस क्षेत्र का विकास कर सकते हैं। जनसंपर्क में भोलाजी, अनिता देवी, पिंकी देवी, योगेन्द्र सिंह, बिजय राम, संजय कुशवाहा, एनुअल अंसारी, उपेन्द्र साव, दिलीप राम, रवि कुशवाहा, राजन राज, बलेश्वर प्रसाद, कलावती देवी, मो लियाकत आदि लोग ने सुल्लतानी, पिपचो, दारू डिह, जबरा आदि गांवों का दौरा किया।

## मतदान को लेकर आवश्यक निर्देश





**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव 2024 के तहत हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में 20 मई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होना है इसे लेकर तैयारी अब अंतिम चरण में है और केरेडारी बीडीओ अमित कुमार और सीओ रमतां कुमार बर्णवाल ने गुरुवार को एक आवश्यक बैठक बुलाया। इसमें मतदान केंद्र पर बीएलओ के दायित्वों, मतदान केंद्र पर सुविधाओं और शत प्रतिशत मतदान कराने सहित निर्वाचन संबंधित सभी बिंदुओं पर अंचलाधिकारी सज सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी रामरतन कुमार वर्णवाल के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इसमें मतदान केंद्र पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने, बेहतर कतार प्रबंधन, मतदाता सुविधा पोस्टर, मतदान केंद पर टेबल कुर्सी और छाया की व्यवस्था सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गयी। इसके साथ ही मतदान केंद्र पर कतार प्रबंधन, बुजुर्ग, असहाय मतदाताओं के सहयोग हेतु सभी 108 मतदान केंद्रों पर प्रतिनियुक्त वालिंटियर के लिए टी शर्ट भी उपलब्ध कराया गया है। बैठक में सभी बीएलओ, पर्यवेक्षक और सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद थे।

## निर्दलीय प्रत्याशी सुरेंद्र कुमार अग्रवाल ने दर्जनों गांवों का किया दौरा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कोडरमा लोकसभा से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में किस्मत आजमा रहे शिक्षक सुरेंद्र कुमार अग्रवाल ने बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के एक दर्जन गांव का दौरा किया। सुरेंद्र कुमार अग्रवाल ने इचाक प्रखंड के देवकुली, पुनाई, बसरिया, लुंदरू के अलावा बरकट्ठा प्रखंड के बंडासिंघा, पंचपेढ़ी, कपका, गयपहाड़ी, चलकुशा में जनसंपर्क चलाया। इस दौरान मतदाताओं से बेबी वॉकर छाप कर्म संख्या 15 पर वोट देने की अपील की। कहा की जनता भाजपा, कांग्रेस समेत अन्य दल से ऊब गये है, इसलिए अब निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने वाले शिक्षक पर विश्वास जता रहे हैं। इस बार लोगों का रुझान निर्दलीय प्रत्याशी के ओर है। निश्चित रूप से मतदाता मुझ पर विश्वास जतायेगी।

## कांग्रेस सेवा दल के कई कार्यकर्ता भाजपा में शामिल



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शहर के झंझरिया पूल स्थित भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के कार्यालय में मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस सेवा दल के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता कार्यकर्ताओं संग भाजपा में शामिल हुए। भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल और भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने सभी को भाजपा का पट्टा पहना कर और पार्टी का झंडा देकर पार्टी में शामिल कराया। मनीष जायसवाल ने कहा की पूरे लोकसभा क्षेत्र में मोदी की आंधी चल रही है। इस बार फिर भाजपा की जीत सुनिश्चित है। मैं शुरू से लोगों की सेवा में रहा हूं आगे भी सेवा करता रहूंगा। भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने कहा की लोगों का झुकाव भाजपा और उसके प्रत्याशी की ओर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मनीष जायसवाल से प्रभावित होकर लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। हजारीबाग लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल की जीत सुनिश्चित है। वहीं भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस सेवा दल के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा की पूरे देश में पीएम मोदी की लहर है। पीएम मोदी और मनीष जायसवाल के क्रिया कलाप से प्रभावित होकर आज भाजपा में शामिल हो रहा हूं। भाजपा में शामिल होने वालों में दीपक गुप्ता, सोनम कुमारी, अमित कुमार सोनी, रमेश गुप्ता, रवि गुप्ता, संतोष कुमार समेत अन्य शामिल हैं।

## ट्रेन के गेट के समीप बैठा यात्री, गिरकर घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा गया रेल खंड के कोडरमा स्टेशन के समीप झारखंड विधि महाविद्यालय के पास ट्रेन में सफर कर रहा एक यात्री गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद रेलवे पुलिस के द्वारा घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। घायल की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी अनुराग कुमार गुप्ता पिता मंगल गुप्ता के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार युवक उड़ीसा में काम करता था और उड़ीसा से अपने घर उत्तर प्रदेश लौट रहा था। इस दौरान ट्रेन के पायदान के समीप बैठकर यात्रा करने का दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने पर वह झारखंड विधि महाविद्यालय के समीप गिरकर घायल हो गया। जिसकी सूचना मिलने के बाद रेलवे पुलिस के द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 17 मई, 2024
www.azadsipahi.in
05

भाजपा प्रत्याशी के नगर भ्रमण को लेकर बैठक

# मनीष जयसवाल का नगर भ्रमण आज, तैयारी पूरी



**आजसू-भाजपा के हजारों समर्थक होंगे नगर भ्रमण में शामिलः सुनिता चौधरी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** आजसू पार्टी जिला कार्यालय रामगढ़ में जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी की के नेतृत्व में रामगढ़ छावनी परिषद कमेटी, वार्ड प्रभारी, वार्ड पदाधिकारी और नगर परिषद कमेटी, ग्राम प्रभारी और रामगढ़ ग्रामीण के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं और सभी पर प्रकोष्ठ के पदाधिकारी के साथ कल होने वाले लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में नगर भ्रमण कार्यक्रम के तैयारी का अंतिम रूप दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से आजसू विधायक सुनिता चौधरी और भाजपा हजारीबाग लोकसभा के रामगढ़ विधानसभा प्रभारी अनिल सिंह टाइगर मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अरुण अग्रवाल और संचालन नगर सचिव नीरज मंडल ने की। मौके पर विधायक सुनिता चौधरी ने कहा कि कम समय की सूचना में सैकड़ों की संख्या में आये कार्यकर्ताओं की हुजूम यह बता रहा है कि अबकी बार 400 पार के नारे को साकार कर हम सभी विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। इतनी भीषण गर्मी होने के बावजूद आप सभी सैकड़ों की संख्या में आए हुए आप सभी कार्यकर्ता विशेष कर महिलाओं को जो देश का भविष्य हमारे नरेंद्र मोदी के हाथों को सौंपने के लिए आप सभी तैयार है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि शुक्रवार को शाम 5 बजे एमएमटी ग्राउंड में एकत्रित होकर हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जयसवाल के साथ नगर भ्रमण पदयात्रा में शामिल होंगे। साथ ही 18 को बाइक रेली सभी भाग लेंगे। सभी घर-घर जाकर पीएम नरेंद्र मोदी के द्वारा किये गये कार्यों को बताना है। विपक्ष के नाकामियों को जनता के बीच में लाना है। उनका एक ही एजेंडा है देश को लूटने और उसे लूट से सब विपक्षी पार्टी शामिल हो गयी है। सब एक दूसरे की मदद कर रहे हैं।

## 10 किलो राशन देने का कांग्रेस का वादा झूठ व हार की हताशा हैः कालीचरण



**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह जी ने आज बेतला, धावडीह, लोहड़ी, जोगीया पोखरी, महावीर मोड़, जुरू, जैतुखाड़, रामानंद दबरा, पचमो, जगतपुरवा और कमल केडिया में सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर स्थानीय लोगों से भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कर प्रचंड बहुमत विजयी बनाने का निवेदन किया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा अध्यक्ष अहिल्या देवी, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रूपा सिंह, महिला मोर्चा महामंत्री मंजू लता, उपाध्यक्ष कृपाल सिंह, जिला पार्षद विजय राम, नरेंद्र मिश्रा, महामंत्री नीलकंठ गिरी, अ. जाति मोर्चा अध्यक्ष दिलीप पासवान, दिलीप तिवारी, प्रतिमा मिश्रा, श्याम बिहारी सिंह, अक्षय तिवारी, अनुज शुक्ला, अशोक भारती, अमित यादव, लाल बिहारी यादव और सुजीत पासवान, मुधिर कुमार, बलराम पाठक, अखिलेश पाठक, मोहन जोशी, मनीष कुमार, अमरेश पाठक सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित रहे। कालीचरण सिंह ने जुरू में संविधान शिल्पी बाबासाहब डॉ भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और जगतपुरवा में कारगिल युद्ध में शहीद युगम्बर दीक्षित की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा है कि कहा कि मोदी सरकार ने बीते 10 वर्षों में गरीब, महिला, युवा और आदिवासी भाई-बहनों के उत्थान, गौरव और सम्मान के लिए प्रयास किया है। पूरा हिन्दुस्तान कह रहा है कि मजबूत भारत के लिए मजबूत सरकार और मजबूत सरकार के लिए मोदी सरकार। पीएम मोदी तो गरीबी जीवन बिताया है। इसलिए 10 वर्षों में गरीबों के कल्याण की हर योजना मोदी जी के जीवन के अनुभव है। जब आज मोदी जी लाभार्थियों से मिलते हैं तो खुशी के मारे उनके आंखों में आंसू आ ही जाते हैं। कालीचरण सिंह ने कहा कि चौथे फेज के चुनाव के बाद इंडिया गठबंधन परास्त हो चुका है। उन्होंने अपनी हार स्वीकार कर ली है। श्री खरगे ने जो वादा किया कि हम सत्ता में आए तो गरीबों को 5 की जगह 10 किलो राशन देंगे। ये कांग्रेस की एक और झूठ व हार की हताशा है।

## मतदान को लेकर चलाया जनसंपर्क अभियान



**हंटरगंज (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मुखिया संघ सह राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने गुरुवार को प्रखंड के दर्जनों गांवों में 20 मई को मतदान को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से बेरोजगारी, महंगाई सहित अन्य मुद्दों को बारे में लोगों को समझाया और महागठबंधन के प्रत्याशी के एन त्रिपाठी का चुनाव चिन्ह पर बटन दबाने के लिए लोगों से आग्रह किया। इस कार्यक्रम में पंचायत के अध्यक्ष तथा अन्य लोग भी शामिल थे।

## पूर्व विधायक ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**हंटरगंज (आजाद सिपाही)।** पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ने गुरुवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड के केदली कला, उरैली, लर्सर बहेरा, डुमरिया, तिलहेत सहित दर्जनों गांव का भ्रमण किया। और भाजपा प्रत्याशी काली सिंह के पक्ष में मतदान करने के लिए ग्रामीणों से आग्रह किया।

अनियंत्रित हाइवा ट्रैक्टर को चपेट में लेते हुए एक दुकान में जा घुसा

# ट्रैक्टर चालक और दुकान संचालक की हुई मौत, घंटों सड़क जाम

**परिजनों का रो रोकर बुरा हाल**

आजाद सिपाही संवाददाता







**रामगढ़/रजरप्पा।** रामगढ़-बोकारो मुख्य मार्ग अंतर्गत बारलोंग में एक तेज रफ्तार हाइवा अनियंत्रित होकर एक ट्रैक्टर को चपेट में लेते हुए एक दुकान में जा घुसा। इस घटना में ट्रैक्टर चालक और दुकान संचालक की मौके पर ही मौत हो गयी। यह घटना रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत बारलोंग के पास की है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर चितरपुर की ओर से आ रही हाइवा संख्या जेएच 10 एजेड 2491 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक किराने के दुकान के पास खड़ी एक ट्रैक्टर को टक्कर मरते हुए दुकान में जा घुसा और इस दौरान ट्रैक्टर चालक और दुकान संचालक की दबने से मौके पर ही मौत हो गया। मृतक दुकानदार 52 वर्षीय महेश महतो और 30 वर्षीय कारू के रूप में हुई है जो बारलोंग का ही रहने वाला था। घटना में मृतक दुकानदार का शरीर हाइवा में फंस गया था, जिसे पुलिस प्रशासन द्वारा बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला।

**आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम**

सड़क हादसे में हुई दुकानदार और ट्रैक्टर चालक की मौत से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर हंगामा किया। इससे कई घंटों तक रामगढ़-बोकारो मुख्य पथ पर आवागमन बंद रहा। घटना की जानकारी के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं इस पूरे गांव में गम का माहौल है। घटना की जानकारी के बाद रजरप्पा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद शव को अपने कब्जे में लेने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेजा गया। साथ ही पुलिस मामले में जांच-पड़ताल कर रही है।

लुरूंगा शिवानी हत्याकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन

# बदले की भावना से की गयी थी हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**उरीमारी।** उरीमारी ओपी अंतर्गत गरसुल्ला पंचायत के ग्राम लुरूंगा टोला डुमरबेडा में बिते आठ मई को गांव के ही पंचित महतो के कुएं से संतोष महतो की तीन वर्षीय पुत्री शिवानी कुमारी का शव मिला था। इस मामले में उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने गुरुवार को खुलासा किया। उन्होंने बताया कि शिवानी हत्याकांड में गांव के ही पड़ोसी कैला महतो और उसकी पत्नी सुनीता देवी को हिरासत में लिया था। सख्ती से पुछताछ के क्रम में कैला महतो और उसकी पत्नी ने बताया कि छह माह पूर्व उसकी पुत्री अनीशा कुमारी का शव संतोष महतो के घर के बगल कुएं से मिला था। इसके बाद कैला महतो और उसकी पत्नी बदले की भावना से ग्रस्ति होकर संतोष महतो की तीन वर्षीय पुत्री की हत्या कर कुएं में डाल दी। इधर ओपी प्रभारी ने बताया कि अपनी बेटी के खो देने के बाद से बदले की भावना से अंदर ही अंदर कुढ रहे थे। पिछले कई दिनों से मौके की तलाश में थे। पिछले सात मई को जोरों से आंधी-तूफान और बारिश के दौरान बच्ची घर से बाहर निकली। उस वक्त शिवानी की मां किसी काम को लेकर घर से बाहर गयी हुई थी। मौका पाते ही कैला महतो की पत्नी ने तीन वर्षीय शिवानी को दबोच लिया और उसे अपने घर के अंदर ले गयी। रात में मौका पाकर मासुम शिवानी की मुंह पर टेप मारकर और उसके हाथ पांव बांध उसकी निर्मम हत्या कर दिया। इधर रात के अंधेरे में पति-पत्नी ने बच्ची को एक टब में डाल कर गांव के ही पंचीत महतो के कुएं में फेंक दिया। इस पुरे मामले पर खुलासा करते हुए कैला महतो और उसकी पत्नी सुनीता देवी को अपहरण और हत्या के केस में न्यायिक हिरासत में हजारीबाग जेल भेज दिया।

## मनीष जायसवाल का कुजू में रोड शो आज

**कुजू (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग लोकसभा एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का 17 मई को कुजू में होने वाले रोड शो, जनसंपर्क और जनसंवाद कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित की गयी। आयोजित बैठक भाजपा चुनाव कार्यालय, कुजू मे हुई। बैठक में कुजू पश्चिमी, दक्षिणी व पूर्वी पंचायत बुथ अध्यक्ष शामिल रहे। बैठक के दौरान बूथ अध्यक्षों को अपने-अपने बुथों में जाकर जनसंपर्क करते हुए पर्ची वितरण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मांडू प्रखंड अध्यक्ष तोकेश सिंह, राजेंद्र कुशवाहा, नरेश महतो, अशोक महतो, रतन प्रसाद साहू, राजेश प्रसाद, रवि साहू, वीरेंद्र करमाली, श्रवण शाह, अनिल अग्रवाल, प्रदीप राम, गणेश मेहता, अशोक सिन्हा, सिकंदर मेहता, रवि पांडेय, सूरज गुप्ता, राजेंद्र केसरी, ऋषभ सहाय, उमेश ठाकुर, पंचित महतो, सिद्धार्थ त्रिवेदी, आदित्य सिंह, राजेंद्र सिंह, अमित कुमार केसरी, अशोक गुप्ता, पवन कुमार करमाली, सुदीप मेहता, रूपेश साहू, मंटू केसरी शामिल रहे।

## कालीचरण के पक्ष में जनसंपर्क




**टंडवा(आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में टंडवा आजसू के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने टंडवा प्रखंड में उतरी क्षेत्र में मतदाताओ से जनसंपर्क कार्यक्रम चलाया। कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं से कमल फूल में को वोट देकर स्थानीय प्रत्याशी कालीचरण सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील किया।इस मौके पर चतरा जिला कार्यवाहक अध्यक्ष महेश महतो, आजसू मजदूर यूनियन लीडर के जिला अध्यक्ष लखन साहू, राजेन्द्र राम, नंदा थापा, रंजीत गुप्ता, सिकंदर मुंडा, सरोज गुप्ता, सुलेंद्र सोनी सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

# अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार

**मांडू के रास्ते डेहरी मंडी भेजा जा रहा था अवैध कोयला**

**मांडू थाना प्रभारी ने घेराबंदी कर थाना गेट के पास पकड़ा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मांडू।** मांडू के रास्ते अवैध कोयला डेहरी मंडी पहुंच रहा है। इसका खुलासा गुरुवार को हुआ है। एसपी की सूचना पर मांडू पुलिस ने अवैध कोयला लदा ट्रक पकड़ा है। मौके से चालक को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। साथ ही मामला दर्ज करने की प्रक्रिया में जुटी है।

**क्या है मामला**

जानकारी के अनुसार गुरुवार को एसपी डॉ बिमल कुमार को गुप्त सूचना मिली कि बोकारो की ओर से अवैध कोयला लदा ट्रक संख्या जेएच09बीबी/4305 रामगढ़ को पार कर डेहरी मंडी बिहार जा रहा है। सूचना पर डॉ कुमार ने मांडू थाना प्रभारी रंजित कुमार यादव को उक्त चौदह चक्का ट्रक को पकड़ने निर्देश दिया। जिसके बाद थाना प्रभारी ने ठनक गेट के निकट घेराबंदी कर उक्त वाहन को पकड़ लिया। साथ ही चालक गिरीडीह (दुलमी) निवासी सराजुल अंसारी को हिरासत में ले लिया। जब्त वाहन को थाना परिसर में रखा गया है। गिरफ्तार चालक ने पुलिस को बताया कि बोकारो जिला के जैना मोड़ इलाके से अवैध कोयला लोड कर डेहरी मंडी बिहार जा रहे थे। इधर प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर पुलिस प्रक्रिया में जुटी है।

मोटर एक्सीडेंटल क्लेम को लेकर बैठक का आयोजन, इंश्योरेंस कंपनियों को मिला निर्देश

# आश्रितों को मुआवजा देकर करें लंबित मामलों का निपटाराः जिला प्रधान जज

आजाद सिपाही संवाददाता





**रामगढ़।** झालसा रांची के तत्वावधान में, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), रामगढ़ द्वारा व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के कांफ्रेंस हॉल में गुरुवार को विशेष लोक अदालत (मोटर एक्सीडेंटल क्लेम केस) से संबंधित दूसरी बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा आलोक कुमार दुबे ने की। बैठक में डालसा सचिव अनिल कुमार, परिवादी की ओर से अधिवक्ता और इंश्योरेंस कंपनियों के अधिकारी और अधिवक्ता शामिल हुए। डालसा के अध्यक्ष ने मोटर व्हीकल क्लेम केस से संबंधित दस्तावेजों के साथ इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारियों और अधिवक्ताओं को यह निर्देश दिया कि इस विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक केस में पीड़ित व्यक्ति अथवा उनके आश्रितों को जो भी मुआवजा मिलना है उसे देकर अधिक से अधिक केस का निपटारा करें। साथ ही यह बताया कि विशेष लोक अदालत का आयोजन 8 जून 2024 को की जा रही है। इस विशेष लोक अदालत में मोटर एक्सीडेंटल क्लेम केस के संबंधित जो भी मामले न्यायालय में लंबित है इसका निपटारा इस विशेष लोक अदालत में सुलहनीय तरीके से किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि मोटर एक्सीडेंटल क्लेम केस वैसे मामले हैं जिसमें किसी की मौत हो जाये या गंभीर चोट आये उसके क्लेम के लिए केस किया जाता है। बैठक में मोटर एक्सीडेंटल क्लेम केस की तैयार सूची से संबंधित रिकॉर्डों के साथ केस पर चर्चा की गयी। साथ ही इंश्योरेंस कंपनियों के अधिकारियों और अधिवक्ताओं को अपने-अपने इंश्योरेंस कंपनी के लंबित मामले के निष्पादन के लिए अग्रिम कार्रवाई के लिए निर्देश दिया गया। ताकि इस विशेष लोक अदालत का लाभ अधिक से अधिक लेते हुए लंबित मोटर एक्सीडेंटल क्लेम केस का निष्पादन हो सके।

## भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क अभियान चलाया। रामगढ़ कैंट मंडल के वार्ड नंबर 3 शक्ति केंद्र में सभी बूथों पर डोर टू डोर जाकर कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। अभियान में आजसू के कार्यकर्ता और सभी बूथों के अध्यक्ष भी शामिल थे। जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र वासियों के द्वारा काफी समर्थन प्राप्त हो रहा है और वोट डालने को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। जनसंपर्क अभियान में भाजपा युवा नेता राजेश ठाकुर बताया कि पीएम मोदी के द्वारा चलाए जा रहे हैं योजनाओं और नीतियों को सराहा जा रहा है। फिर से यशस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने के लिए लोग काफी उत्सुक हैं। निश्चित है इस बार 2024 में भाजपा के पक्ष में रिकॉर्ड मतों से मतदान होगा और फिर से मोदी की सरकार बनेगी। जनसंपर्क के दौरान केंद्र की हितकारी योजनाओं का लाभ ले रहे लाभार्थी फिर से मोदी की सरकार बनाने में अपनी अहम भूमिका निभायेंगे। श्री ठाकुर ने बताया कि झारखंडी पीएम युवा मोदी के साथ है। अभियान में भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर, बूथ अध्यक्ष मोहन पांडे, अमित ठाकुर, सुनील पासवान, महेंद्र पांडे, मनीष रंजन मिश्रा, लखींद्र पासवान, संजू यादव, आनंद जायसवाल, नारायण बनर्जी, आजसू पार्टी के वार्ड नंबर 3 के प्रभारी विक्की ठाकुर, अध्यक्ष चंदन कुमार, अंकित अग्रवाल और भाजपा और आजसू पार्टी के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पोटंगा शिव मंदिर में 10 जून को मंडा पूजा



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** पोटंगा शिव मंदिर प्रांगण में मंडा पूजा को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक कि अध्यक्षता जीतन मुंडा और संचालन अकल मुंडा ने किया। बैठक के दौरान विचार-विमर्श कर ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंडा पुजा दस जून को आयोजन किया जायेगा। इस मंडा पुजा में मेले का आयोजन के साथ-साथ छऊ नृत्य का कार्यक्रम होगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष जीतन मुंडा, सचिव अकल मुंडा,सह सचिव राजेंद्र गंझू, कोषाध्यक्ष मुकुंदर मुंडा, बिनोद हेम्ब्रोम, संरक्षक सोनाराम मांझी, संजय करमाली, गणेश गंझू, संतोष सिंह, मनोज मुंडा, सूरज बेसरा, कार्यकारणी सदस्य जयेंद्र मुंडा, दिनेश मुंडा, मंटू मुंडा, मुकेन्द्र मुंडा, अजय मुंडा, पप्पू मुंडा, सुनील मुंडा, दिलीप मुंडा, कंचन मुंडा, महेश मुंडा, अनुज मुंडा, महेंद्र गंझू, टिंकू प्रजापति, चन्द्रदेव मुंडा, जुरा सोरेन, कजरू उरांव, सुरेश मांझी, धर्मदेव करमाली, अजय करमाली, पंकज हेम्ब्रोम, उमेश मुंडा, संजय मुंडा, मोहन सोरेन, मनोज सिंह, जानकी मुंडा, त्रिलोक सोरेन, दीपक मुंडा, बालेश्वर प्रजापति, सुरेश गिरी, मनुलाल मांझी, कैलाश मुंडा, लिटू गंझू, राजू गंझू, फुलेश्वर गंझू, चंदन मुंडा, आशीष मुंडा, रंजन मुंडा चुने गये। मौके पर दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## पीवीयूएनएल में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पीवीयूएनएल की ओर से स्वास्थ्य पखवाड़ा के तहत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अभियान की शुरुआत गुरुवार को की गयी। इस अवसर पर पीवीयुएनएल के प्रोजेक्ट कार्यालय में आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता अभियान में पीवीयुएनएल के सीइओ आरके सिंह और एम (ओएंडएम) देवदीप बोस ने सभी कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाते हुए सभी को स्वच्छता बनाये रखने की अपील की। उसके बाद प्रोजेक्ट कार्यालय से स्वच्छता रैली शुरुआत करते हुए क्लिम्स गेट के बाहर तक रैली निकाली और सफाई अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता के प्रति सभी को प्रेरित करते हुए कहा गया कि स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान वृहद पैमाने पर सफाई अभियान और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। कर्मचारियोंके परिजनों और बच्चों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी जागरूकता फैलाने की दिशा में प्रयास किये जायेंगे। स्वास्थ्य पखवाड़ा 31 मई तक चलाया जायेगा। इस अवसर पीवीयूएनएल के अधिकारीगण यूनियन और एशोसिएशन के कर्मचारियों मौजूद थे।

## भाजपाइयों ने भुरकुंडा में डोर-टू-डोर चलाया जनसंपर्क अभियान



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को भुरकुंडा जवाहर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर हजारीबाग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को भारी मतों से जिताने की अपील की। इस दौरान वरिष्ठ भाजपाई प्रकाश नायक के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता भुरकुंडा के पुराना सिनेमा हॉल, हनुमानगढी,.बौनर धौड़ा, जवाहर नगर सहित आसपास के क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से जनसंमर्थन मांगा। साथ ही भारतीय जनता पार्टी के कमल फूल छाप क्रम संख्या 2 पर वोट देकर एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। जनसंपर्क अभियान में प्रकाश नायक, कृष्ण यादव, राज नायक, सोनू कुमार, पप्पू लाल, मनोज भदानी, जीवन गुप्ता, विक्की शाह, संतोष लाल, छोटू भदानी, संतोष भदानी सहित दर्जनों लोग शामिल थें।

## महागठबंधन का टंडवा में खुला चुनावी कार्यालय

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** इंडी महागठबंधन के चतरा संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार के एन त्रिपाठी की जीत सुनिश्चित करने के लिये गुरुवार को शहीद चौक मे चुनावी कार्यालय का पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव ने उद्घाटन किया। इस मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष तिलेशश्वर साव, रविन्द्र गुप्ता, कामेश्वर यादव, गुरुदयाल साव, गोविन्द पांडा, सुभाष दास सहित कई उपस्तिथ थे। इस दौरान कई विभिन्न दलो के कार्यकता कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया।

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. EPC-CECONIVBBS 2024018, दिनांक : 03.05.2024

**कार्य का नाम:** संबलपुर में इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (EPC) मोड पर रेलवे स्टेशन के प्रमुख उन्नयन के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (RFP)।

**कार्य की अनुमानित लागत (₹):** 32902.00 लाख, EMD (₹): 1,64,51,000.00, कार्य पूरा होने की अवधि: 36 (छत्तीस) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक : 03.07.2024 को 1200 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http:// www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा खुलने से कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/ भुवनेश्वर

PR-15/CH/24-25

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 17 मई, 2024
www.azadsipahi.in


# ओपन एआइ की नयी छलांग

ओपन एआइ ने आर्टिफिशल इंटेलिजेंस की दुनिया में नया धमाका करते हुए सोमवार को लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) का लेटेस्ट वर्जन जारी कर दिया जिसे जीटीपी 4ओ नाम दिया गया है। अभी दुनिया जेनेरेटिव एआइ के मौजूदा मॉडलों द्वारा किये जाने वाले कमालों से उपज रहे अवसरों और जोखिमों को ही समझने की कोशिश कर रही थी कि इस नये टूल ने संभावनाओं की एक बिल्कुल नयी खिड़की खोल दी है। जीटीपी 4ओ की खासियत है कि यह टेक्स्ट, ऑडियो और इमेज तीनों फॉरमैट में निर्देश लेते हुए अभूतपूर्व तेजी से रेस्पॉन्स दे सकता है। यह चेहरे के भाव भी पढ़ सकता है और वातावरण की ध्वनियों को भी संज्ञान में लेते हुए उन्हें समझ सकता है। इन वजहों से जीटीपी 4ओ अब तक के एआइ मॉडलों से कहीं आगे की चीज हो गया है। इसके साथ इंटरएक्शन की संभावनाओं पर विचार करें तो एक ट्रांसलेटर, एक टीचर, एक वर्क असिस्टेंट, एक टुअर गाइड और किसी दृष्टि बाधित व्यक्ति की आंख जैसी भूमिकाओं में इसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है। रियलटाइम ट्रांसलेशन इसकी एक अहम विशेषता है, जो अलग-अलग भाषा जानने वाले लोगों के बीच सहज बातचीत को संभव बना सकती है।

**माइक्रोसॉफ्ट की ओर से एलएलएम बेस्ड कोडिंग असिस्टेंट कोपिलोट का इस्तेमाल करने वाले वर्करों के बीच हाल में करवाया गया एक मेटा-रिव्यू बताता है कि कोपिलोट यूज करने वाले वर्कर नॉन-यूजर्स के मुकाबले 26 से 73 फीसदी ज्यादा तेजी से काम पूरा करते हैं।**

साफ है कि आने वाले समय में हम वैश्विक स्तर पर संवाद प्रक्रिया में क्रांतिकारी बदलाव देख सकते हैं। इस बात को लेकर लगभग आम राय रही है कि एआइ और जेनरेटिव एआइ का इस्तेमाल प्रॉडक्टिविटी बढ़ाता है। इस सिलसिले में माइक्रोसॉफ्ट की ओर से एलएलएम बेस्ड कोडिंग असिस्टेंट कोपिलोट का इस्तेमाल करने वाले वर्करों के बीच हाल में करवाया गया एक मेटा-रिव्यू बताता है कि कोपिलोट यूज करने वाले वर्कर नॉन-यूजर्स के मुकाबले 26 से 73 फीसदी ज्यादा तेजी से काम पूरा करते हैं। लेकिन बड़ी बात यह है कि जो एआइ अब तक इंसान के सहायक की भूमिका में था, वह तेजी से उसकी जगह लेता दिख रहा है। वह न केवल इंसान की तरह, बल्कि उससे ज्यादा तेजी से और उससे ज्यादा सटीकता से सोच, समझ और फैसले ले सकता है। इंसान से निर्देश लेने की उसकी जरूरत भी लगातार कम होती जा रही है। जाहिर है, ऐसे में आंखें मूंद कर बढ़ते जाना कोई अच्छा विकल्प नहीं कहा जायेगा। ध्यान रखना होगा कि जीपीटी 4ओ भी इस फील्ड की एक शुरुआती छलांग ही है। जिस तरह के प्रयोग चल रहे हैं, वे आने वाले वर्षों में हमारी दुनिया को किन स्तरों पर और कितना बदलेंगे, इसका अभी सही ढंग से अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता। इसलिए अभी कोई निष्कर्ष निकालने की जल्दबाजी करने के बजाय संभल-संभल कर और सोचते-समझते हुए एक-एक कदम बढ़ाते चलना ही बेहतर होगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**मीडिया रिपोर्ट के अनुसार गुलाम कश्मीर में आटे की आसमान छूती कीमत और बिजली की दरों में वृद्धि के खिलाफ आंदोलित लोगों पर पाकिस्तानी रेंजरों ने गोलियां बरसा दीं। बीते 9 माह से वे दमन सहते हुए रह-रह कर धरना-प्रदर्शन कर रहे थे, परंतु सरकार की नजरअंदाजी के बाद इसने 10 मई को हिंसक रूप ले लिया। हजारों लोग आजादी-आजादी के नारे लगाते हुए पाकिस्तान सरकार के विरुद्ध सड़कों पर उतर आये।**

# कश्मीर और गुलाम कश्मीर में अंतर क्यों?

**बलबीर पुंज**



अभी कश्मीर से दो खबरें सामने आयीं। लोकसभा चुनाव के दौरान श्रीनगर में ढाई दशक में पहली बार सर्वाधिक 38 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं पाकिस्तान के कब्जे वाले गुलाम कश्मीर में हजारों लोग दो वक्त की रोटी के लिए गोलियों का सामना करने को तैयार हैं और पाकिस्तान सरकार भी उन्हें आटे के बदले मौत देने में संकोच नहीं कर रही। दोनों घटनाएं देखने में मामूली लग सकती हैं, परंतु यह अपने भीतर एक बहुत महत्वपूर्ण संदेश समेटे हुए हैं। खंडित भारत आज जो कुछ भी है, वह अपनी बहुलतावादी हिंदू संस्कृति के कारण है। वहीं गुलाम कश्मीर की बदहाली और पाकिस्तान के विनाश के लिए उसकी काफिर-कुफ्र प्रेरित कट्टरवादी सोच जिम्मेदार है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार गुलाम कश्मीर में आटे की आसमान छूती कीमत और बिजली की दरों में वृद्धि के खिलाफ आंदोलित लोगों पर पाकिस्तानी रेंजरों ने गोलियां बरसा दीं। बीते 9 माह से वे दमन सहते हुए रह-रह कर धरना-प्रदर्शन कर रहे थे, परंतु सरकार की नजरअंदाजी के बाद इसने 10 मई को हिंसक रूप ले लिया। हजारों लोग आजादी-आजादी के नारे लगाते हुए पाकिस्तान सरकार के विरुद्ध सड़कों पर उतर आये। इस दौरान मीरपुर-मुजफ्फराबाद आदि क्षेत्रों में आंदोलन को कुचलने हेतु तैनात पाकिस्तानी रेंजरों को स्थानीय लोगों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा और उनके वाहन को फूंक दिया। इस जनाक्रोश को थामने के लिए शहबाज शरीफ सरकार ने 23 अरब पाकिस्तानी रुपये का सब्सिडी पैकेज गुलाम कश्मीर के लिए जारी किया था। चूंकि यह मदद ऊंट के मुंह में जीरा के समान थी, इसलिए इसे आंदोलनकारियों ने अस्वीकार कर दिया।

**वर्ष 2022 से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध से वैश्विक खाद्य और ईंधन की कीमतें बढ़ने के बाद पाकिस्तानी विदेशी मुद्रा भंडार अत्यधिक दबाव में है।**

स्पष्ट है कि गुलाम कश्मीर के लोगों को अब इस्लाम के नाम पर अधिक मूर्ख नहीं बनाया जा सकता। वे देख रहे हैं कि समय बीतने के साथ उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति लगातार गिरती जा रही है। दशकों के शोषण के बाद वहां न तो बिजली-सड़क-पानी की समुचित व्यवस्था है और न ही जिंदा रहने के लिए पर्याप्त अनाज। इसकी तुलना में जम्मू-कश्मीर में स्थानीय लोगों का जीवन स्तर धारा 370-35ए के संवैधानिक क्षरण के बाद निरंतर सुधर रहा है। इस कारण उनका शासन-प्रशासन पर विश्वास भी बढ़ रहा है। 18वें आम चुनाव के चौथे चरण (13 मई) में श्रीनगर सीट पर 1996 के बाद बिना किसी अप्रिय घटना के पहली बार सर्वाधिक मतदान इसका प्रमाण है। यह सकारात्मकता घाटी में बहती विकास की बयार की देन भी है। जम्मू-कश्मीर की जीडीपी वर्ष 2018-19 में 1.6 लाख करोड़ रुपये थी, जो बढ़ कर 2.64 लाख करोड़ रुपये हो गयी है। दिसंबर 2023 तक क्षेत्र का जीएसटी राजस्व 6018 करोड़ था, जो वित्त वर्ष 2022-23 की अवधि से 10.6 प्रतिशत अधिक है।

जम्मू-कश्मीर की नयी औद्योगिक नीति (2019) के अंतर्गत, देश-विदेश से 90 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आ चुके हैं, जिन्हें जमीनी स्तर पर उतारने हेतु दशकों से लंबित आधारभूत सुधारों के साथ 46 नये औद्योगिक क्षेत्रों का निर्माण और अन्य अवरोधकों को दूर किया जा रहा है। पर्यटन जम्मू-कश्मीर की जीडीपी का प्रमुख आधार है। वर्ष 2023 में यहां 2 करोड़ से अधिक पर्यटक (विदेशी सहित) आये थे, जिनके इस वर्ष और अधिक बढ़ने की संभावना है। देर रात तक लोग प्रसिद्ध शिकारा की सवारी का आनंद ले रहे हैं। घाटी में रात्रि बस सेवा बहाल की गयी है, तो स्कूल-कॉलेज और विश्वविद्यालय भी सुचारू रूप से चल रहे हैं। दुकानें भी लंबे समय तक खुली रहती हैं। तीन दशक से अधिक के अंतराल के बाद नये-पुराने सिनेमाघर भी सुचारू रूप से संचालित हो रहे हैं। इस परिवर्तन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ इस केंद्र शासित प्रदेश के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी प्रशासनिक कुशलता का परिचय दिया है। स्वतंत्रता के बाद यह पहली बार है, जब जम्मू-कश्मीर प्रशासन का शीर्ष नेतृत्व भ्रष्टाचार के आरोपों से मुक्त है। स्वाभाविक है कि इससे स्थानीय कश्मीरी संतुष्ट हैं।

ये सब इसलिए संभव हुआ, क्योंकि भारत 2014 से आमूल-चूल परिवर्तन का साक्षी बन रहा है। कई प्रकार की वैश्विक उथल-पुथल के होते हुए भी भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2014-2024 के बीच 5 करोड़ 41 लाख रोजगारों का सृजन हुआ है। लद्दाख से कन्याकुमारी और कच्छ से लेकर कामरूप तक मोदी सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पिछले 10 वर्षों में लगभग 90 करोड़ लाभार्थियों को बिना किसी जाति, पंथ, मजहबी और राजनीतिक भेदभाव के 34 लाख करोड़ रुपए डीबीटी के माध्यम से वितरित कर चुकी है, परंतु कश्मीर की खूबसूरती, कश्मीरी पंडितों के बिना अधूरी है। जब तक यहां मूल संस्कृति के ध्वजवाहक लौटते नहीं, तब तक घाटी सूनी है। गुलाम कश्मीर की दयनीय स्थिति, पाकिस्तान की बदहाली का प्रतिबिंब मात्र है। सामान्य पाकिस्तानी बीते कई वर्षों से कमरतोड़ महंगाई और लकवाग्रस्त आर्थिक नीतियों से जूझ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने 3 अरब डॉलर के बेलआऊट पैकेज की स्वीकृति देते समय जो कड़ी शर्तें लगायी थीं, उसके कारण वहां पहले व्याप्त नकदी संकट, भारी-भरकम कर्ज और मुद्रास्फीति में अत्यधिक वृद्धि हो गयी है। एक समय पाकिस्तान में महंगाई दर 38 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। वहां स्थिति कितनी विकराल है, यह दर्जनभर अंडों के दाम 400 रुपये, 600 रुपये किलो चिकन, दूध 200 रुपये/लीटर, चावल 300 रुपये किलो, टमाटर 200 रुपये किलो और प्याज 250 रुपये किलो की दर से स्पष्ट है।

वर्ष 2022 से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध से वैश्विक खाद्य और ईंधन की कीमतें बढ़ने के बाद पाकिस्तानी विदेशी मुद्रा भंडार अत्यधिक दबाव में है। इसी तरह का वित्तीय असंतुलन श्रीलंका को कंगाल कर चुका है। अब अधिक राजस्व पाने हेतु पाकिस्तान सरकार ने अपने नागरिकों पर कर का भारी बोझ डाल दिया है। जब भीषण महंगाई के कारण लोग टैक्स जमा नहीं कर पा रहे हैं, तो पाकिस्तानी सरकार दूरसंचार कंपनियों के साथ मिल कर टैक्स न जमा करने वाले उपभोक्ताओं के मोबाइल बैलैंस से पैसे काट कर सरकारी खजाना भर रही है। व्यापक रूप से विदेशी सहायता पर निर्भर पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था में उसका निजी क्षेत्र आज भी अविकसित है। उसका शेयर बाजार वर्षों से मृत-प्रायः है। आइएमएफ के अनुसार पाकिस्तान को अगले 5 वर्षों में 123 अरब डॉलर के सकल वित्तपोषण की आवश्यकता है। पीओके इसलिए भी अधिक झुलस रहा है, क्योंकि फरवरी 2019 में पाकिस्तान समर्थित पुलवामा आतंकवादी हमले के बाद भारत द्वारा सूखे खजूर, सेंधा नमक, सीमेंट और जिप्सम जैसे पाकिस्तानी उत्पादों पर सीमा शुल्क 200 प्रतिशत करने से पीओके में व्यापारियों को भारी क्षति पहुंची है। पाकिस्तान की तुलना हम उस घर के मालिक से कर सकते हैं, जो अपने पड़ोसी के प्रति वैमनस्य और घृणा से लबालब भरा है। वह मूर्ख मालिक अपने घर को यह सोच कर आग के हवाले कर देता है कि इसके धुएं से उसका पड़ोसी भी परेशान होगा। प्रगति से ध्यान हटा कर स्वयं को इस्लामी आतंकवाद की पौधशाला बनाना और उसी में पनपे जिहादियों द्वारा अपने ही हजारों-लाखों सहबंधुओं को मौत के घाट उतारना इसका प्रमाण है। अब जो पाकिस्तान अपनी कु-नीतियों के कारण पहले ही दिवालिया होने की चौखट पर खड़ा है, वह कैसे अपने कब्जे वाले कश्मीर का भला कर सकता है।

## जमशेदपुर की खबरें

# मानसून से पूर्व शहर के सभी नालों की सफाई करें : सरयू राय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड में 11 से 13 जून के बीच मानसून प्रवेश कर सकती है। लेकिन अब तक जमशेदपुर पूर्वी विधान सभा क्षेत्र मे छोटे बड़े नालों की साफ सफाई नही हो पाया। गुरुवार को प्रेस वार्ता के दौरान विधायक सरयू राय ने कहा बीते 2 माह पूर्व टाटा स्टील के वीपी सीएस के साथ वार्ता में निवेदन किया था,उन्होंने सहमत भी हुए थे। ताकि मानसून के पूर्व शहर के सभी नालों की साफ सफाई पहले कर दी जाएगी। इसके लिए जेएनएसी के अधिकारियों से भी कहा गया था। लेकिन अब तक नही हो पाया। विधायक सरयू राय ने कहा जेएनएसी व टीएसयुआईएल से आग्रह है वे संयुक्त अभियान चलाकर जमशेदपुर के बड़े-छोटे नालों की शीघ्र सफाई करा दें। ताकि आगामी बरसात के मौसम में मुहल्लों में जल जमाव व नाले का पानी से बस्तियों को बचाया जा सके। विधायक ने कहा जमशेदपुर के लिए नाला आधारित विकास योजना लागू करना अति आवश्यक है। वही विधायक ने कहा केबुल टाउन क्षेत्रों के घरों में बिजली का सीधा कनेक्शन देने के लिए झारखंड उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका न्यायालय ने स्वीकार कर लिया है। दिवालिया केबुल कंम्पनी के आर पी याचिका में निहित बिन्दुओं का जवाब देने के लिए नोटिस जारी किया। झारखंड सरकार और टाटा स्टील के अधिवक्ताओं ने याचिका का समर्थन किया। आगामी 10 जून को ग्रीष्मावकाश के बाद न्यायालय खुलने पर मामले की सुनवाई होगी। वही टाटा स्टील के वकील के अनुसार कंपनी केबुल टाउन के सभी घरों में बिजली का सीधा कनेक्शन देने पर सहमत हैं। लेकिन दिवालिया घोषित हो चुकी केबुल कंपनी के आर पी के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं मिल रहा हैं। विधायक ने कहा टाटा स्टील को दिवालिया केबुल कंपनी के आरपी से अनापत्ति प्रमाण पत्र माँगने की कोई जरूरत नहीं।अनापत्ति के चक्कर में कई वर्षों से लोगो को बेवजह परेशानी उठानी पड़ रही है। महँगा बिजली खरीदनी पड़ रही है। झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के विद्युत आपूर्ति संहिता में स्पष्ट प्रावधान है ह्वविद्युत आपूर्ति के लाईसेंस धारी को अपने क्षेत्रों के सभी घरों को विद्युत कनेक्शन देना होगा। भले ही गृह स्वामी के पास निवास के मालिकाना हक व किसी भी प्रकार का आवासीय प्रमाण हो अथवा नहीं।विद्युत अधिनियम की धारा- 43 में भी इस बारे में स्पष्ट प्रावधान है। किसी भी घर में बिजली कनेक्शन देने से इंकार नहीं किया जा सकता। सर्वोच्च न्यायालय का भी एक मुकदमा संख्या 103/2013 में स्पष्ट आदेश है लाइसेंसी प्राधिकार गृहस्वामी व निवासी को विद्युत कनेक्शन देना होगा। जब सर्वोच्च न्यायालय,विद्युत अधिनियम व विद्युत नियामक आयोग के निर्देश इतना स्पष्ट हैं तब टाटा स्टील की कंपनी टीएसयुआईएल को केबुल टाउन में बिजली का अलग कनेक्शन के बजाय दिवालिया केबुल कंपनी के आरपी से अनापत्ति प्रमाण पत्र माँगने का कोई औचित्य नहीं।

उन्होंने कहा बीते तीन वर्ष से मौखिक एवं लिखित रूप से कंपनी को कह रहे थे। मुझे पूरा विश्वास है रिट याचिका की सुनवाई के बाद झारखंड उच्च न्यायालय से भी इसी आशय का निर्णय आएगा। तब कंपनी के पास घरों को सीधा बिजली कनेक्शन देने के सिवाय कोई चारा नहीं रहेगा। विधायक श्री राय ने कहा ताकि यह मामला कानूनी दाव-पेंच का शिकार न हो व अनावश्यक समय बर्बाद नहीं हो इसके लिए टाटा स्टील को केबुल के घरों में सीधे बिजली कनेक्शन देकर उच्च न्यायालय को सूचित कर देना चाहिए।

# विकास की रफ्तार बनाये रखने और विकसित भारत के संकल्प को मूर्त रूप देने के लिए मोदी को बनायें पीएम : विद्युत वरण महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा लगातार लोगों से संर्पक व संवाद के जरिये समर्थन जुटा रही है। गुरुवार को सांसद सह भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो ने जमशेदपुर पुर्वी विधानसभा के विभिन्न मंडल क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से आशीर्वाद और समर्थन मांगा। बिद्युत महतो ने बिरसानगर मंडल क्षेत्र के जोन नंबर 8 में स्थित काली मंदिर में पूजा अर्चना कर जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की। उन्होंने भाजपा कार्यकताओं व स्थानीय लोगो संग बिरसानगर, साकची पुर्वी, बमार्माइंस, टेल्को, बारीडीह व सीतारामडेरा मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए अपील की। इस दौरान कार्यकताओं का उत्साह देखने को मिला। भाजपा कार्यकताओं ने 'भाजपा जिंदाबाद,' 'नरेंद्र मोदी व बिद्युत महतो जिंदाबाद' के नारे के साथ 'अबकी बार चार सौ पार' का नारा लगाते हुए क्षेत्र के बुजुर्ग, युवा, महिलाओं, छात्राओं, दुकानदारों, मजदूरों के साथ समाज के अन्य वर्गों से मुलाकात कर केंद्र की मोदी सरकार एवं बिद्युत महतो के उपलब्धियों के पत्रक भेंटकर 25 मई को ईवीएम क्रमांक 2 पर बटन दबाकर बिद्युत महतो को विजयी बनाने का आग्रह किया। वह अतुलनीय एवं अद्भुत है। ऐसी सभी योजनाओं का लाभ आमजनों को बिना किसी भेदभाव के मिल रहा है। बिद्युत महतो ने कहा आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के साथ-साथ किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, नल से जल ऐसी योजनाएं हैं। उन्होंने कहा राज्य सरकार की उदासीनता और हठधर्मिता के कारण कई योजनाएं पूरी नही हो सकी। आने वाले पांच वर्षों में ऐसी सभी योजनाओं को समय से पूर्ण करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इसके साथ ही पलायन को रोकना, रोजगार के अवसर का सृजन करना एवं उच्च शिक्षा हेतु शिक्षण संस्थानों का निर्माण करना एवं अन्य मांगों को वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा करेंगे। मौके पर लोग मौजूद रहे।

# बालाजी कृष्णा इंजीटेक कंपनी में आगजनी की घटना का इसरो के प्रतिनिधिमंडल ने लिया जायजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** बीते दिनों इंडस्ट्रियल एरिया फेज 6 स्थित बालाजी कृष्णा इंजीटेक कंपनी में हुई आगजनी की घटना का इसरो के प्रतिनिधि मंडल ने जायजा लिया।गुरुवार उन्होंने कंपनी के प्रबंधन संजीव कुंडू से मुलाकात कर संवेदना जताई। हर संभव साथ देने का भरोसा दिलाया। इसरो के अध्यक्ष रूपेश कतरियार ने बताया आगजनी की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। छोटे उद्यमियों के लिए इस तरह की घटना काफी पीड़ादायक होती है। उनके पास कंपनी को फिर से स्टेबल करना चुनौतियों भरा होता है। साथ ही नुकसान की भरपाई करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कंपनी मालिक के जज्बे की सराहना की। उन्होंने बताया संजीव कुंडू शहर के बाहर थे। घटना की सूचना मिलते ही सभी घायलों का टाटा मुख्य अस्पताल में ईलाज कराने का निर्देश दिया। उसके बाद फौरन शहर वापस लौट कर डॉक्टरों से मिलकर घायलों का बेहतर से बेहतर उपचार कराने की बात कही। उन्होंने बताया एक उद्यमी के लिए यह सबड़े दुःखद घड़ी होता है। इसरो अपने साथ जुड़े उद्यमियों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा नफा-नुकसान की कोई परवाह नहीं है। पहली प्राथमिकता सभी मजदूरों का बेहतर से बेहतर ईलाज हो। इसके लिए यदि मुझे कंपनी बेचनी भी पड़े तो परवाह नहीं है। मौके पर इसरो के अध्यक्ष रूपेश कतरियार, समीर सिंह, मनोज कुमार, विनय सिंह, उत्तम चौधरी, सौरभ चौधरी, शैकत घोष, अवनीत मुतरेजा, राजीव शुक्ला सहित अन्य शामिल रहे।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर टाटा स्टील यूआइएसएल ने लोगों को किया जागरूक

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर टाटा स्टील यूआईएसएल ने ₹सुरक्षित कल के लिए हमारी जिम्मेदारी₹ विषय पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया। गुरुवार को धतकीडीह सामुदायिक केंद्र में टाटा स्टील यूआईएसएल के द्वारा आयोजित दो घंटे के कार्यक्रम में जिला मलेरिया कार्यालय के प्रभारी डॉ. ए.के.मित्रा,एकीकृत रोग नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभारी डॉ.असद, वरीय परामर्शदाता व शिशु रोग विभागाध्यक्ष डॉ. कुमार दिवाकर सहित अन्य उपस्थित रहे। मौके पर टाटा स्टील यूआईएसएल कीटविज्ञानी ने डेंगू से निपटने पर अपने विचार को साझा किया। साथ ही एडीज मच्छर का सजीव प्रदर्शन लोगो को दिखाया।टाटा स्टील यूआईएसएल ने डेंगू के खिलाफ लड़ाई में सामूहिक जिम्मेदारी पर एक महत्वपूर्ण याद दिलाया। जो एक महत्वपूर्ण लोक स्वास्थ्य के लिए चुनौती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार डेंगू को नियंत्रित करने के लिए सामुदायिक भागीदारी आवश्यक है। डेंगू बुखार दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करता है। टाटा स्टील यूआईएसएल ने खासकर उष्णकटिबंधीय व उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में इस तात्कालिकता को पहचानते हुए डेंगू को रोकने और स्थानीय समुदायों की सुरक्षा के लिए सक्रिय उपायों की आवश्यकता पर जोर दी। वैसे टाटा स्टील यूआईएसएल बीते मार्च 2024 से सक्रिय रूप से जागरूकता अभियान चला रही है। अभियान में सभी समुदाय को शामिल कर रहे है। एडीज लार्वा व नियंत्रण विधियों का प्रदर्शन के लिए स्कूलों का दौरा,मोबाइल में सूचना, शिक्षा व संचार वैन शामिल है। लगभग 150 लोगो के घर-घर जाकर जागरूकता बढ़ाने,घरों का निरीक्षण करने व सप्ताह में एक बार घरों को ₹डेंगू ड्राई₹ बनाने के महत्व के बारे में प्रशिक्षित किया गया। टाटा स्टील यूआईएसएल के अनुसार सामुदायिक भागीदारी से डेंगू के खिलाफ लड़ाई में एक एकीकृत प्रयास की आवश्यकता है। सरल निवारक उपाय व डेंगू की घटनाओं को काफी हद तक कम कर सकते हैं। ताकि सभी के लिए एक स्वस्थ, सुरक्षित कल को सुनिश्चित कर सके।

# लातेहार विधायक बैजनाथ राम ने चलाया जनसंपर्क अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**बारियातू।** लातेहार विधायक बैजनाथ राम ने गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित महागठबंधन के चतरा लोकसभा प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया और जीत के लिए आशीर्वाद मांगा। मौके पर बोलते हुए विधायक राम ने कहा कि मंहगाई, बेरोजगारी, नफरत, से जानता परेशान हैं और इस चुनाव मे जनताओं ने महागठबंधन के प्रत्याशी के एन त्रिपाठी को अपना आशीर्वाद देने का मन बना लिया है। कांग्रेस के के एन त्रिपाठी झारखंड के मंत्री रह चुके हैं और अनुभावी शिक्षीत के साथ ही साथ लोकसभा क्षेत्र का बेटा है। वह हमेशा जनताओं से जुड़े रहते हैं। इसलिए आप सभी लोग अपने अपने वोट से उन्हें जिताये। ताकि इस क्षेत्र का समुचित विकास हो सके। मौके पर जेएमएम जिला सचिव शमशुल होदा, मो इमरान, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिगन कुमार, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, आरजेडी अध्यक्ष लवकुश यादव, भाजपा से कांग्रेस मे शामिल हुई निरंजन राम, बहादुर गंझू, सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद थे।

# शांतिपूर्ण निर्वाचन को लेकर सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन करें : गरिमा सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार लोकसभा आम चुनाव, 2024 के निमित्त लातेहार जिला में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने हेतु टाउन हॉल, लातेहार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के द्वारा संयुक्त रूप से सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को ब्रीफिंग किया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने को लेकर सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को अपने कर्तव्य, इवीएम प्राप्त करने, मतदान समापन पश्चात ईवीएम स्ट्रांग रूम तक सुरक्षित पहुंचाने से संबंधित आवश्यक जानकारियां साझा की। सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को चुनाव के पूर्व, चुनाव के एक दिन पहले और चुनाव के दिन के कार्यों की जानकारी दी गयी। आगे उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान आपके द्वारा की गयी एक चूक या कार्यों से संबंधित अपर्याप्त ज्ञान मतदान केंद्रों पर होने वाले मतदान प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। इसलिए आप सभी बेहद संजीदगी के साथ ब्रीफिंग में दी गयी। जानकारी को समझ लें।

पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने लोकसभा चुनाव हेतु प्रतिनियुक्त पुलिस बल को सुरक्षित मूवमेंट प्लान, मतदान केंद्रों में विधि व्यवस्था संधारण, मतदान समापन पश्चात इवीएम स्ट्रांग रूम तक सुरक्षित पहुंचाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को मतदान केंद्र तक कैसे पहुंचना है, ईवीएम मशीन को किस तरह से ले जाना है और फिर कैसे सुरक्षित उसे स्ट्रांग रूम तक पहुंचना है इन तमाम बातों की जानकारी दी गयी। आगे उन्होंने कहा कि लातेहार के कुछ क्षेत्र नक्सल प्रभावित है, ऐसे में उन्हें बूथ तक जाने और मतदान खत्म होने तक तमाम तरह के सुरक्षा नियमों का पालन करने को कहा गया है।

इस दौरान उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, कार्मिक कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी उदय कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, डीएसपी मुख्यालय संजीव कुमार मिश्र, सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# दर्जनों गांवों में भाजपाइयों ने चलाया जनसंपर्क अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** चतरा लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कालीचरण सिंह के पक्ष में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह और प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर के द्वारा मोरवाई, छेचा, खुरा, मंगरा पंचायत के कई गांव के ग्रामीणों के बीच जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क अभियान के माध्यम से जहां पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में वोट की अपील करते हुए केंद्र सरकार की उपलब्धियां को बताने का काम मतदाताओं के बीच जाकर किया गया। मौके पर मौजूद पूर्व विधायक ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल में अंतिम व्यक्ति के विकास और उन्नति को लेकर सभी योजनाओं को धरातल पर उतरने का काम किया। वही जिला परिषद सदस्य संतोषी ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने क्षेत्र के दलित आदिवासी भाई बहनों के साथ-साथ महिलाओं को समाज में बराबरी का अधिकार दिलाने को लेकर कई ऐतिहासिक कार्य किये हैं। जिसके बदौलत आज समाज में हम सभी पुरुष के साथ बराबरी में आकर अपने और अपने क्षेत्र के विकास में भागीदारी निभा रहे हैं। कार्यक्रम में प्रखंड प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह, सासंद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, रुपाली सिंह, दीपक सिंह, भोला समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# लेखा की जांच नहीं कराने वाले छह प्रत्याशियों को नोटिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार लोक सभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन व्यय से संबंधित प्रत्याशियों के लेखा जांच के लिए तीन तिथि निर्धारित की गयी है। 09 मई, 14 मई, 18 मई 2024 निरीक्षण के लिए दूसरी तिथि 14 मई 2024 निर्धारित था। परंतु अपराहन 5 बजे तक कुछ प्रत्याशियों अथवा प्रत्याशियों के द्वारा प्रतिनियुक्त चुनाव अभिकर्ता के द्वारा व्यय प्रेक्षक (एक्सपेडिचर ओबजर्वर) के समक्ष निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा का निरीक्षण के लिए लेखा व्यय पंजी प्रस्तुत नहीं किया गया और निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये।

यदि लेखा निरीक्षण की निर्धारित तीसरी तिथि 18 मई 2024 को 11:00 पूर्वाहन से 5 बजे अपराहन तक व्यय प्रेक्षक के समक्ष चतरा डीएमएफटी प्रशिक्षण भवन (विकास भवन के बगल में) में लेखा निरीक्षण के लिए प्रत्याशी अथवा प्रत्याशी के द्वारा प्रतिनियुक्त चुनाव अभिकर्ता के द्वारा लेखा व्यय पंजी प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 के तहत यह माना जायेगा कि निर्वाचन व्यय से सबंधित लेखा संधारित करने में असफल रहें है और उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

**प्रत्याशियों के नाम**

**महेश बाण्डो पिता - दुखनारायण उरांव, बहुजन मुक्ति पार्टी, ग्राम-डाढा पोस्ट थाना सदर चतरा, जिला-चतरा (दिनांक 09 मई 2024 को भी अनुपस्थित)। सुमित कुमार यादव पिता- श्रवण कुमार यादव, समता पार्टी ग्राम-सगालीम थाना-पांकी पोस्ट-सगालीम, जिला-पलामू (दिनांक 09 मई 2024 को भी अनुपस्थित)। विक्रात कुमार सिंह, पिता प्रदीप सिंह, स्वतंत्र ग्राम-कोमर थाना पोस्ट-बालुमाथ, जिला लातेहार, (दिनांक 09 मई 2024 को भी अनुपस्थित)। मो० अबुजर खान, पिता स्व० करार खान, स्वतंत्र ग्राम हुलाग, पोस्ट सगालीम, थाना पाकी जिला पलामू। अर्जुन कुमार, पिता-केवल महतो, सीपीआई, ग्राम-ईचाकर्बुद, पोस्ट-नावाडीह डमौल, सिमरिया, चतरा। लव कुमार पंडित, पिता सरयु प्रजापति, भागीदारी पार्टी, गृह संख्या-14, ग्राम केन्दुआ, पोस्ट पाण्डेबारा, थाना-चौपारण, जिला हजारीबाग।**

# लोहरदगा में गहराया जल संकट, लोग चुआं का पानी पीने को मजबूर

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले में इन दिनों जल संकट देखने को मिल रहा है शहरी क्षेत्र के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी जलस्त्रोतो के सूखने से लोगो के बीच जल संकट उत्पन्न हो गया है। लोहरदगा की नदी तलाब और कुएं भी पूरी तरह से सूख चुके हैं जिससे सुदूर क्षेत्रों में आदिम जनजाति के ग्रामीण चुंवा का पानी पीने को मजबूर है। मई माह के इस पहले सप्ताह में ही नदियों तालाबों और कुओं की स्थिति पूरी तरह से भयावह हो चुकी है। भीषण गर्मी के बीच लोगों के सामने पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है शहरी क्षेत्र के नदी सुख चुके हैं जिससे पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही है और लोग पानी खरीदकर पीने को मजबूर है। वही जिले के पेशरार प्रखंड के सुदूर क्षेत्र तुइमु गांव में आदिम जनजाति के लोग रहते हैं लेकिन आज तक उन्हे स्वच्छ पेयजल नसीब नही हुआ है लोग चुवा का पानी पीने को मजबूर है गांव में जलमिनार भी वर्षो से खराब पड़ी हुई है। इस क्षेत्र में अधिकारी भी बहुत कम पहुंचते हैं। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारी ने जल्द सुदूर क्षेत्र में पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने की बात कर कहा जो सुदूर क्षेत्र में आदिम जनजाति के लोग चुवें की पानी पीते हैं उनसे अपील है पानी गर्म कर के पिए केंद्र सरकार को इस क्षेत्र के विकास के लिए परपोजल भेजा गया है जैसे ही योजना पास होती हैं उसे धरातल में उतार कर आदिम जनजाति के लोगो के लिए पेयजल सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### विद्या मंदिर में नव नामांकित भैया बहनों का सम्मान समारोह आयोजित



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में कक्षा षष्ठ से नवम तक में नवीन नामांकित भैया बहनों के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम नवीन भैया बहनों द्वारा पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के प्रमुख आचार्य श्यामसुंदर कुमार ने इस मौके पर अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि नवीन भैया बहन विद्यालय के लिए प्रमुख आकर्षण हैं। आप सभी विभिन्न विद्यालयों से आए हुए हैं। विद्या मंदिर द्वारा संचालित व्यवस्थाओं एवं संस्कारों से आप सभी समरस हों, यही अपेक्षा की जाती है। इसके बाद नव नामांकित भैया बहनों में से शशि कला उरांव, सुरभि उरांव, रवि कुमार, लाल अंश नाथ शाहदेव,ने अपना अनुभव कथन रखते हुए विद्यालय व्यवस्था को आदर्श और प्रेरक बताया। इस अवसर पर बहन समृद्धि सिन्हा, निधि शर्मा एवं सहेलियों ने 'चंदन है इस देश की माटी' यह प्रेरक गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर विद्यालय के विज्ञान आचार्य राजीव कुमार सिंह ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि नवीन भैया बहनों का सम्मान करना विद्या भारती की परंपरा है। इससे आप सभी नवीन नामांकित भैया बहनों की पहचान बनती है। मंच संचालन विद्यालय के आचार्य विष्णु दत्त पांडेय ने किया। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जेनरेटर खराब होने स्वास्थ्य कर्मी और मरीज परेशान




**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जेनरेटर खराब होने के कारण स्वास्थ्य कर्मियो, मरीजों और उनके परिजनों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार द्वारा केंद्र में हजारों रुपए खर्च कर जनरेटर की व्यवस्था तो की गयी है। लेकिन जनरेटर काफी पुराना होने से आये दिन खराब होते रहता है। कई बार मरम्मत करायी जाती है लेकिन पुराना होने से कुछ दिनों में ही जनरेटर खराब हो जाता है पिछले लंबे समय से जेनरेटर बंद पड़ा है। ऐसे में बिजली गुल होने पर केंद्र में भर्ती मरीजों को गर्मी और उमस के कारण परेशानी होती है। इसके अलावा पैथोलॉजी लैब में होने वाली जांचें भी नहीं हो पाती है। ऐसे में मरीजों को जांच रिपोर्ट के लिए बिजली सप्लायी शुरू होने का इंतजार करना पड़ता है। वहीं डॉक्टर्स एवं मेडिकल स्टाफ को भी परेशानी झेलनी पड़ती है। केंद्र की लैब में महिलाओं की खून और यूरिन की जांच की जाती है। बिजली गुल होने के कारण पैथोलॉजी जांच का काम पूरी तरह से ठप हो जाता है। ओपीडी में आने वाले मरीज पैथोलॉजी में खून की जांच कराने पहुंचते हैं, तो पता चलता है कि बिजली नहीं है। ऐसे में मरीजों को निजी पैथालॉजी में जांच करानी पड़ती है। इस संदर्भ में प्रभारी डॉक्टर संजय कुमार ने बताया नये जनरेटर को लेकर कई बार जिला प्रशासन से मांग की गयी पर अभी तक जेनरेटर नहीं मिल सका है। जिससे मरीजों के साथ कर्मियो को भी परेशानी हो रही है।

### कर्मियों को लोस चुनाव में सहयोग के लिए मिले 1000 से 2000 रुपये, जतायी नाराजगी



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** लोस चुनाव के अवसर पर पीठासीन पदाधिकारी, पीवन, पीटू व पीथ्री के मानदेय दैनिक भत्ता में अन्य राज्यो के तुलना झारखंड में कम राशि मिलने को लेकर ऑल इंडिया फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव सह राजपत्र कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सह जिलाध्यक्ष सुरेश राम ने नाराजगी जाहिर की है।इस सम्बंध में उन्होंने बताया कि शिक्षकों व कर्मचारियों को लोस चुनाव हेतु पीवन, पीटू को 2000 रुपए मात्र मानदेय दिया गया है। जबकि पी थ्री को 2000 रुपए और माइक्रो को 1000 दिया गया है, जो बहुत ही कम है। इतना कम मानदेय में काम करने में परेशानी होगी। शिक्षकों और कर्मचारियों ने मतदान कर्मियों को मानदेय दैनिक भत्ता में बढ़ोतरी करने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह से अनुरोध किया है।

# बिजली टावर गिरने से एक मजदूर की मौत, छह घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार सदर थाना क्षेत्र के बरियातू ग्राम में बृहस्पतिवार को अचानक टावर गिर जाने से एक मजदूर उमेश राम रुनीया डीह जिला मदन पूर निवासी की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं ढोलो मांझी गंभीर रूप से घायल है। वही अन्य छह मजदूरों को गंभीर चोट लगी है। इसके बाद इसकी सूचना लातेहार सदर थाना को दी गयी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव के साथ घायल मजदूरों को लातेहार अस्पताल लाया गया। जहां ढोलो मांझी की स्थिति नाजुक देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है वही छह मजदूरों प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। इधर मृतक के भाइ मिथिलेश कुमार राम ने बताया कि एक महीना पहले औरंगाबाद से 15 मजदूर केइसी इंटरनेशनल लिमिटेड लिमिटेड कंपनी के मालिक नीरज सिंह के कहने पर काम करने के लिए लातेहार बरियातू ग्राम आये थे। गुरुवार सुबह 10 लोग टावर के ऊपर चढ़े थे की तकरीबन 12:30 बजे कंपनी के स्टाफ सुलेमान अंसारी वहां आये और दो मजदूर को एक ही टावर के ऊपर चढ़ा दिया। उसके बाद दूसरे तरफ से किसी ने टावर में लगे तार को जोरो से खींच दिया। तार टावर टाइट हो जाने तुंरत टावर गिर गयी। जिसके कारण यह घटना घटित हुई है आगे परिजनों ने जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। वहीं परिजनों के बयान पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी है।

# भंडरा में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भंडरा।** भंडरा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में गुरुवार राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम राजकीय मध्य विद्यालय भौरों में डेंगू दिवस पर कार्यक्रम किया गया। जिसमे एमटीएस इंचार्ज राम कुमार महतो के द्वारा बताया गया की डेंगू साफ जमे हुए पानी में पनपते है डेंगू संक्रमित मादा एडीस मच्छर के काटने से होता है अचानक तेज बुखार आना, पहचान खोना, तेज सिर दर्द , आंखों के पिछले हिस्से में दर्द, मसूड़ों से खून आना,भूख न लगना ,यदि ये लक्षण हो तो निकट के सरकारी अस्पताल या योग्य चिकित्सक से तुरंत संपर्क करना चाहिए। बचाव के उपाय मच्छरों से बचे, घर के आस पास सफाई रखे, पानी के बर्तनों को ढंक कर रखे, क्योंकि एडीस मच्छर स्वच्छ जल में ही पनपते है। बुखार होने पर पानी ज्यादा मात्रा में पीना चाहिए और अस्पताल जा के खून जांच कराना चाहिये। सभी सरकारी अस्पताल में जांच और उपचार की सुविधा मुफ्त उपलब्ध है। इस कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय मध्य विद्यालय भौरों से प्रथम पुरस्कार हरी प्रसाद, द्वितीय पुरस्कार किरंती कुमारी, राजकीय मध्य विद्यालय बेदाल से प्रथम पुरस्कार आरती कुमारी, द्वितीय पुरस्कार पंखी कुमारी, राजकीय मध्य विद्यालय जमगाई से प्रथम पुरस्कार अंजना कुमारी, द्वितीय पुरस्कार मनिता असुर, राजकीय उच्च विद्यालय गाराडीह मुस्कान खातून द्वितीय पुरस्कार गुंजन खातून छात्रों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक सरोज उरांव, लक्ष्मी, एमटीएस इंचार्ज राम कुमार महतो, राजेश्वर तिर्की एमपीडब्ल्यू, ताजे उरांव एमपीडब्ल्यू, हीरामणि उरांव, रानीमति और शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित थे।

# श्रीमद्भागवत कथा को सुनने से पुण्य मिलता है : पं. रामसेवक

**हटिया गार्डन काली मंदिर में चल रही है 07 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के हटिया गार्डन स्थित श्री हरिबाबा काली मंदिर में चालू 07 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक पंडित रामसेवक पाठक ने कथा के पांचवे दिन सूर्यवंशी राजाओं के चरित्र का वर्णन, मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण, वासुदेव देवकी का चरित्र, देवताओं द्वारा भगवान के गर्भ में स्तुति, भगवान का पृथ्वी पर अवतरण, वासुदेव के द्वारा भगवान को ब्रज में छोड़कर आना, गोकुल में भगवान का जन्मोत्सव व बाल कीड़ायें आदि का वर्णन किया। कहा कि धर्म व ईश्वर पर आस्था के प्रति सजग हो। भगवान हरि का ध्यान करें और श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर जीवन में उतारने का प्रयास करें। मौके पर बिना परिचय किसी के साथ श्रद्धाभाव के साथ संबंध व संपर्क स्थापित नहीं होते। इसीलिए यह जानना जरूरी है कि श्रीमद् भागवत कथा क्या है। इस कथा के सुनने से क्या लाभ है। भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य को पुण्य प्राप्त होता है। उन्होंने बताया की भगवान सभी जीवों में व्याप्त हैं। मनुष माया मोह के जंजाल में पड़ा रहता है। ज्ञात हो कि काली मंदिर परिसर में हर दिन दोपहर तीन बजे से संध्या छह बजे तक तीन घंटे कथा का वाचन होता है। हर दिन मंदिर परिसर में पहुचकर श्रद्धालु भक्त कथा का श्रवण कर रहे हैं। गौरतलब है कि कथा 12 मई से शुरू हुई थी जो 19 मई तक चलेगी। कथा के पहले दिन श्रीमद्भागवत महात्म्य, गौकर्ण उपाख्यान, देवर्षि नारद का चरित्र, सुखदेव मुनी का चरित्र का वर्णन किया गया। दूसरे दिन अश्वथामा द्वारा द्रोपदी के पुत्रों का मारा जाना, अश्वत्थामा का मान मर्दन, राजा परीक्षित का गर्भ में रक्षा बतायी गयी। तीसरे दिन श्रीकृष्ण का द्वारिका गमन, पांडवो का परमधाम गमन, परीक्षित द्वारा कलयुग का दमन, चतुश्लोकी भागवत का उपदेश, मनु के कन्याओं का वँशो का वर्णन, दक्ष यज्ञ विध्वंस, भक्त ध्रुव चरित्र, राजा अंग का चरित्र, महाराजा पृथु का आविर्भाव, पुनर्जन्म व उपाख्यान पर कथा सुनायी गयी। चौथे दिन गजेंद्र द्वारा भगवान की स्तुति, दुवार्सा ऋषि द्वारा इंद्र को श्राप, समुद्र मंथन, देवासुर संग्राम, वामन अवतार पर कथा सुनायी गयी। मौके पर देवेंद्र पाठक, आनन्द पाठक, जितेंद्र पाठक के अलावे बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद थे।

# पदाधिकारियों और कर्मियों ने किया पोस्टल बैलेट से मतदान



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन कार्य मे संलग्न पदाधिकारियों/ कर्मियों द्वारा गुरुवार को समाहरणालय परिसर लोहरदगा में बने सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया गया। दिनांक 17 मई 2024 को पोस्टल बैलेट से मतदान होगा। जिसमें चतरा, कोडरमा, हजारीबाग, धनबाद, गिरिडीह, जमशेदपुर और रांची लोकसभा क्षेत्र के मतदाता शामिल होंगे। इन्हीं जिलों के मतदाता शामिल हुए।

## जीत हार को लेकर चाय की चुस्की पर चुनावी चर्चा



सुधाकर कुमार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के नुक्कड़ों पर विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता चाय पर चुस्की लेते हुए चुनावी चर्चा में लग गए हैं।अपनी-अपनी जीत हार को लेकर आकलन किया जा रहा है। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में पूर्व से त्रिकोणीय मुकाबला की संभावना जताई जा रही थी। लेकिन अब लोग बीजेपी और कांग्रेस में टक्कर की बात कर रहे हैं। वहीं लोगों ने पांचो विधानसभा की वस्तु स्थिति को लेकर भी चर्चा की भाजपा से जुड़े लोगों ने कहा लोहरदगा विधानसभा और गुमला विधानसभा में भाजपा आगे है जबकि मांडर विधानसभा से कांग्रेस कम अंतर से आगे है। वहीं बिशनपुर विधानसभा से त्रिकोणीय मुकाबले की बात कही जबकि सिसई विधानसभा से बीजेपी कांग्रेस में कांटे की टक्कर बताई जा रही है। वहीं चर्चा में भाजपा कांग्रेस और चमरा लिंडा के समर्थकों को एक साथ चाय पर चुस्की लेते हुए चर्चा करते देखा गया। वही कांग्रेस के नेताओं ने कहा भाजपा 400 पार का आंकड़ा कभी नहीं छु पाएगी। चुनाव के पूर्व तक निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा भाजपा और चमरा लिंडा में टक्कर की बात कर रहे थे। वहीं कांग्रेस को दूर-दूर तक कहीं नहीं बताया। पूरे लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा और कांग्रेस का ही टक्कर दिख रहा है।

## मतदान के बाद वोटर मौन, बढ़ गयी है समीक्षकों की माथा पच्ची

आफताब अंजुम

**गुमला।** लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण का मतदान संपन्न होते ही क्षेत्र के मतदाता मौन हो गए हैं। वहीं राजनीतिक पार्टियों, उनके कार्यकर्ता, उनके समर्थक और राजनीतिक समीक्षक अपनी अपनी समीक्षा पर माथा पच्ची करते हुए नजर आ रहे हैं कौन कितना वोट लाएगा? किसने किधर के मतदाताओं को लुभाया? कौन प्रत्याशी किस क्षेत्र में किसका वोट काट रहा है? हर गली, नुक्कड़, चौक, चौराहे, पान दुकान और चाय के ठेलों पर इन्हीं बातों की चर्चा हो रही है। लोकसभा चुनाव 2024 का मतदान विचारधारा पर आधारित हुआ या मुद्दों पर यह चिंतन का गंभीर विषय है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस जैसे राष्ट्रीय पार्टियों के दिग्गज दावेदारों







के होते हुए जब निर्दलीय दिग्गज चेहरे मैदान में उतरेंगे तो इसका असर चुनाव में देखने को मिलेगा ही।

लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के चुनाव में राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस के उम्मीदवार सुखदेव भगत, भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार समीर उरांव के बीच निर्दलीय उम्मीदवार चमरा लिंडा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर समीक्षकों की समीक्षा का दायरा बहुत बढ़ा दिया है। अब दोनों राष्ट्रीय पार्टियों की हार जीत की धुरी चमरा लिंडा के पाए हुए मतों पर टिकी है। दोनों पार्टियों के समीक्षक ये ढूंढने में लगे हैं कि चमरा किस क्षेत्र से कितना वोट लेकर के आये हैं। क्योंकि फिलहाल लोहारदगा सीट में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के हार जीत का पैमाना यही है। पिछली बार लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में किस बूथ से किस पार्टी को कितना वोट प्राप्त हुआ था और इस बार किस क्षेत्र से चमरा लिंडा कितना वोट लेकर के आते हैं इसी माइनस प्लस के खेल में ही जीत का राज छुपा हुआ है। जातिगत समीकरण के अनुसार दोनों राष्ट्रीय पार्टियों अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। फिर भी मौजूदा स्थिति में जीत की दावेदारी पुख्ता तौर पर कोई पार्टी या कोई प्रत्याशी नहीं कर पा रहा है। सब के दिल धकधक धड़क रहे हैं।

## भाई और बहन के बीच स्कूटी को लेकर विवाद, मामला पहुंचा थाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना में स्कूटी के विवाद को लेकर एक बहन द्वारा भाई के विरुद्ध शिकायत किये जाने का मामला सामने आया है। बहन डरी सहमी भाई का शिकायत लेकर थाना पहुंची थी। जिसके बाद पुलिस भाई से संपर्क कर बहन को स्कूटी लौटा देने बात कहते हुए उसे काफी समझाया। मगर भाई कुछ समझने को तैयार नहीं था। बहन ने पुलिस को बताया कि वह किसी से कुछ पैसे उधार लेकर उसके पास अपनी खरीदी हुई स्कूटी बंधक रखी थी। जिसकी जानकारी के बाद भाई उसे बंधक के एवज में ली गयी राशि लौटकर स्कूटी अपने पास वापस रख लिया। साथ ही वह चलाने लगा। इसके बाद वह भाई को 25 हजार रुपये के जगह 30 हजार रुपये देकर स्कूटी मांगने लगी। मगर भाई देने से इनकार कर दिया। साथ ही जोर जबरदस्ती कर मांगे जाने पर स्कूटी को आग के हवाले कर देने की धमकी दी। जिसके बाद वह डर गयी। फिर भाई से कुछ भी गुहार नहीं लगायी। साथ ही थाना पहुंच कर शिकायत की। इस मामले में पुलिस ने बताया कि दोनो भाई बहन को शुक्रवार को थाना बुलाया गया है। दोनो को बैठाकर मामले को समझाया जायेगा। दोनो के बीच सुलह कराने का प्रयास किया जायेगा।

### महत्वपूर्ण खबरें

## बीडीओ ने योजनाओं को लेकर की बैठक



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठक के अध्यक्षता में प्रखंड में चल रहे विकास योजनाओं मनरेगा, अबुआ आवास योजना को लेकर पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों के साथ समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक में बीडीओ यादव बैठा ने पंचायत सचिव एवं जन सेवकों अबुआ आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने एवं लाभुक का जाति प्रमाण पत्र निर्गत कर कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास के लाभुकों से मुलाकात कर कार्य में तेजी लाए यदि कोई लाभुक आवास निर्माण कार्य में रूचि नहीं ले रहा हो तो उसकी सूची तैयार करें ताकि उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। बिडियो ने बताया कि अबुआ आवास योजना के अंतर्गत लाभों के खाते में दूसरी किस्त आने में परेशानी ना हो जिसको लेकर काउंसलिंग किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड समन्वयक कमलेश बारला, संतोष यादव, पंचायत सचिव, जनसेवक, रोजगार सेवक आदि उपस्थित थे।

## टेंपो से गिरकर नाबालिग बच्चा घायल




**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के दोदांग गांव के समीप गुरुवार को टेंपो से गिरकर एक नाबालिक बच्चा घायल हो गया। घायल रूपेश उरांव गुडरीटोली इचा गांव का रहने वाला है। घायल अवस्था में अन्य परिजन उसे उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे बेहतर इलाज हेतु गुमला रेफर कर दिया घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार रूपेश उरांव टेंपो में सवार होकर अन्य परिजन के साथ मेहमानी गुमला की ओर जा रहा था। जहां दोदांग के पास वह टेंपो में साइड सीट पर बैठा था और उसको नींद आ गया जिससे वह गिर गया और वह घायल हो गया।

## विद्युत विभाग की टीम ने चलाया छापामारी अभियान

**गुमला (आजाद सिपाही)।** विधुत विभाग की टीम ने बुधवार को सदर प्रखंड के कई गांवों में छापामारी अभियान चलाया।इस छापामारी अभियान का नेतृत्व जेई कृष्ण कुमार कर रहे थे।छापामारी के क्रम में टीम ने मुरकुंडा निवासी रमेश साहू व राजकुमार साहू के यहां विधुत बाईपास किया हुआ पाया।जिसके बाद टीम ने रमेश के उपर तेरह हजार तीन सौ 59 रुपया का जुमार्ना लगाया।साथ ही राजकुमार के ऊपर दस हजार तीन सौ 47 रुपया का जुमार्ना लगाया गया।वहीं बरगांव गांव में छापामारी के क्रम में केश्वर उरांव व कुना उरांव को विद्युत बाईपास करते पकड़ा गया।जिसके बाद टीम ने दोनो के ऊपर दस हजार 3 सौ 47 रुपया जुमार्ना लगाया।साथ ही उपरोक्त चारो के विरुद्ध सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी।

## अंश ने सीबीएसइ बोर्ड परीक्षा में 96.4 % प्राप्त किया



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा के अंश अस्मित ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 96 .4 प्रतिशत प्राप्त किया। जिसके साथ ही अंश गुमला जिला व डीएवी स्कूल का दूसरा टॉपर हो गया है। इतना ही नहीं 96 .4 प्रतिशत अंक के साथ अंश घाघरा प्रखंड के टॉपर बन गया। अंश के माता सीमा रानी व पिता सुधीर जायसवाल अपने पुत्र के सफलता में काफी खुश नजर आए। वहीं अंश ने कहा कि मैंने जो बेहतर प्रदर्शन किया है यह मेरे मां और पिताजी के द्वारा दिया हुआ प्रेरणा का फल है। सेकंड टॉपर अंश ने अपनी पढ़ाई और कड़ी मेहनत से करने का संकल्प लिया है। जिससे आने वाले परीक्षाओं में और बेहतर कर मां-पिता, गांव-समाज का नाम रोशन करना चाहता है।

## पुसो थाना प्रभारी पर जितेंद्र ने मारपीट करने और जाति सूचक गाली देने का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** कांग्रेस पुसो मंडल अध्यक्ष जितेंद्र लोहरा ने पुसो थाना प्रभारी मार-पीट कर पर गंभीर रूप घायल करने, अभद्र व जाति सूचक गाली गलौज करने सहित कई गंभीर आरोप लगाते हुए एसपी को आवेदन देकर पुसो थाना प्रभारी पर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। जितेन्द्र लोहरा ने अपने आवेदन में कहा है कि 14 मई को दोपहर दो बजे के करीब पुसो थाना प्रभारी व अन्य सादे लिबास में मुझे पुछताछ करने की बात कहकर अपने साथ थाना लें गए, और हाजत में बंद कर मेरे भाई अनुज लोहरा के बारे में पुछताछ करने लगे। मैं शादी के बाद अपने परिवार व बच्चों के साथ पिछले दस साल से अपने माता-पिता व भाई से अलग घर बनाकर रह रहा हूं। मेरा भाई किसके साथ कहां गया है मुझे इसकी कोई जानकारी नही है। मेरे लाख मना करने पर भी थाना प्रभारी हिमांशु शेखर सिंह के द्वारा बीयर पी कर डंडे एवं लात घुसों से बुरी तरह मार-पीट किया गया। मुझे थाना कैंपस में दौड़ा दौड़ा कर पीटा और असहनीय अमानवीय हरकत किया गया। गंदी गंदी गालियां व जाति सूचक अपशब्द का प्रयोग कर अपमानित किया गया। थाना प्रभारी के मार-पीट करने से मेरे गुप्तांग, जांघ व पीछे के हिस्से में गंभीर चोट लगी है। रात भर मुझे थाना हाजत में बिना खाना पानी के रखा गया, असहनीय दर्द और बुखार होने पर भी कोई दवा नही दिया गया। लोहरदगा कोर्ट में मेरी हाजिर होने की बात बताने पर थाना प्रभारी द्वारा एक होमगार्ड के निगरानी में वापस थाना आने की शर्त पर मुझे 15 तारीख को लोहरदगा कोर्ट भेजा गया। मैं अपने इलाज और जानकारी देने को लेकर वापस थाना नही गया। मुझे आशंका है कि पुसो थाना प्रभारी हिमांशु शेखर सिंह द्वारा मुझे जान माल की क्षति और गलत केस में फंसाने की संभावना है। जितेन्द्र लोहरा ने एसपी को आवेदन देकर पुसो थाना प्रभारी पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगायी है।

### पेयजल की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने बैठक की

## पेयजल की समस्या का समाधान के लिए आवेदन देने का लिया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र के सालेगुटू पंचायत के अंतर्गत गांव गरई बाजारटोली के ग्रामीणो को पेयजल के लिये इधरउधर भटकना पड़ रहा है। इसके बावजूद स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट नहीं हो पा रहा है। जिससे नाराज ग्रामीणो ने शुक्रवार को गरई बाजार टांड़ के निकट एक बैठक आयोजित कर अब गुमला के उपायुक्त से पेयजल की समस्या का समाधान हेतु आवेदन देने का निर्णय लिया गया। जानकारी के मुताबिक कामडारा प्रखंड क्षेत्र के सालेगुटू पंचायत के अंतर्गत गांव गरई बाजारटोली मे लगभग 20 से 40 घर अवस्थित है। परंतु ग्रामीणो



के पेयजल के लिये एक मात्र चापाकल है। जो पिछले दो माह से मरम्मती के अभाव मे खराब पड़ा हुआ है। वहीं गरई बाजारटोली वर्ष 2023 के नवंबर माह मे पेयजल स्वच्छता विभाग की ओर से एक सोलरयुक्त जलमीनार भी बनाया गया है। जिसमें पानी मशीन भी लगी हुई है। परंतु इधर पांच माह बीत गयी, इसके बावजूद आज तक जलापूर्ति शुरू नहीं हो पायी है। जिसके वजह से ग्रामीणो को चिलचिलाती हुई धूप मे पानी के लिये इधरउधर भटकना पड़ रहा है। वहीं बैठक मे ग्रामीणो ने बताया कि पानी की समस्या को देखते हुये स्थानीय जल सहिया से निवेदन किया गया कि जलमीनार से जलापूर्ति शीघ्र करवाया जाय परंतु सहिया भड़क उठी और कहा कि जहां शिकायत करना है करो, जितना काम करना था हो गया। बैठक मे ग्रामीणो ने बताया कि खराब चापकल और पानी की समस्या के बारे मे स्थानीय मुखिया व संबंधित विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी गई है। इसके बावजूद अब तक गाँव मे पेयजल की समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है।

## घाघरा के मजदूर की गोवा में मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के डुको पीपरटोली निवासी मजदूर की मौत गोवा में बीते बुधवार को हुई। इस आशय की जानकारी गुरुवार को देते हुए मृतक के परिजनों ने बताया कि मनिया लकड़ा जो गोवा में रहकर मजदूरी का काम करता था। बीते बुधवार को काम करने के दौरान छत से नीचे गिरने से उसकी मौत हो गयी। मृतक के भाई रतनवा उरांव ने बताया कि मनिया लगभग सात माह पूर्व गोवा राज्य काम करने के लिए गया था। जहां वह किसी कम्पनी में घर बनाने के कार्य में मजदूरी का काम कर रहा था। बीते बुधवार की शाम लगभग 4 बजे छत के सेट्रिंग में चढ़कर छड़ बांध रहा था। इसी दौरान वह सेटरिंग छत से नीचे गिर गया और घायल हो गया। जिसके बाद कंपनी के लोगों ने आनन फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। साथ में काम कर रहे लोगों ने घटना की जानकारी मनिया के परिजन को गांव में दूरभाष पीआर दिया। जिसके बाद कंपनी के द्वारा प्लेन के माध्यम से परिजन को गोवा बुलाया गया है। जहां से मृतक के शव को परिजन के साथ पैतृक गांव भेजा जाएगा। वहीं पर जनों ने अंचल प्रशासन से सहयोग की बात कही। प्रजनन यही बताया कि घर से वह इकलौता बाहर कमाने जाता था।

## इंजीनियर चिन्मय सौरभ ने जान से मारने का लगाया आरोप

**सिसई (आजाद सिपाही)।** नेशनल हाईवे के साइट इंजीनियर चिन्मय सौरभ ने रोड कंस्ट्रक्शन कंपनी आरकेडी के जीएम राजकुमार रेड्डी और डीपीएम सुरेश मोहंती के विरुद्ध दुर्व्यवहार करते हुए जान से मारने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए सिसई थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज केस में कहा गया है मैं सिसई थाना क्षेत्र के लावागाई नागफेनी के समीप बन रहे टोल प्लाजा पर कार्य के गुणवत्ता की जांच कर रहा था। इसी दौरान आरकेडी के डीपीएम सुरेश मोहंती व जीएम राजकुमार रेड्डी अपने श्रमिकों के साथ आया और मेरे साथ गाली-गलौच करते हुए कॉलर पकड़ कर धक्का-मुक्की करने लगे। जिसका विरोध करने पर लोहे का रड़ व बेलचा से मेरे पर हमला कर जान मारने का प्रयास किया। उक्त दोनों व्यक्ति के विरुद्ध केस दर्ज कराते हुए जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगायी है।

## सुदूरवर्ती गांवों में पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीण

मनोज कुमार

**चैनपुर।** इन दिनों क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ रही है। पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है बढ़ती गर्मी के साथ जलस्तर नीचे जाना शुरू हो गया है पेयजल की समस्या बढ़ने लगी है। इसके बावजूद चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में जल नल योजना का लाभ अब तक लोगों को नहीं मिल रहा है। प्रखंड के पहाड़ी क्षेत्र में निवास करने वाले आदिम जनजाति बहुल गांव के लोगों को खासा परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोग चुआं व दाढ़ी का दूषित पानी पीने को विवश है। प्रखंड क्षेत्र में 14 फाइनेंस योजना से बने जलमिनर देख रेख के अभाव में 70% खराब होकर बेकार पड़े है। जिससे लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है इसके चलते पीने के पानी की समस्या होने लगी। कुछ दिन लगातार तापमान बढ़ने से नदी तालाब भी सूखने लगे हैं। इस भीषण गर्मी में केंद्र सरकार के



महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल से जल योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। विभाग के कर्मियों ठेकेदारों की लापरवाही का नतीजा इस भीषण गर्मी में लोगों को झेलना पड़ रहा है।

इस भीषण गर्मी में आदिम जनजाति बहुल कोटिया पाठ के ग्रामीणों को 1 किलोमीटर दूर से झरने का पानी लाकर अपना प्यास बुझाना पड़ता है। इस गांव के 27 परिवार के लगभग 125 की आबादी जल संकट से जूझ रही है। महिलाएं 1 किलोमीटर दूर से सर पर बड़े-बड़े बर्तन को ढोकर अपने प्यास बुझाने के लिए पानी लेकर आते हैं। गांव में पीएचडी विभाग से बने जलमीनार पिछले दो वर्षों से खराब होकर बेकार पड़ा हुआ है। गांव की मुन्नी देवी का कहना है कि दिन भर में पानी लाने के लिए कई बार 1 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। गांव में पानी की घोर समस्या है हम पठारी क्षेत्र में रहने वाले गरीब लोग सिर्फ मूलभूत समस्याओं से निजात की मांग करते हैं मगर हमारे नसीब में दुख झेलना ही लिखा हुआ है।

वही जनावल पंचायत के गढ़ापाठ गाँव में भी पेयजल की घोर समस्या है। गांव के लोग इस भीषण गर्मी में चूवा व दाढ़ी का दूषित पानी पीकर अपनी जिंदगी गुजार रहे हैं। इस गांव में विलुप्त हो रही आदिम जनजाति के 30 घरों में 160 की आबादी निवास करती है। इन लोगों को स्वच्छ पानी पीना भी नसीब में नहीं है खेत में खोदे दाढ़ी का पानी ही उनके प्यास बुझाने में काम आता है। गांव के सुनील असुर, बिफे असुर सहित कई लोगों का कहना है कि गांव में मूलभूत समस्याओं का अंबार लगा हुआ है लोगों को पीने के लिए स्वच्छ पानी भी नसीब नहीं है।

## कामडारा में मंडा मेला 25 मई को



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** शिव मंडा पूजा समिति कामडारा के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी कामडारा मंडा पूजनोत्सव सह मेला कार्यक्रम का आयोजन काफी हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुये समिति के अध्यक्ष बब्लू रजक ने बताया की 22 मई दिन बुधवार को भक्तगण पूजा कार्यक्रम में शामिल होंगे। 23 मई दिन गुरुवार की रात्रि में भक्तगण धुआसी (आग में झुलना) का कार्यक्रम 24 मई शुक्रवार की रात्रि जागरण मेला सह पं० बंगाल के प्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा छऊ नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। और 25 मई शनिवार के दिन मेला में कलाकारों के द्वारा आधुनिक नागपुरी रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुती की जायेगी। मंडा मेला के सफल व शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर चन्द्रभानु साहु के नेतृत्व में नवयुवक संघ , बजरंग दल व शिव पूजा समिति सदस्यों की ओर से सभी आवश्यक तैयारियां पुरी कर ली गई है। वहीं प्रसिद्ध मंडा मेला को एतिहासिक बनाने को लेकर अध्यक्ष बब्लू रजक , उपाध्यक्ष अवध बिहारी साहु ,सचिव संतोष साहु , कोषाध्यक्ष चन्द्रभानु,अनिरुद्ध ठाकुर,रंजन साहू,संजय साहू,घनश्याम साहू,मनीष साहू, सुनील साहू,तुना, रमेश साहू,अर्जुन साहू, मनीष ओहदार समेत आयोजन समिति सदस्यों की भूमिका काफी सक्रिय देखी जा रही है।

## लोहरदगा लोस क्षेत्र का चुनावः ये अंदर की बात है

बसिया अनुमंडल संवाददाता

**बसिया (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र का चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। इस चुनाव में 15 प्रत्याशियों की किस्मत मत पेटी में बंद हो गयी। लोहरदगा में प्रबल रूप से बीजेपी से समीर उराँव, कांग्रेस से सुखदेव भगत और निर्दलीय चमरा लिंडा प्रमुख उम्मीदवारों में रहे। इन सबके बीच चुनावी परिणाम को लेकर लोगो, कार्यकर्ताओ के बीच चचाओं का बाजार गर्म है। लेकिन इस चुनाव ने लगभग सभी पार्टी नेताओं और कार्यकताओं की भूमिका को भी कसौटी में कसने का काम किया है। इसकी बानगी इसी बात से समझी जा सकती है कि बसिया अनुमंडल क्षेत्र में एक पंचायत चुनाव में निर्वाचित जनप्रतिनिधि है जो एक राष्ट्रीय पार्टी से भी जुड़े है और विधायक बन माननीय कहलाने की ख्वाब रखते है। उनके द्वारा अपनी पार्टी के उम्मीदवार और पार्टी की आस्था के विरुद्ध जाकर गुपचुप तरीके से अपने साथी उम्मीदवार को चुनाव में हरसंभव मदद की बात कह उंनसे चुनावी संसाधन ले लिए। अब उम्मीदवार भी रहे पूर्व सर्विसमेन,वे राजनीति का ककहरा सीख रहे है। तो वे अनजाने में इस बात का खुलासा कर गये वे चुनाव से तीन दिन पूर्व बसिया प्रखंड के कोनबीर आकर यहां के कुछ पत्रकार और युवाओं से सहयोग मांगते हुए खुलकर कह दिया कि आप लोग उक्त राष्ट्रीय पार्टी के नेता से मिल ले और उनसे जरुरी संसाधन ले ले। मैं उन्हें सबकुछ उपलब्ध करा दिया हूं।अब लोग इस बात की चुटकी लेते नजर आ रहे है। प्रखंड की एक महिला जनप्रतिनिधि को भी प्रखंड के एक महत्वपूर्ण पद पर आसीन कराने में भी उसी फूल से सुशोभित नेताजी का महत्वपूर्ण हाथ था लेकिन उक्त महिला नेता के द्वारा भी इस चुनाव में उक्त नेताजी को हाथ दिखा दिया गया। वही दूसरी ओर जेएमएम से जुड़े कुछ पार्टी पदाधिकारी पार्टी लाइन से इतर खुलेआम एक निर्दलीय उम्मीदवार का खुलेआम प्रचार प्रसार करते नजर आये। हालांकि जेएमएम के उक्त नेताओ में एक के बारे लोगो ने कहा कि वो मौसम के अनुकूल कार्य करता है कभी कॉग्रेस तो कभी जेएमएम तो कभी कोई निर्दलीय।साथ ही वो नेता मौकापरस्ती का सटीक उदाहरण पेश करते आया है।अब आते है तीसरे राष्ट्रीय पार्टी से जुड़े एक नेताजी के संबंध में। उनके बारे चरितार्थ है कि वे 2004 ओर 2009 लोकसभा चुनाव को छोड़कर कभी भी अपने पार्टी या गंठबंधन उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार प्रसार करना तो दूर उल्टे पार्टी लाइन के खिलाफ जाकर विपक्षी के पक्ष में गोपनीय चुनाव प्रचार कर आते है। इस वक्त वे लोकसभा चुनाव में वे एक जिलास्तरीय महत्वपूर्ण पद में आसीन है।

## डेंगू चिकनगुनिया जागरूकता रथ को सीएस ने दिखायी हरी झंडी




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** घर के छत, गमला आदि में जमा पानी पर मच्छर पैदा होते हैं और एडिट मच्छर के काटने से डेंगु हो सकता है जो जानलेवा होता है। एडिड संक्रमित मादा मच्छर से बचाव के लिए घर में जमा पानी की नियमित साफ सफाई और स्वच्छता बहुत जरूरी है। उक्त बातें गुरुवार को डेंगू चिकनगुनिया से सुरक्षा जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाने के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डा.राजू कच्छप ने कही। राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के सलाहकार शर्मिला शर्मा ने कहा कि बरसात के दिनों में डेंगू संक्रमण की संभावना बनी रहती है। जागरूकता कार्यक्रम नवंबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि डेंगू के जांच की सुविधा सिर्फ रिम्स में हैं।

# आइएनडीआइए गठबंधन फैला रहा झूठा भ्रम कभी खत्म नहीं होगा आरक्षण: डॉ शशिभूषण

## कालीचरण सिंह की जीत के लिए किया जनसंपर्क, पक्ष में मतदान की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** आइएनडीआइए गठबंधन शामिल कांग्रेस एवं उसके सहयोगी दल भाजपा से एस कदर डर गए हैं कि आरक्षण खत्म कर दिए जाने का झूठे भ्रम फैलाकर लोगों को दिग्भ्रमित करने की कोशिश में जुट गए हैं। पर सच्चाई यह है कि आरक्षण खत्म नहीं होगा। उक्त बातें पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कही। वे गुरुवार को लेस्लीगंज स्थित मौर्या फार्म हॉउस में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके आईटी सेल की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा राज्यसभा में तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू जी की ओर से देश के सभी राज्यों के तत्कालीन मुख्यमंत्री को आरक्षण के विरोध में लिखी गई चिठ्ठी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पढ़ कर सुनाया था। आइएनडीआइए गठबंधन द्वारा वीडियो का सिर्फ एक छोटा सा हिस्सा एडिट करके सोशल मीडिया पर चलाने की ओछी हरकत की गई है। कुछ दिनों पहले भी झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और उनके सहयोगी हमारे गृहमंत्रीअमित शाह जी का एडिट वीडियो चलाने के आरोप में दिल्ली पुलिस के आईटी सेल के रडार पर हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा राज्यसभा में दिए गए वक्तव्य की पूरी वीडियो लोगों से सुनने की अपील की है।

दूसरी ओर, लोकसभा चुनाव का समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा प्रत्यासी अपने पक्ष में मतदान के लिए जनसंपर्क अभियान भी तेज कर दिये हैं। इस दौरान चतरा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्यसी कालीचरण सिंह के साथ विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के रामानंद डबरा, कमलकेडिया, ओरिया, पांकी प्रखंड के कोनवाई, चन्दरपुर सहित दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने के अपील की। इस दौरान विधायक ने मतदाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सबसे बड़े मुद्दे धारा 370 और राम मंदिर जैसे अधूरे काम को पूरा किया। केंद्र की भाजपा सरकार की ओर से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओ के बारे में लोगों को बताते हुए प्रत्यासी कालीचरण सिंह को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता, प्रो बचन ठाकुर, मंजू लता दूबे, प्रकाश मेहता, कामेश्वर कुशवाहा और प्रेम सिंह आदि उपस्थित थे।


भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाते विधायक डॉ शशिभूषण मेहता।

# कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को वोट देकर विजयी बनायें : सुरेंद्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** आइएनडीआइए गठबंधन कांग्रेस के चतरा लोकसभा प्रत्याशी केएन त्रिपाठी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्यासी सह कांग्रेसी नेता सुरेंद्र यादव ने लेस्लीगंज एवं सतबरवा प्रखंड के बोहीता, सेहरा, लोहड़ी सहित विभिन्न गावों में गुरुवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। मतदाताओं से केएन त्रिपाठी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान सुरेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा गरीब, पिछड़ा दलित का कभी हितैषी नहीं हो सकती। भाजपा जाती-धर्म एवं ऊंच-नीच के भेदभाव की राजनीत करती है। जबकि कांग्रेस ने सभी जाती-धर्म के लोगों को बराबरी का सम्मान दिया है। कहा कि 20 मई को अपना कीमती वोट देकर केएन त्रिपाठी को विजयी बनाएं।

# मृतक के परिजनों से मिले भाजपा नेता, बंधाया ढांढ़स



आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नगर परिषद के मायापुर गांव में गुरुवार को मृतक के परिजनों से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने मुलाकात की। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया। उल्लेखनीय है कि रेहला के मायापुर निवासी रंजीत कुमार गुप्ता की मौत विगत दिनों कैंसर के कारण हो गयी थी। जब इसकी जानकारी डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी को हुई तो वे गुरुवार को मायापुर गांव पहुंचे। मृतक के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। साथ ही क्रियाकर्म के लिए आर्थिक मदद भी की। साथ ही परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिया। मौके पर प्रमोद दीक्षित, असलम बहादुर आदि मौजूद थे।

# जनता का वोट ही झारखंड की लूटती अस्मिता को बचा सकती है : दीपक



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झामुमो के युवा नेता दीपक तिवारी ने आइएनडीआइए गठबंधन के प्रत्यासी केएन त्रिपाठी के पक्ष में पूरी ताकत झोंक दी है। पांकी विधानसभा क्षेत्र के नीलांबर-पीतांबरपुर से लेकर, पदूमा, मनातू, चक तक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। वहीं पांकी के रतनपुर के अलावा मनिका विधानसभा क्षेत्र के बकोरिया, बरवाईया, बिहरा, अखरा, झरनाचौक, बखात समेत दर्जनों गांव का दौरा किया। झामुमो नेता दीपक तिवारी से प्रभावित होकर आइएनडीआइए गठबंधन के उम्मीदवार कृष्णानंद त्रिपाठी को विकल्प के तौर पर लोग देखने लगे हैं। इस दौरान माहताबुल्लाह, मिकू तिवारी, परवेज अख्तर जनता को इंडी गठबंधन के पक्ष में वोट करने के लाभ से अवगत करा रहे हैं। जनसंपर्क के दौरान दीपक तिवारी ने बताया कि जनता को सरकार से न्याय की उम्मीद नहीं रही है। पलामू में उम्मीदवार का विरोध ही भाजपा के 400 के पार के नारे की सपने को तोड़ दिया है। उसके विपरित चतरा में दिग्गज कांग्रेसी केएन त्रिपाठी को जनता अपना उम्मीदवार मानकर समर्थन दे रही है। पलामू से उठी आइएनडीआइए गठबंधन के पक्ष में लहर विरोधी खेमे में हलचल मचा रखी है। जिससे पांकी, मनिका, लातेहार, हंटरगंज समेत चतरा लोकसभा क्षेत्र की जनता अपनी आवाज केएन त्रिपाठी को बनाने के लिए तैयार हैं। यही समर्थन चार जून को झारखंड में विपक्षियों को पटखनी देगी। दीपक तिवारी ने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सरकार में रहते हुए जनता का काम नहीं करने दिया गया। उन्हें षड्यंत्र कर जांच एजेंसी का दुरूपयोग कर जेल भेज दिया गया। जिसका जवाब हम आइएनडीआइए गठबंधन को मजबूत कर दे सकते हैं। जिसमें सभी घटक दलों को जवाबदेही के साथ धरातल पर कार्य करना होगा। वहीं दीपक ने 20 मई को घर-घर से निकलकर बूथ पर जाकर एकमत होकर वोट देने की अपील की। दीपक तिवारी ने बताया कि पांच साल कोसने के बजाय एक दिन एकजुटता के लिए वोट देकर लोकतंत्र को बचाना हमारी जिम्मेदारी है। आपका वोट ही झारखंड की लूटती अस्मिता को बचाने का एकमात्र उपाय है।

# चतरा लोकसभा : 20 मई को मतदान के लिए पांकी विस क्षेत्र में 9 बूथ रीलोकेट

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चतरा लोकसभा सीट पर 20 मई को मतदान होना है। इस चुनाव में अधिकाधिक मतदान हो इसे लेकर स्वीप के तहत विभिन्न तरह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। अन्य स्तर पर कई तरह के निर्णय भी लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में पांकी विधानसभा अंतर्गत सुरक्षा की दृष्टिकोण से 9 मतदान केंद्रों में बदलाव किया गया है। इसमें बूथ नंबर 35 उरामवि अपटी को 34 न्यूप्रावि मिटार (सोहे में स्थित) में रिलोकेट किया गया है। इसी तरह 20 राउमवि बिहरा को 202 नंबर उमवि सालमदीरी में रिलोकेट किया गया है। जबकि 204 नंबर बूथ उमवि बघमरी जीरो बूथ को बदलकर 202 उमवि सालमदीरी में बनाया गया है। बूथ 207 रामवि होटाई को बदलकर 209 उमवि बनई में रिलोकेट किया गया है। वहीं 208 राउमवि भवरदह को बदलकर 209 उमवि बनई में रिलोकेट किया गया है। बूथ नंबर 225 उमवि गोगाड़ को 223 राउ उर्दू मवि, हुरलौंग, पूर्वी भाग में रिलोकेट किया गया है। बूथ नंबर 321 उमवि आबून को 322-उमवि जान्जो में रिलोकेट किया गया है। बूथ नंबर 323 राउमवि गरिहारा को 324 उमवि जोलहबिगहा में रिलोकेट किया गया है। इसी तरह 326 उमवि केकरगढ़ को 324 उमवि जोलहबिगहा में रिलोकेट किया गया है।

## एनडीए प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी का महुदा मोड़ में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

**महुदा (आजाद सिपाही)।** बुधवार को महुदा मोड़ के समीप एनडीए गठबंधन के आजसू समर्थित चंद्रप्रकाश चौधरी का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन भाजपा पार्टी के धनबाद ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि अनिल उपाध्याय, पूर्व जिप सदस्य संतोष महतो, मधू मिश्रा, विकाश अग्रवाल, कार्तिक महतो समेत पार्टी से जुड़े अधिकारियों ने सामूहिक रूप से फीता काट कर विधिवत रूप से किया। कार्यालय उद्घाटन के बाद श्री महतो ने कहा कि गिरिडीह सांसद श्री चौधरी लगातार जनता की समस्याओं को लेकर आवाज उठाते आया हैं। उन्होंने लोगों के समस्याओं के लिए क्षेत्र में कई विकास कार्यों को किया हैं। श्री महतो ने उम्मीद जताया कि जनता यह सीट पुन: एनडीए के झोली में डाल कर उन्हें सेवा का एक मौका देगी। कहा कि जनता का विश्वास वे किसी कीमत पर टूटने नहीं देंगे अगर जनता ने मत के रूप में उन्हें आर्शीवाद दिया, तो क्षेत्र की तमाम मौलिक समस्याओं के समाधान के लिए सदन में मजबूती से आवाज उठाऊंगा। इस अवसर पर उद्घाटनकर्ता धनेश्वर महतो, अनिल उपाध्याय समेत प्रमुख वक्ताओ ने प्रधान मंत्री श्री मोदी के संकल्प और निर्देशों के अनुरूप प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी को भारी मतो से विजय दिलाने का संकल्प दिलाया। इस क्रम मे महुदा क्षेत्र के तमाम 13 पंचायतो की महुदा एवं महुदा मोड़ के कार्यालय से पुरी रणनीति के तहत एक -एक वोट दिलाते विधान सभा से एक लाख पच्चीस हजार से भी अधिक मत से बढ़त दिलाने का आहवान किया। समारोह के दौरान राजेश महतो, मदूक मिश्रा, कौशल किशोर महतो, आनंद सिंह, अनेश महतो, अमित कालिदी, घ्रूव नारायण दुवे, चित्तो दूबे, शंकर गोप, मुकुंद महतो, बाबी महतो, सपना गुप्ता, सागर रवानी, सीमा चौहान, खगेश्वर महतो, कमल महतो, महेश गोस्वामी समेत अन्य उपस्थित थे।

## ससुर पर बहू की पिटाई का आरोप मामला दर्ज

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के देवरी ओपी क्षेत्र के सोनपुरवा गांव में एक व्यक्ति पर अपनी बहु को पिटाई कर घायल कर दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची मुखिया ममता देवी ने ग्रामीणों के सहयोग से घायल महिला को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया गया। इस बाबत पीड़िता ने देवरी ओपी थाना में ससुर पर घरेलू विवाद में मारपीट करने का आरोप लगाया है। देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि महिला द्वारा दिए गए आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए अग्रेतर कारवाई की जा रही है।

# सड़क पर बह रहा नाली का गंदा पानी, आमजन परेशान




आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के सामने नाली का बदबूदार गंदा पानी सड़क के ऊपर से बह रहा है। जिससे स्थानीय लोग, दुकानदार, राहगीर और यात्री काफी परेशान है। वहीं स्टेशन के पास ही योगिबिर बाबा देवस्थल का प्रसिद्ध व प्राचीन मंदिर भी है। जहां प्रतिदिन श्रद्धालु पूजा करने जाते है। स्टेशन के सामान्य प्रतीक्षालय के शौचालय से निकल रहा बदबूदार नाली का गंदा पानी से मंदिर जाने आने वाले श्रद्धालु काफी आहत है। वहीं, छत्तीसगढ़ जाने वाली बस स्टैंड, टेंपो पार्किंग व दुकान भी है। जिसके चलते सारा दिन लोगों का आवागमन होता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले कई महीनों से नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। कई बार रेलवे अधिकारी से इसकी शिकायत की गई बावजूद इसके समस्या जस की तस है। इस संबंध में पूछे जाने पर गढ़वा रोड स्टेशन के एसएस सतीश कुमार ने बताया की इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए एक महीना पहले ही एन गति शक्ति व आईओडब्ल्यू को जानकारी दी गयी है। कुछ कारणों से विलंब हो रहा है।

## पूर्व प्रधानाध्यापक का निधन, जताया शोक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पूर्व प्रधानाध्यापक सह डीडीओ कुकही व शहर के शिवपुरी निवासी रामकेश्वर राम का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन पर पलामू पेंशनर समाज के अध्यक्ष झुबल राम, जिला कार्यकारी सह स्थानीय अध्यक्ष राजेश्वर सिंह, रंजीत कुमार सिंह, सीताराम सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, सुग्रीव राम, अरुण कुमार सिन्हा, जगदीश राम, राम परीखा राम, यमुना सिंह, जनेश्वर सिंह,राम याद सिंह, राजेन्द्र सिंह, वीरेंद्र राम, बालकेश्वर सिंह, राम विलास महतो, राम प्रवेश सिंह, राम पुकार सिंह, राम प्रवेश सिंह,अजाप्ता अध्यक्ष जुबैर अंसारी, सचिव निर्मल कुमार, प्रधानाध्यापक सह डीडीओ सुनील कुमार आदि ने शोक व्यक्त किया है।

## देसी पिस्टल के साथ दो युवक गिरफ्तार

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनसार पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को मनईटांड़ गोल बिल्डिंग छठ तालाब के पास दो युवक को पिस्तौल और दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी मनोज पांडेय ने बताया कि पकड़े गए दोनों मनईटांड़ निवासी है।

# स्पोर्ट्स



भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से सन्यास का ऐलान कर दिया है। गुरुवार को सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट शेयर कर सन्यास लेने की जानकारी दी।

# फुटबॉल कप्तान सुनील छेत्री ने किया संन्यास का एलान 6 जून को कुवैत के खिलाफ खेलेंगे आखिरी मुकाबला

## रोनाल्डो-मेसी के बाद सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाले सक्रिय फुटबॉलर

### टीम इंडिया के बैट्समैन विराट कोहली ने कहा- भाई तुम पर गर्व है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने अंतर्राष्टीय फुटबॉल से संन्यास का ऐलान कर दिया है। टीम के फॉरवर्ड खिलाड़ी सुनील छेत्री ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर संन्यास की सूचना दी। उन्होंने बताया कि वह अपना आखिरी मुकाबला छह जून को कुवैत के खिलाफ खेलेंगे। कहा, 'मैंने अपने माता-पिता और पत्नी को सबसे पहले इस फैसले के बारे में बताया। मेरे पिता खुश थे, लेकिन मेरी मां और पत्नी रोने लगी।' वहीं, सुनील छेत्री के पोस्ट पर भारत के स्टार बैटर विराट कोहली ने कमेंट किया। उन्होंने लिखा, 'मेरे भाई, हमें तुम पर गर्व है।' बतातें चलें कि भारतीय टीम के लिए छेत्री के नाम 94 गोल हैं। वो क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी के बाद सबसे ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय गोल करने वाले एक्टिव खिलाड़ी हैं।



### बीसीसीआइ ने कहा- आपका करियर असाधारण

वहीं, सुनील छेत्री के संन्यास के फैसले पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने ट्वीट किया है। बोर्ड ने लिखा है कि आपका करियर असाधारण रहा है और आप भारतीय फुटबॉल और भारतीय खेलों के लिए एक अभूतपूर्व प्रतीक रहे हैं।

### खेल रत्न, पद्मश्री और अर्जुन पुरस्कार मिला

सुनील छेत्री का जन्म 3 अगस्त, 1984 को सिकंदराबाद में हुआ था। उनके पिता केबी छेत्री आर्मी मैन थे, जबकि मां सुशीला नेपाल की नेशनल फुटबॉल टीम के लिए खेल चुकी हैं। छेत्री को साल 2021 में खेल रत्न अवॉर्ड से नवाजा गया। इससे पहले उन्हें 2019 में पद्म श्री और 2011 में अर्जुन पुरस्कार मिला था। इसके अलावा छेत्री ने अपने शानदार करियर में छह बार आइएफएफ प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता। सुनील छेत्री ने भारत के लिए साल 2005 में सीनियर टीम में डेब्यू किया था। बाईचुंग भूटिया के बाद उन्होंने टीम की कमान संभाली। उन्होंने भारत के लिए 150 मैचों में 94 गोल किए हैं।


## सात्विक-चिराग की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**बैंकाक (एजेंसी)।** भारत की शीर्ष पुरुष डबल्स जोड़ी सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार सफर जारी रहा। इस जोड़ी ने गुरुवार को क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। सात्विक-चिराग के अलावा युवा भारतीय खिलाड़ी मेईराबा लुवांग मैसनाम भी अंतिम-16 में पहुंचने में सफल रहे। सात्विक और चिराग की दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने अपने दूसरे दौर के मुकाबले में 69वीं रैंकिंग वाले शेई साओ नान और झेंग वेई हान को 21-16, 21-11 से हराया। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय जोड़ी का सामना अगले दौर में जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप की मलेशिया की जोड़ी से होगा।

# पेरिस ओलंपिक : मनिका बत्रा और शरत कमल करेंगे भारतीय चुनौती की अगुआई

### टीटीएफआई ने टीम का किया चयन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टेबल टेनिस टीम के अनुभवी खिलाड़ी शरत कमल और दुनिया की 24वें नंबर की खिलाड़ी मनिका बत्रा को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह दोनों खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक में क्रमशः पुरुष और महिला टीम का नेतृत्व करेंगे जहां देश टीम स्पर्धाओं में ओलंपिक में पदार्पण करेगा। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) की सीनियर चयन समिति ने गुरुवार को ओलंपिक मानदंडों के अनुसार छह सदस्यीय टीम (प्रत्येक वर्ग में तीन) का चयन किया। इसके अलावा सिंगल्स स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने वाले खिलाड़ियों का भी चयन किया गया।




### पांचवें ओलंपिक में हिस्सा लेंगे शरत

शरत, हरमीत देसाई और मानव ठक्कर को तीन सदस्यीय पुरुष टीम में जगह मिलेगी, जबकि मनिका, श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ महिला वर्ग में टीम के सदस्य होंगे। प्रत्येक वर्ग में वैकल्पिक खिलाड़ी जी साथियान और आयहिका मुखर्जी होंगे। पुरुष सिंगल्स में शरत और हरमीत प्रतिस्पर्धा करेंगे, जबकि महिला सिंगल्स में मनिका और श्रीजा चुनौती पेश करेंगी। यह निर्णय नवीनतम विश्व रैंकिंग के आधार पर लिया गया है। वर्ष 2004 में ओलंपिक पदार्पण करने वाले 41 वर्षीय शरत का यह पांचवां और अंतिम ओलंपिक होगा। पुरुष टीम में 40वीं विश्व रैंकिंग के साथ शरत का चयन शीर्ष भारतीय खिलाड़ी के रूप में स्वतः हुआ जबकि हरमीत (63) और मानव (62) की विश्व रैंकिंग में सिर्फ एक नंबर का अंतर है। हालांकि दोनों ने टीम में जगह बनाई है, लेकिन राष्ट्रीय चैंपियन हरमीत को उनके अंतरराष्ट्रीय जीत-हार का बेहतर रिकॉर्ड और राष्ट्रीय प्रदर्शन के आधार पर सिंगल्स वर्ग के लिए चयनकताओं की मंजूरी मिली।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया धनबाद के कम मतदान वाले केंद्रों का निरीक्षण

# तैयारी ऐसी करें कि मतदाताओं को परेशानी न हो: के रवि कुमार

**चेताते हुए कहा- निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददा

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा सीट पर 25 मई को मतदान होना है। इसकी व्यापक तैयारी की जा रही है। मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाएं बहाल की जा रही है, ताकि मतदाता सुलभ तरीके से मतदान कर सकें। इसी कड़ी में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार गुरुवार को धनबाद पहुंचे। उन्होंने धनबाद लोकसभा क्षेत्र में पूर्व के चुनावों में हुए कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधित कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्वाचन कार्य में शिथिलता बरतने वाले पदाधिकारी एवं कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ब्लैक एंड ह्वाइट फोटो युक्त मतदाता पहचान पत्र वाले मतदाताओं एवं मतदाता सूची में नाम के बावजूद फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र प्राप्त नहीं होने वाले मतदाताओं की अलग - अलग सूची तैयार करने, एएसडी सूची का अद्यतीकरण करने, वोटर इनफॉरमेशन स्लिप का ससमय वितरण करने का निर्देश दिया। साथ ही वॉलेंटियर एवं मतदान केंद्र जागरूकता समूह के सदस्यों को प्रशिक्षित करने एवं उससे संबंधित सूची को अघतन करने का निर्देश दिया। उन्होंने पदाधिकारी एवं कर्मियों से कहा कि तैयारी इस ढ़ंग से करें कि मतदान के दिन मतदाताओं को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने धनबाद के डीएवी पब्लिक स्कूल एवं प्राथमिक विद्यालय डायमंड क्रॉसिंग स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। हालांकि इससे पूर्व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सर्किट हाउस पहुंचे। जहां जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निरीक्षण के दौरान धनबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक के थवसीलन, निगर आयुक्त रवि राज शर्मा, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।



धनबाद में कम मतदान वाले केंद्रों का निरीक्षण करते मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी।

# केंद्र में आइएनडीआइए गठबंधन और धनबाद में अनुपमा सिंह की जीत पक्की : मणिशंकर




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा सीट पर 25 मई को होने जा रहे मतदान में आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्यासी अनुपमा सिंह की जीत सुनिश्चित करने को लेकर बैंक मोड़ स्थित पार्टी के चुनावी कार्यालय में गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित की गई। जिसमें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष मणिशंकर ने कहा कि झारखंड सहित पूरे देश में बदलाव का माहौल है। मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते आज देश के वरिष्ठ नागरिक हताश एवं निराश हैं। विगत पांच वर्षों से वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे द्वारा मिलने वाली रियायत को मोदी सरकार ने रोक रखी है। बैंक एवं डाकघर में मिलने वाले इंटरेस्ट रेट से वंचित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जब भी कांग्रेस महंगाई की बात उठाती है तो मोदी सरकार पाकिस्तान की बात करने लगती है। बेरोजगारी का मुद्दा उठाने पर रामलला और किसानों की बात करने पर मंगलसूत्र की बात करने लगती है। मणिशंकर ने ढुल्लू महतो का नाम न लेते हुए कहा कि धनबाद लोकसभा में एक तरफ बाहुबली, तो दूसरी तरफ एक पढ़ी-लिखी शिक्षित व सामाजिक नेत्री हैं। हमें विश्वास है कि धनबाद की जनता कांग्रेस को वोट देगी और अनुपमा सिंह की सुनिश्चित जीत होगी। इस मौके पर धनबाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रदेश अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सुल्तान अहमद, प्रदेश महासचिव मदन महतो, प्रवक्ता शमशेर आलम और सचिव वैभव सिन्हा आदि मौजूद थे।


### कांग्रेस की कथनी और करनी एक : अनुपमा सिंह



**धनबाद (आजाद सिपाही)। लोकसभा सीट से आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्यासी अनुपमा सिंह की जीत सुनिश्चित करने को लेकर धनबाद नगर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष पूनम देवी की अध्यक्षता में गुरुवार को कोला-कुसमा के कोराडीह बस्ती में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जिसमें प्रत्यासी अनुपमा सिंह भी शामिल हुईं। कहा कि जनता का अपार समर्थन, स्नेह और आशीर्वाद पाकर अभिभूत हूं। यह चुनाव धनबाद के सर्वांगीण विकास एवं भय मुक्त बनाने को लेकर हैं। कहा कि केंद्र में आइएनडीआइए गठबंधन की सरकार बनते ही देश की हर गरीब महिला को एक लाख रुपया दिया जाएगा। कांग्रेस जो कहती है वह करके दिखाती है। इस दौरान मोदी सरकार की भी आलोचना की। कहा 2024 चुनाव में धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता भाजपा को उखाड़ फेकेंगी। वहीं, पूनम देवी ने धनबाद लोस क्षेत्र के विकास के लिए अनुपमा सिंह को वोट देकर विजयी बनाने की अपील की। मौके पर धनबाद जिला कांग्रेस के महासचिव पप्पू कुमार तिवारी, रशीद अंसारी पिंटू मंडल, शमशेर अंसारी, रफीक अंसारी, बॉबी सिंह, यशोदा देवी, बिंदु देवी, शोभा देवी आदि उपस्थित थीं।**

# 10वीं और 12वीं की परीक्षा में गोल के विद्यार्थियों का बेहतरीन प्रदर्शन




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी कराने वाली संस्थान गोल के छात्रों ने 10वीं एवं 12वीं के रिजल्ट में शानदार प्रदर्शन किया है। कई छात्रों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त कर गोल की परंपरा को कायम रखा है। 12वीं में 93 फीसदी लाने वाली संस्थान की छात्रा धात्री ने बताया कि बोर्ड में अच्छे मार्क्स के साथ ही मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में भी उसका 650 मार्क्स आने की संभावना है। उम्मीद है कि पहले प्रयास में ही अच्छे मेडिकल कॉलेज में दाखिला मिल जाएगा। अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ गोल इंस्टीट्यूट की पूरे टीम को देते हुए धात्री ने कहा कि गोल इंस्टीट्यूट द्वारा बोर्ड और प्रतियोगिता दोनों कि एक साथ तैयारी करवाने का बेहतर संस्थान है। उसने गोल के टेस्ट सीरीज की तारीफ करते हुए बताया कि नीट का पेपर देते समय मुझे लगा कि मैं गोल का सिमिलर टेस्ट पेपर दे रहीं हूं। वहीं, 93 फीसदी अंक लाने वाली संस्थान की छात्रा जान्वी ने बताया कि 10वीं पास करने के बाद असमंजस में थी कि आगे की तैयारी के लिए किस इंस्टीट्यूट में जाये। अंत में गोल इंस्टीट्यूट से तैयारी करने का निर्णय लिया। खुशी है कि इंस्टीट्यूट से तैयारी कर बोर्ड और कांपटीशिन दोनों में बहुप्रतिक्षित सफलता पायी। नीट में मेरा 637 मार्क्स आने की उम्मीद है। वहीं 94 फीसदी मार्क्स लाने वाली छात्रा आरजू एवं 93.80 फीसदी अंक लाने वाली छात्रा सुनिष्ठा ने भी अपनी सफलता का श्रेय परिवार के साथ ही संस्थान को दी है। जबकि 90 फीसदी से अधिक मार्क्स लाने वाली रिषिका श्रीवास्तव ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ ही गोल संस्थान को दिया। बताया कि उक्त संस्थान से तैयारी करने का निर्णय अबतक का सर्वश्रेष्ठ निर्णय रहा। 90.40 फीसदी अंक लाने वाले छात्र स्वप्नील ने बताया कि नीट में उसका 627 मार्क्स आने की संभावना है। गोल संस्थान द्वारा बोर्ड एवं कम्पीटिशन दोनों कि तैयारी इस प्रकार करवाई गयी कि बिना अन्य सहायता के दोनों परीक्षाओं में सफलता यहां के प्रतियोगी माहौल, विशेषज्ञ शिक्षकों का छात्रों के प्रति सर्मपण, टेस्ट के साथ-साथ पर्सनल केयर के कारण हो पाया। वहीं 91.2 फीसदी अंक करने वाले गोल संस्थान की छात्र विनीत हेम्ब्रम बताते हैं कि गोल संस्थान के सहयोग से हमने बोर्ड में अच्छे मार्क्स के साथ-साथ मेंडिकल प्रवेश परिक्षा नीट में 510 मार्क्स, (एसटी) स्कोर किया है। हमें उम्मीद है कि इस रिजल्ट के साथ अच्छे मेडिकल कॉलेज में दाखिला लेकर अच्छा डॉक्टर बनने का सपना पूरा होगा। 10वीं के सफल छात्र रूद्र राज 97.2 फीसदी, कृष्ण गोयल 96.6 फीसदी, कविता कुमारी 95 फीसदी, पूजा कुमारी 95 फीसदी, लक्ष्य 94.2 फीसदी, रोशन 94.2 फीसदी, सुमित 93 फीसदी, अजय 92.4 फीसदी, सौरभ आनंद 91.8 फीसदी, प्रतीक 89.8 फीसदी आदि छात्रों ने 90 फीसदी से अधिक मार्क्स लाकर अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ ही गोल संस्थान को दिया। उधर, गोल इंस्टीट्यूट के संस्थापक सह मैनेजिंग डॉयरेक्टर विपीन सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि छात्रों की सफलता समस्त गोल टीम की सफलता है। छात्रों को शुभकामना देते हुए गोल इंस्टीच्यूट धनबाद के केंद्र निदेशक संजय आनंद ने बताया कि आशा ही नहीं, बल्कि पूर्ण विश्वास है कि इस वर्ष हमारे छात्र बोर्ड में अच्छे स्कोर के साथ मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में भी सफलता के परचम लहराकर यह सिद्ध करेंगे कि गोल इंस्टीट्यूट पूर्वी भारत का नंबर एक इंस्टीट्यूट है। उन्होने यह भी बताया कि संस्थान की न्यू सेशन प्रारंभ हो चुकी है।

# गरीबों को उनका अधिकार दिलाने के लिए जेल तक गया: ढुल्लू महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** काला हीरा के नाम से प्रसिद्ध धनबाद यहां के उद्योगों और खदानों के लिए ही जाना जाता है। उद्योग लगने से ही इस क्षेत्र का विकास संभव है। क्षेत्र के हर घर व गांव के लोग मुझे जानते हैं हर दुःख-सुख में मैं उनका हमसाया बनकर साथ खड़ा रहा हूं। आगे भी आपके साथ आपके हक ,अधिकार की लड़ाई में आपकी ढाल बनकर खड़ा रहुंगा। उक्त बातें धनबाद लोकसभा सीट से एनडीए के प्रत्यासी ढुल्लू महतो ने कही। वे गुरुवार को जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत चंदनकियारी एवं झरिया विधानसभा क्षेत्रों में लोगों से मुलाकात के क्रम में बोल रहे थे। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी के साथ झरिया विधानसभा के वार्ड नंबर 41 भौरा में अखिल भारतीय हाड़ी संघर्ष मोर्चा की बैठक में सम्मिलित होकर वार्ता की। जनसंपर्क के दौरान झारखंड आंदोलनकारी अमर शहीद विनोद बिहारी महतो जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही आदिवासी समाज के चल रहे चडक पूजा में शामिल होकर आशीर्वाद लिया। उन्होंने लोगों से संवाद कर उनकी परेशानियों को जाना एवं निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने झरिया में विस्थापन के बाद मुआवजा नहीं प्राप्त होने वाले लोगों को भरोसा दिलाया कि उन्हें उनके मुआवजे की राशि उपलब्ध कराने में अपना संपूर्ण सहयोग करेंगे।इस मौके पर भाजपा के बिजुलिया मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार चौबे, अम्बिका खवास, गौरव रजवार, सन्टू राय, प्रकाश दास, रजनी महतो, संदीप महतो, दिलीप चौबे बबलू पाठक, सत्यवान उपाध्याय दिलीप सिंह आदि थे।

## ढुल्लू महतो को जीताकर मोदी जी के हाथों को मजबूत करें: डॉ परिंदा सिंह

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जन आशीर्वाद यात्रा के तहत बोकारो विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा नेत्री डॉक्टर परिंदा सिंह ने भ्रमण कर गुरुवार को धनबाद लोकसभा सीट से एनडीए के प्रत्यासी ढुल्लू महतो के पक्ष में कमल फूल के छाप पर वोट देकर विजयी बनाने की अपील की। इस दिन रामडीह मोड़ में नुक्कड़ सभा भी की गई। जहां परिंदा सिंह ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सत्ता में रहते हुए लोगों को रोटी-कपड़ा मकान के साथ सम्मान भी देती है। महिला सशक्तिकरण मोदी सरकार की ही देन है। इस लिए ढुल्लू महतो को वोट देकर मोदी जी के हाथों को मजबूत करें।

## 55 साल के व्यक्ति पर लगा 12 साल की बच्ची से दुष्कर्म के प्रयास का आरोप, हुआ गिरफ्तार



**धनसार (आजाद सिपाही)।** झरिया में इंसानियत को शर्मसार करते हुए एक अधेड़ व्यक्ति द्वारा पड़ोस में रहने वाली 12 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि बच्ची के रोने की आवाज सुनकर मुहल्ले वासी पहुंच गए और आरोपित के चंगुल से बच्चों को बचा लिया। साथ ही आरोपित को दबोच कर पुलिस को सौंप दिया। उसकी पहचान मंगल पासवान के रूप में हुई है। इस बाबत पीड़िता की मां ने झरिया थाने में आरोपित के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है। इस बाबत झरिया के बनियाहीर सात नंबर निवासी श्रवण राम ने बताया कि पड़ोस के रहने वाले मंगल पासवान 14 मई की रात को पड़ोसी की 12 साल की बच्ची जो घर के आंगन में सो रही थी। उसे उठाकर ले गया और उसके कपड़े उतारकर जबरदस्ती करने लगा। इस पर बच्ची रोने लगी। उसकी रोने की आवाज सुनकर पड़ोस के लोग एकत्रित हो गए। अंदर जाकर देखा तो मंगल बच्ची के साथ गलत हरकत कर रहा था। यह नजारा देख मोहल्ले वासियों ने अधेड़ के कब्जे से बच्ची को छुड़वाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने पर उसे सौंप दिया। उधर, पुलिस बच्ची को मेडिकल के लिए धनबाद भेज दिया हैं और आरोपी पर मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया ।

### गिरिडीह लोस चुनाव को लेकर बेरमो प्रशासन की तैयारी पूरी

# मतदाताओं को नहीं होगी कोई असुविधा, तैयारी है पूरी: सीओ

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो सीओ सह बीडीओ संजीत कुमार ने गुरुवार को प्रखंड कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में 25 मईं को मतदान होना है। जिसके तहत बेरमो प्रखंड में 17 सेक्टर के तहत 142 मतदान केंद्र पर मतदान कराया जाएगा। इसमें बेरमो क्षेत्र में कुल 1,38,140 मतदाता (70,760 पुरुष और 67,380 महिला) मतदान अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। इसमें नए मतदाताओं की संख्या 5860 है। उन्होंने बताया कि सभी मतदान केंद्रों में बिजली, फर्नीचर, शेड, पानी, शौचालय, मोबाइल चार्जिंग, जनरेटर और लाइव रिवाइर्डिंग की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा धातृ महिलाओं के लिए विश्राम गृह की व्यवस्था होगी। 142 बूथ का मतदान 91 भवन में किया जाएगा। बताया कि कल 42 दिव्यांग सहित 85 मतदाता पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने की इच्छा जाहिर की है। इसके लिए तीन पोलिंग पार्टी की नियुक्ति कर दी गई है जो 18 मई से कार्य प्रारंभ कर देंगे। इसके अलावा 230 दिव्यांग और 85 मतदाताओं को घर में मतदान केंद्र तक आने में अक्षमता व्यक्त की है। इस पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 42 तीन पहिया वाहन नियुक्त किया गया है जो इन मतदाताओं को मतदान कराने का कार्य करेंगे।




## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(पोस्टल बैलेट-सह-मतपत्र कोषांग हजारीबाग)

-:आदेश:-

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्र संख्या 52/2023/SDR/Vol.IV दिनांक 31.10.23 के द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश तथा अधोहस्ताक्षरी के पत्र संख्या 185 दिनांक 04.05.2024 के द्वारा लोक सभा आम चुनाव-2024 के तहत 14-हजारीबाग संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत प्रतिनियुक्त सेक्टर दण्डाधिकारी, मतदान पदाधिकारी, माईक्रो ऑब्जर्वर एवं अन्य मतदान कर्मियों का पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराये जाने हेतु प्रमंडलीय पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र जबरा, संत कोलम्बस कॉलेज फुटबॉल मैदान (ड्राईवर, खलासी एंव अन्य सफाई कमियों के लिए,) समाहरणालय भवन में स्थित पुलिस कार्यालय, दुसरा तल्ला (पुलिस कर्मियों के मतदान के लिए), समाहरणालय भवन भूतल में स्थित स्तनपान कक्ष में Special Facilitation Centre एवं समाहरणालय भवन स्थित प्रथम तल्ला में स्तनपान कक्ष में Postal Voting Centre में Facilitation Centre का निर्माण किया गया है तथा उन केन्द्रों पर दिनांक 10.05.2024 से मतदान कार्य किया जा रहा है **जो दिनांक 18.05.2024 तक समय 9.00 बजे से 5.00 बजे तक** पोस्टल बैलेट से मतदान कार्य करवाने का कार्य सम्पादित करता रहेगा।

उल्लेखनीय है कि वैसे मतदान कर्मी जो उक्त तिथियों को Facilitation Centre में किसी कारणवश मतदान का कार्य नही कर पाये है, उन छुटे हुए मतदाताओं के लिए Dispatch Centre जो दिनांक 19.05.2024 को किया जाना है, में Facilitation Centre निम्नरूपेण कार्य करेगा:-

| चयनित स्थल का नाम | मतदान किये जाने की तिथि एवं समय | सम्बद्ध विधानसभा क्षेत्र एवं संख्या | आवंटित कार्य दायित्व | पदाधिकारी / कर्मी का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिनोबा भावे विश्वविधालय, हजारीबाग के बहुददेशीय भवन, केन्द्र संख्या 01 | 19.05.24 8:00 AM TO 3:00 PM | 20-BARKTHA 21-BARHI | NODAL OFFICER | RAKESH KUMAR | BEEO | CHOUPARAN | 8789270105 |
| | | | POLLING OFFICER 1 | BASUDEO PRASAD | PARA TEACHER | MIDDLE SCHOOL SILWAR KHURD, HAZARIBAGH, 412-27 | 6207052170 |
| | | | POLLING OFFICER 2 | SANJAY KUMAR | PARA TEACHER | UPG M.S. CHURCHU, HAZARIBAGH, 412-16 | 7368023022 |
| | | | POLLING OFFICER 3 | DHIRENDRA KUMAR | PARA TEACHER | UPG HIGH SCHOOL HUPAD, HAZARIBAGH, 412-56 | 8825281787 |
| | | | RESERVE | AKHILESH NARAYAN | PARA TEACHER | UPG M.S. DUMAR, HAZARIBAGH, 412-34 | 7903140276 |
| बिनोबा भावे विश्वविधालय, हजारीबाग के बहुउददशीय भवन, केन्द्र संख्या 2 | 19.05.24 8:00 AM TO 3:00 PM | 22-BARKAGAON 24-MANDU | NODAL OFFICER | ANIL KUMAR RANJAN | LABOUR SUPRIDTENT | HAZARIBAG | 8083315703 |
| | | | POLLING OFFICER 1 | JALESHWAR RANA | PARA TEACHER | UPG M.S. DUMAR, HAZARIBAGH, 412-34 | 6299713387 |
| | | | POLLING OFFICER 2 | AWADHESH KR.MEHTA | PARA TEACHER | UPG M.S. DUMAR, HAZARIBAGH, 412-34 | 9431976712 |
| | | | POLLING OFFICER 3 | AVINASH KR. SINGH | PARA TEACHER | UPG M.S. BANAHAPPA, HAZARIBAGH, 412-32 | 9931118138 |
| | | | RESERVE | PURENDRA KUMAR | PARA TEACHER | MIDDLE SCHOOL NAGWAN, HAZARIBAGH, 412-15 | 7739345779 |
| बिनोबा भावे विश्वविधालय, हजारीबाग के बहुउददशीय भवन, केन्द्र संख्या 3 | 19.05.24 8:00 AM TO 3:00 PM | 25 HAZARIBAG OTHER DISTRICT | NODAL OFFICER | JAYANT TIWARI | PRO. EX MAGISTRATE | DC OFFICE HAZARIBAG | 8210284215 |
| | | | POLLING OFFICER 1 | PRAKASH SHARMA | PARA TEACHER | UPG HIGH SCHOOL SARAUNI, HAZARIBAGH, 412-64 | 8294056172 |
| | | | POLLING OFFICER 2 | MAHESH PRASAD | PARA TEACHER | UPG HIGH SCHOOL SARAUNI, HAZARIBAGH, 412-64 | 6299085697 |
| | | | POLLING OFFICER 3 | SACHIT KUMAR | PARA TEACHER | UPG.HIGH SCHOOL MORANGI, HAZARIBAGH, 412-58 | 9973283109 |
| | | | RESERVE | KUNJLAL GOPE | PARA TEACHER | PRIMARY SCHOOL MATWARI (HINDI), HZB 412-69 | 9123149875 |
| संत कोलम्बस महाविधालय के व्यावसायिक भवन एवं इग्नु सेंटर, केन्द्र संख्या 01 | 19.05.24 8:00 AM TO 3:00 PM | 20-BARKTHA 21-BARHI | NODAL OFFICER | RAMA PATHAK | BEEO KATKAMDAG | BEEO KATKAMDAG | 72579429189 |
| | | | POLLING OFFICER 1 | UMESH KUMAR MEHTA | PARA TEACHER | PRIMARY SCHOOL SEKHA, HAZARIBAGH, 412-22 | 9507559723 |
| | | | POLLING OFFICER 2 | SHIV KUMAR SINGH | PARA TEACHER | PRIMARY SCHOOL HUTPA, HAZARIBAGH, 412-33 | 9934125186 |
| | | | POLLING OFFICER 3 | RAKESH KUMAR | PARA TEACHER | PRIMARY SCHOOL HUTPA, HAZARIBAGH, 412-33 | 8084361449 |
| | | | RESERVE | DILIP RAM | PARA TEACHER | PRIMARY SCHOOL GURHET, HAZARIBAGH, 412-37 | 9931568611 |
| संत कोलम्बस महाविधालय के व्यावसायिक भवन एवं इग्नु सेंटर, केन्द्र संख्या 02 | 19.05.24 8:00 AM TO 3:00 PM | 22-BARKAGAON 24-MANDU | NODAL OFFICER | SHAIL BALA | CDPO SADAR | CDPO SADAR RULAR | 9470931576 |
| | | | POLLING OFFICER 1 | SANTOSH KUMAR RAVIDAS | PARA TEACHER | GIRLS PRIMARY SCHOOL LAKHE, HAZARIBAGH, 412-10 | 7635080905 |
| | | | POLLING OFFICER 2 | MANOJ KUMAR | PARA TEACHER | UPG P.S. MANDAIKHURD BHUIYATOLI, HZB 412 - 14 | 9304142327 |
| | | | POLLING OFFICER 3 | SHANKAR KUMAR RAM | PARA TEACHER | UPG P.S. GURWA, HAZARIBAGH, 412-42 | 9939507276 |
| | | | RESERVE | JITENDRA KUMAR RAM | PARA TEACHER | UPG P.S. CHAYA, HAZARIBAGH, 412-31 | 8538925242 |
| संत कोलम्बस महाविधालय के व्यावसायिक भवन एवं इग्नु सेंटर, केन्द्र संख्या 03 | 19.05.24 8:00 AM TO 3:00 PM | 25 HAZARIBAG OTHER DISTRICT | NODAL OFFICER | REKAH RANI | CDPO SADAR | CDPO SADAR URBAN, HAZARIBAG | 9934203884 |
| | | | POLLING OFFICER 1 | SATENDRA KUMAR | PARA TEACHER | UPG P.S. CHANO-II, HAZARIBAGH, 412-06 | 6201473129 |
| | | | POLLING OFFICER 2 | ARVIND KR.SINGH | PARA TEACHER | UPG P.S. MARIAMTOLA, HAZARIBAGH, 412-77 | 8709635485 |
| | | | POLLING OFFICER 3 | PRADEEP KUMAR RANA | PARA TEACHER | UPG P.S. CHUTIARO, HAZARIBAGH, 412-35 | 9955008590 |
| | | | RESERVE | RAVINDRA RAM | PARA TEACHER | UPG P.S. BHELWATAR, HAZARIBAGH, 412-20 | 6202622112 |

उक्त केन्द्रों पर पोस्टल बैलेट से मतदान कराये जाने हेतु अधोहस्ताक्षरी के आदेश ज्ञापांक 185 दिनांक 04.05.2024 द्वारा Facilitation Centre Incharge को प्रतिनियुक्त किया गया है साथ ही कार्मिक कोषांग के पत्र संख्या 190 दिनांक 07.05.2024 द्वारा निम्नांकित तीन पदाधिकारियों को पोस्टल बैलेट-सह-मतपत्र कोशांग में भी प्रतिनियुक्त किया गया है। इन पदाधिकारियों को दिनांक 19.05.2024 को निम्नवत क्पेचंजबी बमदजतम पर प्रतिनियुक्त किया जाता है तथा निदेश दिया जाता है कि अपने आवंटित Facilitation Centre पर उपस्थित होकर संबंधित Facilitation Centre Incharge को आवश्यक सहयोग प्रदान करते हुए Annexure 13 A को सत्यापित करने का कार्य करेंगें।

| क0 | पदाधिकारी का नाम | पदनाम | संबंधित कार्यालय का नाम | क्पेचंजबी बमदजतम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती विजया लक्ष्मी | अवर विधालय निरीक्षक। | अवर विधालय निरीक्षक, नगरपालिका, हजारीबाग | बिनोबा भावे विश्वविधालय, हजारीबाग। |
| 2 | श्री राजेश प्रसाद शाह | सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, हजारीबाग | सहायक निबंधक सहयोग समितियॉं, हजारीबाग। | संत कोलम्बस कॉलेज, हजारीबाग। |

PR 324864 Election(24-25)#D

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, हजारीबाग

# लक्ष्मण सिंह ने कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** वरिष्ठ भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कोडरमा लोकसभा के धनवार के ओरखार, वेनूसारण, रोसकेडीह, हेमरोडीह, बोधगो कई गांव में जनसंपर्क चलाया। लक्ष्मण सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हुए विकास से जनता खुश है। नरेंद्र मोदी ने देश के कोने कोने तक विकास किया है। घरेलू माताओं को धुआं धक्कड़ से बचाने हेतु उज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया। गरीबों को राशन, विधवा और वृद्ध को पेंशन दी। विदेश में भी भारत का मान-समान बढ़ाया। आगामी 20 मई को कमल फूल पर जनता वोट कर भारी मतों से कोडरमा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को विजय बनायेगी। उन्होंने लोगों से पीएम मोदी के हाथ को मजबूत करने की अपील की। इस दौरान पंकज सिंह, अशोक राय, हेमरोडीह मुखिया राजेंद्र यादव विनोद यादव आदि कार्यकर्ता एवं जनसमूह मौजूद रहा।

## आइओबी का जल छत्र कार्यक्रम का आयोजन



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** इंडियन ओवरसीज बैंक (आइओबी), ब्रह्मपुर क्षेत्र ने गजपति नगर शाखा में जल छत्र कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार और अन्य अधिकारी शामिल हुए। जल छत्र पहल का उद्देश्य लोगों को पीने के पानी की सुविधा प्रदान करना है। इस पहल के बारे में बताते हुए, मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार ने कहा कि हमारी जल छत्र पहल उन समुदायों की सेवा करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है, जहां हम काम करते हैं। तापमान बढ़ने के साथ, उन लोगों को राहत प्रदान करना महत्वपूर्ण है, जो गर्मी से सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। हमें उम्मीद है कि इस छोटे सी कोशिश से उनके दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव आयेगा। जल छत्र पहल आइओबी के व्यापक कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम का हिस्सा है, जो पर्यावरणीय स्थिरता, सामुदायिक कल्याण और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर केंद्रित है।













## राहुल के खटाखट वाले बयान पर पीएम का तंज, बोले

# 4 जून के बाद बलि के बकरे को खोजा जायेगा : मोदी

- शहजादे विदेश चले जायेंगे



आजाद सिपाही संवाददाता

**आजमगढ़/जौनपुर/प्रतापढ़/भदोही:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को यूपी में 4 चुनावी रैली की। प्रतापगढ़ में उन्होंने राहुल गांधी के खटाखट वाले बयान पर तंज कसा। कहा- शहजादों (राहुल-अखिलेश) को न मेहनत की आदत है और न ही नतीजे लाने की, इसलिए ये कहते हैं देश का विकास अपने आप होगा। देश का विकास खटाखट होगा। उन्होंने कहा- ये सोचते हैं कि भारत आत्मनिर्भर अपने आप बन जायेगा और पूछो तो कहते हैं- खटाखट-खटाखट। 4 जून के बाद इंडी गठबंधन टूट कर बिखर जायेगा। खटाखट-खटाखट। बलि के बकरे को खोजा जायेगा। खटाखट-खटाखट। शहजादे चाहे लखनऊ वाले हों या दिल्ली वाले, गर्मी की छुट्टियों पर विदेश निकल जायेंगे- खटाखट- खटाखट।

दरअसल, 3 दिन पहले राहुल ने झांसी में कहा था- महिलाओं के खाते में हर साल 1 लाख भेजे जायेंगे। यानी महीने 8500 रुपया खाते में खटाखट-खटाखट जायेगा।

**पीएम ने कहा- सपा-कांग्रेस दो दल, लेकिन दुकान एक :** पीएम ने कहा- सपा और कांग्रेस दो दल, लेकिन दुकान एक ही है। ये झूठ, तुष्टिकरण, परिवारवाद और भ्रष्टाचार का सामान बेचते हैं। सपा के शीर्ष नेता राम मंदिर को लेकर आये दिन घटिया बातें कर रहे हैं। अखिलेश अपने आपको यदुवंशी कहते हैं। अरे तुम कैसे यदुवंशी हो यार, जिसके साथ बैठते हो उसने राम मंदिर को गालियां देने का मिशन चला रखा है।

**मेरे पास खुद का घर तक नहीं :** पीएम ने कहा- मेरे पास अभी भी खुद का घर तक नहीं है। 4 दीवारें मेरे नाम की नहीं हैं, लेकिन मैंने 4 करोड़ गरीब परिवारों के लिए घर बनाये। सपा-कांग्रेस का खेल खतरनाक है। ये यहां आपसे वोट मांग रहे हैं। दक्षिण में जाकर उत्तर प्रदेश के लोगों को अपमानित करते हैं। अनाप-शनाप बोलते हैं।

# खल्लीकोट हिंसा : पुलिस ने किया लाठीचार्ज

- पुलिस स्टेशन के 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** खल्लीकोट हिंसा को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। बुधवार की घटना पर जब पुलिस ने आठ आरोपी को लेकर थाने जा रही थी, तो लोगों ने पुलिस की गाड़ी को घेर लिया और उन पर पथराव और बोतलों से हमला किया। इस में पुलिस वैन का शीशा टूट गया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी लाठी चार्ज किया। इससे तनाव की स्थिति पैदा हो गयी है। तनाव को देखते हुए खल्लीकोट पुलिस स्टेशन के 100 मीटर के भीतर धारा 144 लगा दी गयी है। खल्लीकोट हिंसा की घटना को लेकर तनाव जारी है। पुलिस ने घटना के सिलसिले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। इस बीच, मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने खल्लीकोट में चुनाव पूर्व हिंसा पर चिंता व्यक्त की। राज्य में हिंसा बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सीइओ ने गंजाम जिला कलेक्टर और एसपी को गंजाम में हिंसा को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया।

जानकारी के अनुसार च्चुनाव प्रचार के लिए पोस्टर लगाने को लेकर बुधवार रात गंजाम जिले के खल्लीकोट पुलिस सीमा के अंतर्गत श्रीकृष्णशरणपुर गांव में बीजद और भाजपा पार्टी के बीच झड़प में एक भाजपा कार्यकर्ता की मौत हो गयी, जबकि सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतक की पहचान दिलीप पाहन के रूप में की गयी है। घटना से नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को थाना का घेराव किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। जब पुलिस आठ गिरफ्तार आरोपियों को अदालत ले जा रही थी, तो गुस्साये स्थानीय लोगों ने पुलिस वाहन पर पथराव और पानी की बोतलें फेंकी। पथराव में गाड़ी का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी लाठी चार्ज किया।

# एम्स, भुवनेश्वर में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एम्स भुवनेश्वर ने आज जन जागरूकता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के साथ राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया, जिसका उद्देश्य जनता को डेंगू से निपटने के लिए निवारक उपायों के बारे में शिक्षित करना है। डेंगू और वेक्टर-जनित रोगों के अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ और एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष बिस्वास ने विशेष रूप से मानसून के मौसम की शुरूआत के साथ, मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए घरों और आसपास को साफ रखने और जल संचय से मुक्त रखने के महत्व पर जोर दिया।

डॉ. बिस्वास ने कहा कि लार्वा रुके हुए या साफ पानी में लंबे समय तक जीवित रह सकते हैं। मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए साफ-सफाई बनाए रखना और पानी के ठहराव को खत्म करना महत्वपूर्ण है। मानसून के दौरान, मच्छरदानी का उपयोग, मच्छर भगाने वाली क्रीम और पूरी आस्तीन के कपड़े पहनने जैसे निवारक उपाय अपनाएं। मच्छरों के काटने से बचने के लिए ये आवश्यक हैं।

एम्स भुवनेश्वर के जनरल मेडिसिन विभाग ने ओपीडी फोयर में एक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। बीमारी और इसकी रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए डेंगू पर सार्वजनिक सूचना सामग्री वितरित की गयी। डेंगू, एक मच्छर जनित वायरल संक्रमण, महत्वपूर्ण लक्षण और गंभीर जटिलताएं पैदा कर सकता है।

कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक प्रो आशुतोष विश्वास, चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिलीप कुमार परिदा और डीडीए लेफ्टिनेंट कर्नल अभिजीत सरकार की उपस्थिति रही। इसके अलावा, जनरल मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ अनुपम डे, संकाय सदस्य डॉ रश्मी रंजन मोहंती, डॉ देबानंद साहू और डॉ श्रीकांत बेहरा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में बाल रोग विभाग से डॉ रश्मि आर दास और सीएमएफएम विभाग से डॉ अरविंद सिंह सहित संकाय सदस्यों ने भी भाग लिया।

आयोजन के दौरान, विशेषज्ञों ने डेंगू के सार्वजनिक स्वास्थ्य महत्व, महामारी विज्ञान के जोखिम और निवारक उपायों को अपनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने वयस्कों और बच्चों दोनों में डेंगू के नैदानिक निदान और उपचार के बारे में भी जानकारी प्रदान की।

## जिंदल स्टेनलेस ने वित्तीय परिणाम घोषित किये

# बिक्री 21,74,610 टन और शुद्ध आय 38,356 करोड़



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) के निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही और वित्त वर्ष के वित्तीय परिणामों की घोषणा गुरुवार को की। कंपनी ने 21,74,610 टन की बिक्री की, जो वित्त वर्ष 2023 की तुलना में 23% अधिक है। एकल आधार पर, शुद्ध आय पिछले वर्ष की तुलना में 9% वृद्धि के साथ 38,356 करोड़ रही। वित्त वर्ष 2024 में एबिट्डा 4,036 करोड़ रुपये और पश्चात एकल मुनाफा 2,531 करोड़ दर्ज किये गये, जिनमें पिछले वर्ष की तुलना में क्रमशः 13% और 26% वृद्धि हुई है। गति शक्ति जैसी विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर सरकार के जोर के कारण, स्टेनलेस स्टील की मांग पूरी तिमाही में लगातार बढ़ी है। ऑटोमोबाइल, वैगन, कोच, मेट्रो, पाइप और ट्यूब व अन्य क्षेत्रों में बिक्री काफी अच्छी रही। राठी सुपर स्टील लिमिटेड सुविधा से टीएमटी सरिया के उत्पादन में तेजी आयी और कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 में 3,000 टन से अधिक स्टेनलेस स्टील सरिया का उत्पादन किया। जिंदल स्टेनलेस के निदेशक मंडल ने शेयरधारकों की मंजूरी के तहत वित्त वर्ष 2024 के लिए 2 रुपये की दर से अंतिम लाभांश भुगतान की अनुशंसा की, जिससे कुल लाभांश भुगतान 3 रुपये यानी 2 रुपये के अंकित मूल्य के साथ प्रति इक्विटी शेयर 150% हो गया। 31 मार्च, 2024 को शुद्ध ऋण 2,418 करोड़ रुपये रहा, जो पिछली तिमाही की तुलना में 22% कम है। इससे इक्विटी के मुकाबले शुद्ध ऋण अनुपात में सुधार हुआ, जो 0.18 दर्ज किया गया। निरंतर और मजबूत घरेलू मांग के चलते, वित्तवर्ष 2024 की चौथी तिमाही में बिक्री बढ़ कर 5,70,362 टन हो गयी, जो पिछले साल की तुलना में 12% अधिक है, यह किसी भी तिमाही में अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। शुद्ध आय मामूली रूप से बढ़कर 9,521 करोड़ होगई, एबिट्डा और कर पश्चात एकल मुनाफा में क्रमशः 25% और 28% की गिरावट दर्ज की गयी। निकेल की लगातार गिरती कीमतों के कारण नेगेटिव इन्वेंट्री वैल्यूएशन के चलते मार्जिन पर दबाव बना हुआ है। यूरोप और अमेरिका जैसे प्रमुख निर्यात बाजार में भी कारोबार हल्का रहा। तिमाही के दौरान लाल सागर संकट के कारण समुद्री माल ढुलाई में भारी वृद्धि हुई और कंटेनरों की उपलब्धता बाधित होने के परिणामस्वरूप मार्जिन कम हो गया। कंपनी के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि पिछला वित्तीय वर्ष उत्साहजनक रहा है। भारत के विकास के मार्ग पर मजबूती से आगे बढ़ते हुए हम अपने विकास अनुमानों पर खरे उतरे हैं और हाल ही में हमने अपनी विस्तार योजनाओं में एक नया अध्याय जोड़ा है।

## केरल में समय से पहले दस्तक देगा मॉनसून

**नयी दिल्ली।** भारत के मौसम विभाग के मुताबिक, मॉनसून इस साल समय से पहले दस्तक देने वाला है। इस बार दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के 31 मई तक केरल पहुंच जाने की उम्मीद है।

# सोआ ग्रीष्मकालीन शिविर का विस्तार किया जायेगा : शाश्वती



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान स्कूली छात्रों को खेल के क्षेत्र में और अधिक प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शिक्षा एवं अनुसंधान (सोआ) द्वारा भुवनेश्वर में आयोजित 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का बुधवार को समापन हुआ। जब 6 मई को सोआ कैंपस-2 स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ किया गया, तो परिसर के पांच किलोमीटर के भीतर विभिन्न स्कूलों के पांचवीं से दसवीं कक्षा के बीच पढ़ने वाले लगभग 160 छात्रों ने इस शिविर में भाग लिया। उदजापनी कार्यक्रम में सोआ उपाध्यक्ष शाश्वती दास ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और छात्रों का उत्साहिट किया। खेल विद्यार्थी जीवन का अभिन्न अंग है। इस शिविर से निश्चित ही बच्चों को लाभ होगा। सुश्री दास ने कहा कि विश्वविद्यालय आने वाले दिनों में इस शिविर को और व्यापक रूप से आयोजित करने पर विचार कर रहा है। सोआ द्वारा विद्यार्थियों के शारीरिक एवं बौद्धिक विकास के लिए यह शिविर 4 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है ।

सुश्री दास ने शिविर में भाग लेने वाले छात्रों, उनके अभिभावकों और विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों को धन्यवाद दिया। शिविर में शामिल विद्यार्थियों को वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, टेनिस, क्रिकेट, खोखो, कबड्डी और शतरंज का प्रशिक्षण दिया गया। इस साल पहली बार शतरंज को इस कैंप में शामिल किया गया। इस अवसर पर सोआ के छात्र कल्याण विभाग के डीन प्रो. ज्योति रंजन दास ने कहा कि आने वाले दिनों में इस ग्रीष्मकालीन शिविर में छात्रों की संख्या बढ़ाकर 500 करने की योजना है।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**